

20:06:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 167 | epaper.rashtriyakhabar.com | आषाढ़, शुक्लपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

क्षीयन्ते सर्वदानानि यज्ञहोमबलिक्रियाः।
न क्षीयते पात्रदानमभयं सर्वदेहिनकम्॥

**भावार्थ** : सभी प्रकार के अन्न, जल, वस्त्र, भूमिदान आदि, सभी प्रकार के ब्रह्म यज्ञ, देव यज्ञ और बलि यज्ञ आदि सभी कर्म नष्ट हो जाते हैं अर्थात् यह सभी वस्तुएं नष्ट होनेवाली हैं, परंतु सुपात्र व्यक्ति को दिया हुआ दान आदि प्राणिमात्र को दिया गया अभयदान कभी भी नष्ट नहीं होता।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 37.00 °c | 27.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.37 बजे

सूर्योदय (कल) » 05.02 बजे

## वायु सेना का हेलीकॉप्टर करेगा अमरनाथ गुफा की निगरानी

**जम्मू:** भारतीय वायु सेना का हेलीकॉप्टर पहली बार एक जुलाई से 30 अगस्त (62 दिन) रक्षाबंधन तक चलने वाली इस वार्षिक यात्रा के दौरान श्री अमरनाथ गुफा मंदिर की निगरानी करेगा। आधिकारिक सूत्रों यहां बताया कि चूंकि यात्रा के दौरान त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है, भारतीय वायु सेना (आईएएफ) पहली बार किसी भी आपात स्थिति में बचाव तंत्र के रूप में कार्य करने के अलावा सुरक्षा क्षेत्र को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सूत्रों ने बताया कि यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ के मद्देनजर प्रशासन ने बुनियादी सुविधाओं, कड़ी सुरक्षा सहित पर्याप्त व्यवस्था की है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार देश भर से ढाई लाख से अधिक तीर्थयात्री अब तक यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करा चुके हैं। शुक्रवार से हेलीकॉप्टर की ऑनलाइन बुकिंग भी शुरू हो गई है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा, भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर इस साल श्री अमरनाथ यात्रा की तीर्थयात्रा को पूरी तरह से सुरक्षित और सुचारू बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## रवि सिन्हा रॉ प्रमुख नियुक्त

**नयी दिल्ली:** भारतीय पुलिस सेवा के छत्तीसगढ कैडर के अधिकारी रवि सिन्हा को खुफिया एजेन्सी अनुसंधान एवं विश्लेषण शाखा (रॉ) का प्रमुख नियुक्त किया गया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने श्री सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है और उनका कार्यकाल कार्यभार संभालन के बाद दो वर्ष तक या अगले आदेश तक रहेगा। श्री सिन्हा को मौजूदा रॉ प्रमुख सामंत कुमार गोयल के स्थान पर इस पद पर नियुक्त किया गया है। श्री सामंत आगामी 30 जून को सेवानिवृत हो रहे हैं।

## जेलेंस्की ने सुनक के मां की बनायी बर्फी खायी

**लंदन:** यूके के पहले एशियाई मूल और हिंदू प्रीमियर सुनक ने इंस्टाग्राम पर जाकर जेलेंस्की के बर्फी खाने का एक वीडियो साझा किया, जिसे उन्होंने कहा, उनकी मां ने बनाया था। कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद ने वीडियो को कैप्शन दिया, ऐसा हर रोज नहीं होता है कि कोई राष्ट्राध्यक्ष आपकी मां की घर की बनी मिठाई की कोशिश करता है। वीडियो में सुनक एक इंटरव्यूअर से बात करते नजर आ रहे हैं। 43 वर्षीय ने कहा कि वह हाल ही में अपनी मां से मिलने के लिए अपने गृहनगर साउथेम्प्टन गए थे, जो शहर में एक फामेर्सी चलाती हैं। मेरी मां के पास कुछ भारतीय मिठाइयाँ थीं जो वह मुझे देना चाहती थीं जो उन्होंने बनाई थीं, जिन्हें बर्फी कहा जाता है। मैंने उसके बाद सोमवार को राष्ट्रपति जेलेंस्की को देखा, और वह और मैं बातें कर रहे थे, और वह भूखे थे। इसलिए मैंने वास्तव में उन्हें अपनी मां की बर्फी में से कुछ दिया। सुनक ने कहा, उनकी मां खुश और इससे रोमांचित थीं।

## श्रीलंका बंदरगाह पर भारतीय पनडुब्बी और पाकिस्तानी जहाज

**कोलंबो:** भारतीय नौसेना की पनडुब्बी 'वागीर', भारतीय नौसेना की नवीनतम स्वदेशी कलवरी-श्रेणी की पनडुब्बी, ने 19 जून को श्रीलंका की अपनी चार दिवसीय यात्रा शुरू की, उसी समय एक पाकिस्तानी नौसैनिक जहाज यहां रुका। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि उसकी परिचालन यात्रा ग्लोबल ओशन रिंग की थीम के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के नौवें संस्करण के लिए है। भारतीय नौसेना पनडुब्बी के कमांडिंग ऑफिसर, कमांडर दिवाकर. एस पश्चिमी नौसेना क्षेत्र के कमांडर, रियर एडमिरल सुरेश डी सिल्वा से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा, पनडुब्बी के दौरे के दौरान, जहाज आगंतुकों और स्कूली बच्चों के लिए खुला रहेगा। भारतीय उच्चायोग ने स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र के समन्वय से 21 जून 2023 को आईडीवाई मनाने के लिए कोलंबो बंदरगाह पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया है, जिसमें भारतीय और श्रीलंका नौसेनाओं के वरिष्ठ रक्षा पदानुक्रम और कर्मियों की भागीदारी होगी। प्रेस विज्ञप्ति। भारतीय नौसैनिक जहाज दिल्ली, सुकन्या, किल्टन और सावित्री इससे पहले कोलंबो का दौरा कर चुके हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**नेतृत्व** › भारतीय प्रधानमंत्री के पहुंचने के पहले ही अमेरिका का माहौल बदला

# पहली राजकीय यात्रा होगी मोदी की : विदेश सचिव

- कई व्यापार समझौते भी होंगे दौरे में
- योग दिवस का नेतृत्व करेंगे न्यूयार्क में
- अमेरिकी कांग्रेस को दो बार संबोधित करेंगे



**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अमेरिका और मिस्र की पांच दिन की यात्रा पर जाएंगे और वह 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने आज यहां संवाददाताओं को प्रधानमंत्री की 20 जून से 25 जून तक दो देशों की यात्रा की जानकारी देते हुए कहा, यह प्रधान मंत्री की अमेरिका की पहली आधिकारिक राजकीय यात्रा होगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ बिडेन और प्रथम महिला डॉ. जिल बिडेन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री अमेरिका यात्रा 21 जून से 23 जून तक होगी। इस यात्रा की शुरुआत न्यूयॉर्क से शुरू होगी, जहां श्री मोदी 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2014 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित करने के लिए एक प्रस्ताव अपनाया था। श्री क्वात्रा ने कहा कि इसके बाद प्रधानमंत्री 21 जून की शाम को वाशिंगटन जाएंगे, जहां उनकी राष्ट्रपति बिडेन से निजी मुलाकात होगी। अगले दिन 22 जून को श्री मोदी एवं राष्ट्रपति बिडेन के बीच औपचारिक द्विपक्षीय बैठक होगी और इससे पहले व्हाइट हाउस में श्री मोदी का समारोह पूर्वक स्वागत किया जाएगा। इसी दिन प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैकार्थी और सीनेट के अध्यक्ष चार्ल्स शूमर के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। राष्ट्रपति बिडेन और प्रथम महिला डॉ. जिल बिडेन उसी शाम प्रधानमंत्री के सम्मान में राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। विदेश सचिव ने कहा कि 23 जून को प्रधानमंत्री चुनींदा शीर्ष कारोबारी सीईओ से भेंट करेंगे। दोपहर में अमेरिकी उप राष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री एंटनी बिल्केन संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री के सम्मान में दोपहर के भोजन की मेजबानी करेंगे। इसके बाद श्री मोदी भारतीय समुदाय के लोगों के साथ संवाद करेंगे और फिर मिस्र के लिए रवाना हो जाएंगे। श्री क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री अमेरिका की यात्रा के बाद में 24-25 जून को मिस्र की यात्रा पर काहिरा में रहेंगे। यह यात्रा मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्तह अल-सिसी के निमंत्रण पर हो रही है जिन्होंने जनवरी 2023 में गणतंत्र दिवस समारोह में 'मुख्य अतिथि' के रूप में भाग लिया था। यह प्रधानमंत्री की मिस्र की पहली यात्रा होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति सिसी के साथ बैठक के अलावा, प्रधानमंत्री के मिस्र सरकार के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों, मिस्र की कुछ प्रमुख हस्तियों के साथ-साथ मिस्र में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करने की संभावना है। भारत और मिस्र के बीच संबंध प्राचीन व्यापार और आर्थिक संबंधों के साथ-साथ सांस्कृतिक और लोगों से लोगों

» पेज 2 भी देखें

घर की छत पर ही खड़ी कर दी अपनी दो कारों को

## रोज रोज पार्किंग की समस्या से नाराज था शख्स



- पार्किंग की समस्या अब बहुत बड़ी हो गयी
- अक्सर ही लोग इस समस्या से जूझते रहते हैं
- छत पर कार कैसे ले गया, यह पता नहीं चला है

**राष्ट्रीय खबर**

**ताइपे:** पार्किंग की समस्या के चलते शख्स दो कार घर की छत पर छोड़ गया है। अपने घर के सामने दो कार खड़ी करने के लिए उन्हें कई बार जुमार्ना भरना पड़ा। अंत में, कोई रास्ता नहीं मिलने पर, उसने दोनों कारों को अपार्टमेंट की छत पर पार्क कर दिया। लेकिन उसने वो दो कारें घर की छत पर कैसे पहुंचाईं और कैसे उसने दोनों कारों को छत से उतारा, ये दो सवाल अब तक अनुत्तरित है। वहां वाकई कार पार्किंग इन दिनों एक बड़ी समस्या है। बहुत से लोग घर के पास पार्किंग की जगह खोजने के लिए संघर्ष करते हैं। हालांकि कार पार्किंग (कार पार्किंग) करते समय ताइवान (ताइवान) का एक व्यक्ति ऐसी घटना करता नजर आया है, जिसे देखकर आप चौंक सकते हैं। कुछ दिन पहले गलत जगह पार्किंग करने पर उन पर भारी जुमार्ना भी लगाया गया था। दरअसल शख्स ने अपने घर के नीचे थोड़ी सी जगह ले रखी थी। साथ की कार वहीं छूट गई। जब भी उस पर जुमार्ना लगाया गया, वह वही गलती दोहराता रहा। उसने वह चरम निर्णय लिया क्योंकि उसने गलतियों को दोहराने और जुमार्ना देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद ही सोशल मीडिया पर दो तस्वीरें वायरल हुई हैं। उनमें से एक अपार्टमेंट की छत से लटका

» पेज 2 भी देखें

असम में 134 यात्रियों को ले जा रही फेरी लापता

## माजुली ब्रह्मपुत्र नदी के रास्ते में बड़ा हादसा होने की आशंका



- नदी पर उस समय घना कोहरा था
- सूचना मिलते ही एनडीआरएफ सक्रिय
- एक मेडिकल टीम को भी बचाया गया है

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** असम में माजुली ब्रह्मपुत्र नदी के रास्ते में 134 यात्रियों को लेकर जा रही एक नौका आज लापता हो गई है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि माजुली जा रही एमवी लोहित नौका असम में ब्रह्मपुत्र नदी के बीच में लापता हो गई।

जानकारी के मुताबिक, नाव जोरहाट के निमाटी घाट से कमलाबाड़ी, माजुली जा रही थी। 134 यात्रियों और 32 बाइकों को लेकर नौका दोपहर करीब डेढ़ बजे निमाटी घाट से रवाना हुई, लेकिन माना जा रहा है कि घने कोहरे के कारण यह गुम हो गई।नाव पर सवार लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं समय के साथ बढ़ती जा रही हैं। इस बीच, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) ने कमलाबाड़ी से खोज और बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने लापता जहाज और उसके यात्रियों की तलाश तेज कर दी है और उन्हें खोजने के प्रयास किए जा रहे हैं। दूसरी ओर, असम के डिब्रूगढ़ में ब्रह्मपुत्र सैंडबार से 11 सदस्यीय मेडिकल टीम को बचाया गया। चालक दल को एनडीआरएफ और एसडीआरएफ कर्मियों द्वारा सुरक्षित रूप से डिब्रूगढ़ लौटा दिया गया। चिकित्सकों, नर्सों, प्रयोगशाला तकनीशियनों और अन्य कर्मियों की टीम ने लगभग 1,000 व्यक्तियों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए लगभग पांच दिन पहले चरखोलिया सपोरी (सैंडबार) की यात्रा की थी। धिकारियों के अनुसार, उन्हें ले जा रही नाव रविवार शाम को लौटते समय

» पेज 2 भी देखें

गुरु ग्रह पर बिजली की चमक देख खगोल वैज्ञानिक हैरान हुए

## वहां के उत्तरी ध्रुव पर अचानक ऐसी चमक दिखी



**वाशिंगटन:** नासा ने गुरु ग्रह पर बिजली कड़कने की एक तस्वीर जारी की है। इसके साथ यह बताया गया है कि नासा का जूनो अंतरिक्ष यान 2016 से बृहस्पति की परिक्रमा कर रहा है। 2020 में, उनके कैमरे ने बृहस्पति के बिजली गिरने के क्षण को कैद कर लिया। हाल ही में नासा ने इसका खुलासा किया है। हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति को लेकर अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की उत्सुकता का कोई अंत नहीं है। इस ग्रह का निरीक्षण करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी (नासा) द्वारा भेजे गए अंतरिक्ष यान को जूनो कहा जाता है। जूनो के कैमरे ने बृहस्पति पर बिजली गिरने की नई तस्वीर ली। नासा ने हाल ही में जूनो के कैमरे से ली गई एक पुरानी तस्वीर शेयर की है। उनके द्वारा जारी की गई छवि गोलाकार ग्रह के शीर्ष पर प्रकाश की एक छोटी हरी बिंदी दिखाती है। यह बृहस्पति की बिजली है, वैज्ञानिकों का दावा है। यह तस्वीर जूनो से 20 दिसंबर, 2020 को ली गई थी। नासा के वैज्ञानिक केविन एम. गिल ने पुराने डेटा को खंगालते हुए 2022 में इस तस्वीर की खोज की थी। यह हाल ही में प्रकाशित हुआ था। वैज्ञानिकों ने कहा कि जिस तरह पृथ्वी पर बिजली चमकती है, उसी तरह बृहस्पति पर इसके नियम थोड़े अलग हैं। पानी की बूँदें धरती पर जमा होकर बादल बनाती हैं। उस बादल में बिजली है। आमतौर पर बिजली पृथ्वी के विषुवतीय क्षेत्र में अधिक बार आती है। लेकिन बृहस्पति के मामले में ध्रुवों पर बिजली गिरती है। अमोनिया और पानी से बने बादलों में वज्रपात पैदा होते हैं। इसलिए बृहस्पति ग्रह की बिजली पृथ्वी से अलग है। जब नासा द्वारा साझा की गई तस्वीर ली गई थी, तब जूनो बृहस्पति की बादलों की परत से 19,900 मील ऊपर था। वैज्ञानिकों का दावा है कि उनके द्वारा खींची गई इस तस्वीर ने बृहस्पति के मौसम और प्रकृति के अध्ययन पर नई रोशनी डाली है। बृहस्पति मुख्य रूप से हाइड्रोजन और हीलियम गैसों से बना है। सूर्य से इस ग्रह की दूरी 88,850 मील है। नासा का जूनो अंतरिक्ष यान 2016 से इस ग्रह की परिक्रमा कर रहा है।

देश का पैसा लेकर विदेश भागने वालों की सूची एक और नाम आया

## इसरो को चूना लगाकर गया है रामचंद्रन विश्वनाथन

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्लीरू** देश का पैसा लेकर भाग जाने वाले कर्जदारों की सूची में हाल ही में एक और कर्जदार का नाम जुड़ गया है। करोड़ों रुपए उधार लिए। वह बिना भुगतान किए देश छोड़कर चला गया। विजय माल्या, मेहुल चोकसी, नीरव मोदी-सूची लंबी होती जाती है। इस लिस्ट में हाल ही में एक और कर्जदार का नाम जुड़ गया है। करोड़ों रुपए उधार लिए। वह बिना भुगतान किए देश छोड़कर चला गया।

आंकड़े कहते हैं कि 2015 से अब तक 72 कर्जदार देश छोड़कर जा चुके हैं। गुजरात के नितिन संदेसरा और उनके भाई चेतन कुमार उस सूची में हैं। अब वे नाइजीरिया में हैं। गौतम अडाणी के बड़े भाई विनोद अडानी के दामाद जतिन मेहता की अब वापसी हो गई है। इस बार फरारी की लिस्ट में रामचंद्रन विश्वनाथन का नाम आया है। वह देवास मल्टीमीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं। अब पता चला है कि भारत छोड़कर जाने के बाद विश्वनाथन एक अमेरिकी नागरिक हैं। 2004 में, देवास ने मल्टीमीडिया कंपनी बनाई। रामचंद्रन को देश के दूरस्थ क्षेत्रों में मल्टीमीडिया सेवाएं प्रदान करने के लिए इसरो के दो उपग्रहों का उपयोग करना था। उनकी कंपनी ने 2005 में इसरो के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। 2011 में, भारत सरकार ने उस समझौते को रद्द कर दिया। अंत में, 2021 में, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने उस कंपनी को बंद कर दिया। आरोप है कि रामचंद्रन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) से 579 करोड़ रुपये लेकर चंपत हो गया। नौ लोगों पर इसरो की वाणिज्यिक सहायक एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन से 579 करोड़ रुपये निकालने का आरोप लगाया गया है। उनमें से एक रामचंद्रन हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रामचंद्रन के खिलाफ रुपये के लिए मामला दर्ज किया। बेंगलुरु की विशेष अदालत ने उन्हें फरारी का आर्थिक अपराधी घोषित किया था। सीबीआई ने इस मामले में रामचंद्रन और अन्य आरोपियों के खिलाफ ईडी के समक्ष मामला भी दायर किया था। रामचंद्रन अभी अमेरिका में हैं। वहां उन्होंने वॉल स्ट्रीट जर्नल में एक विज्ञापन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और सरकारी अधिकारियों के खिलाफ शिकायत की थी। उनका दावा था कि सरकारी कर्मचारियों ने फजीर्वाड़ा के लिए संस्था का इस्तेमाल किया और बार-बार समन भेजने के बाद भी वह कोर्ट में पेश नहीं हुए। इसलिए, बैंगलोर की स्थानीय अदालत ने रामचंद्रन की वापसी की घोषणा की।

**चुनौती** › जेनेटिक एडिटिंग के प्रयोग से कृषि उपज बढ़ाने की दिशा में कमाल

# अब चावल खुद ही कीड़ों और बीमारियों से लड़ेगा

- कम उपज वाली प्रजाति के गुणों को देखा
- जीन एडिटिंग से दूसरी प्रजाति में गुण आये
- प्रयोग में यह प्रजाति भी बीमारी से लड़ सकी

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** दुनिया में हर किसी को भोजन उपलब्ध कराना एक चुनौती सी बनती जा रही है। खास तौर पर गरीब देश और प्रकृति के बदले तेवर की वजह से यह काम और कठिन होता जा रहा है।



जिन इलाकों में खेती होती है, वहां कभी कम तो कभी अधिक बारिश का प्रकोप है। इसके अलावा किसानों को अपनी पैदावार को सुरक्षित रखने के लिए लगातार कीटनाशकों का प्रयोग करना पड़ता है। यह कीटनाशक भी नये किस्म का खतरा पैदा करते हैं। अब कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, डेविस के शोधकताओं और वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने रोग प्रतिरोधी चावल के पौधे बनाने के लिए जीनोम-एडिटिंग टूल का

» पेज 2 भी देखें

### भोजन के लिहाज से चावल एक आवश्यक फसल है

दूसरी तरफ चीन में छोटे पैमाने पर क्षेत्र परीक्षणों से पता चला है कि एक नए खोजे गए जीन के जीनोम संपादन के माध्यम से विकसित की गई चावल की नई किस्म ने उच्च पैदावार और कवक के प्रतिरोध दोनों का प्रदर्शन किया जो वहां की एक प्रचलित बीमारी रही है। भोजन के लिहाज से चावल एक आवश्यक फसल है जो दुनिया की आधी आबादी को खिलाती है। इस अध्ययन के सह-प्रमुख लेखक गुओटियन ली ने शुरू में यूसी डेविस में पामेला रोनाल्ड की प्रयोगशाला में पोस्टडॉक्टरल विद्वान के रूप में काम करते हुए एक म्यूटेंट की खोज की, जिसे एक घाव मिमिक म्यूटेंट के रूप में जाना जाता है। रोनाल्ड प्लांट पैथोलॉजी विभाग और जीनोम सेंटर में सह-प्रमुख लेखक और प्रतिष्ठित प्रोफेसर हैं। रोनाल्ड ने कहा, यह काफी आगे का कदम है कि उनकी टीम इस जीन में सुधार करने में सक्षम थी, जिससे यह किसानों के लिए संभावित रूप से उपयोगी हो गया। खोज की जड़े रोनाल्ड की प्रयोगशाला में शुरू हुईं, जहां उन्होंने 3,200 अलग-अलग चावल के उपभेदों को बनाया और अनुक्रमित किया, जिनमें से प्रत्येक में विविध उत्परिवर्तन थे। इन उपभेदों में, गुओटियन ने इसकी पत्तियों पर काले धब्बे वाले एक की पहचान की।

केदारनाथ का सोना पीतल में कैसे बदला

## तीर्थ पुरोहित संतोष द्विवेदी ने वीडियो बनाकर लगाया आरोप

- मंदिर कमेटी ने विवाद पर सफाई पेश की
- आरोप है कि 125 करोड़ का घोटाला हुआ
- सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है मुद्दा

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** केदारनाथ के गर्भगृह की दीवारों पर पिछले साल सोने की परत लगाई गई थी। डोनेशन में मिले पैसों से ही वो काम किया गया था। लेकिन कुछ दिन पहले चारधाम महापंचायत के उपाध्यक्ष और



केदारनाथ के वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित आचार्य संतोष त्रिवेदी ने एक वीडियो बना आरोप लगाया कि मंदिर में लगा सोना पीतल में बदल गया है। जोर देकर कहा गया कि सोने की परत चढ़ाने के नाम पर 125 करोड़ का घोटाला कर दिया गया। अब इस आरोप पर बद्री-केदार मंदिर

» पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## बिना जागरुकता के बदलाव लाना संभव नहीं

रांची: सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों में बिना जागरुकता के बदलाव लाना संभव नहीं है। यह बातें पूर्व सांसद सह आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सेंगल सालखन मुर्मू ने कहीं। वे सोमवार को चक्रधरपुर के भारत भवन के समीप रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेंगेल ने 15 जून को भारत बंद को सफल बनाया, अब संताल हूल दिवस 30 जून को कोलकाता के बिग्रेड परेड मैदान में होने वाले सरना धर्म कोड जनसभा को सफल बनाना है। इसे लेकर जगह-जगह जाकर जन संपर्क किया जा रहा है।

समीक्षा

### मुख्यमंत्री ने की ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा, कहा

# कागजों पर नहीं धरातल पर दिखे कुआं

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** बिरसा सिंचाई कूप योजना में धरातल में कुंआ दिखे, कागजी खेल नहीं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उक्त बातें ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा इसमें लापरवाही ठीक नहीं। मालूम हो कि राज्य सरकार एवं मनरेगा के अभिसरण से बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत कुल एक लाख कूपों का निर्माण विभिन्न चरणों में किया जाना है। लेकिन मुख्यमंत्री इसके कार्य प्रगति को लेकर खुश नजर नहीं आए और जल्द से जल्द योजना का लाभ ग्रामीणों को देने का आदेश दिया है।

मालूम हो कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस योजना का शुभारंभ किया गया है, ताकि जल संरक्षण को बल मिल सके एवं वाटर हार्वेस्टिंग के प्रति लोगों में जागरूकता का संचार हो सके। भोजना के तहत प्रथम चरण में 30 एवम द्वितीय चरण में 70 हजार कूप का निर्माण किया जाना है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 50 हजार एवं 15 नवंबर 2024 तक शेष 50 हजार कूप का निर्माण कार्य पूर्ण करेगी।

योजना में बिरसा हरित ग्राम, कृषि कार्य से संबंधित लाभक, बाबा साहेब आंबेडकर आवास योजना के लाभार्थी को प्राथमिकता देने की योजना है। साथ ही, निर्मित कुओं की स्थिरता एवं उपयोगिता बनाए रखने के लिए कुआं के आसपास जल संचयन और जल एवं मृदा संरक्षण के कार्य बड़े पैमाने पर करने का निर्देश है। प्रथम चरण के अबतक 16936 कुआं की स्वीकृति मिल चुकी है, 3822 कुआं का निर्माण कार्य जारी है। सबसे अधिक गिरिडीह में 8386, रांची में 7314, पलामू के 6460, हजारीबाग में 5973, पश्चिमी सिंहभूम में 5212, दुमका में 5022, बोकारो के 4876, देवघर में 4729, गोड्डा में 4608, पूर्वी सिंहभूम में 4291, साहेबगंज में 3949, गुमला में 3876, धनबाद में 3901, चतरा में 3706, पाकुड़ में 3120, जामताड़ा में 2877, लातेहार में 2804, कोडरमा में 2560, रामगढ़ में 2438, सिमडेगा में 2292 और लोहरदगा में 1606 कुआं निर्माण लक्ष्य 15 नवंबर 2024 तक रखा गया है।

## भारत जोड़ो यात्रा का आज पुनः 19 जून को आयोजन



**रांची** : उलीहातू, खूंटी जिला स्थित भगवान बिरसा मुंडा जी के जन्मस्थल से रांची स्थित बापू वाटिका तक दो दिवसीय 53 किलोमीटर का भारत जोड़ो यात्रा का आज पुनः 19 जून को रांची स्थित भगवान बिरसा मुंडा जी के समाधि स्थल से झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर, युवा प्रदेश प्रभारी श्री शेषनारायण ओझा एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री अभिजीत राज के नेतृत्व में शुरू किया गया। यह भगवान बिरसा मुंडा जी का जन्म स्थली से बापू वाटिका तक 53 किलोमीटर का यात्रा आयोजित किया गया था।

# गिरिडीह से जेपी नड्डा करेंगे चुनावी शंखनाद

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 जून को गिरिडीह में जनसभा को संबोधित करेंगे। गिरिडीह के झंडा मैदान में बीजेपी अध्यक्ष के होने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश आज यानी 19 जून से ही गिरिडीह में कैंप करने वाले हैं। जेपी नड्डा के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश बीजेपी के अंदर बैठकों का दौर जारी है।महाजनसंपर्क अभियान के तहत बीजेपी अध्यक्ष का गिरिडीह में कार्यक्रम होना काफी अहम माना जा रहा है। स्वभाविक तौर पर देश में अगले वर्ष होनेवाले लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी झारखंड की सभी 14 सीटों को जीतने के लिए अभी से चुनावी तैयारी में जुटी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन के तहत आजसू ने चुनाव लड़ा था और चन्द्र प्रकाश चौधरी जीते थे। मगर जानकारी के मुताबिक इस बार यानी 2024 के चुनाव में आजसू गिरिडीह से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाह रही है। ऐसे में बीजेपी को नये सिरे से गिरिडीह में चुनाव तैयारी करनी पड़ रही है।गिरिडीह लोकसभा सीट ऐसा सीट है जिसे बीजेपी का गढ़ माना जाता है। बीजेपी यहां से 6 बार जीत चुकी है। वहीं, कांग्रेस को 4 बार सफलता हासिल हुई है। 1989 में यहां पहली बार कमल खिला था। चुनाव में रामदास सिंह ने बीजेपी का कमल इस लोकसभा क्षेत्र से खिलाया था। इस सीट से सबसे ज्यादा बार सांसद चुने जाने का रिकॉर्ड बीजेपी के रविंद्र कुमार पांडे के नाम है। वह यहां से 5 बार सांसद रह चुके हैं। 1996 में बीजेपी के रविंद्र कुमार पांडे गिरिडीह सीट से पहली बार चुनाव जीते थे। उसके बाद हमेशा 1998 और 1999 में भी उन्हें जीत मिली। 2009 और 2014 में भी वे गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करते रहे।2019 में गठबंधन के तहत एनडीए के सहयोगी दल आजसू के खाते में यह सीट चली गई। इसके बावजूद यह सीट एनडीए के साथ रही और आजसू के प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी भारी मतों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार जगरनाथ महतो को हराने में सफल रहे। भौगोलिक और आर्थिक दृष्टि से भी गिरिडीह काफी महत्वपूर्ण स्थान है, जहां से अगला लोकसभा चुनाव के साथ साथ डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर बीजेपी द्वारा पॉलिटिकल मैसेज देने का काम किया जायेगा।

### भाजपा का विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन

# नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू की ओर बढ़ रहा : गंगोत्री कुजूर

राष्ट्रीय खबर



**बेड़ो:** प्रखंड मुख्यालय स्थित पुराना प्रखंड कार्यालय भवन परिसर में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद समीर उराँव थे। मौके पर कई कांग्रेस सहित दूसरे पार्टी के कार्यक्रओं ने भाजपा का दामन थामा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद समीर उराँव ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने सेवा, सुसाशन और गरीब कल्याण का कार्य देश के कोने कोने तक पहुंचाने का काम किया। प्रधानमंत्री ने पुरे 9 वर्षों में समाज के सभी वर्गों के उन्नती के लिए सच्चा सेवा किये हैं। गरीब किसान, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किये हैं। आधुनिक भारत बनाने के लिए जनधन योजना, मुद्रा योजना और कोरोना से बचने के लिए पुरे देशवासीयों को वैक्शीन देने का काम किया है। एससी, एसटी ओबीसी के लोगों को मंत्रीमंडल में 60 प्रतिशत स्थान दिया। पिछड़ी जाति आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। भाजपा की सरकार ने हमारे गांव के रहने वाली आदिवासी महिला द्रौपति मुर्मू को राष्ट्रपति बना कर आदिवासीयों को आगे करने का काम किया। उनके कार्यों को देखते हुए 2024 में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि आपलोगों ने 2014 और 2019 में वोट देकर नरेन्द्र मोदी को बहुमत की सरकार बनाया है। मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू की ओर बढ़ रहा है। उनके सपना और योजनाओं को सफल बनाने के लिए 2024 में फिर से मजबुती के साथ प्रधानमंत्री बनायें। युवा भाजपा नेता सनी टोप्पो ने कहा कि सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और सबका साथ सबका विश्वास के नायक नरेंद्र मोदी के 9 साल के कयार्काल के लाभाथीयों का आज सम्मेलन किया गया है। केन्द्र की मोदी सरकार ने गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजना चला रखा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार के आने के बाद प्रत्येक पंचायत में 100 से 150 प्रधानमंत्री आवास दिया जा रहा है। भाजपा सरकार का सोच है कि हमारे आदिवासी सभी क्षेत्र में आगे रहे इसलिए प्रत्येक प्रखंड में एकलब्य स्कुल खोलने का काम किया है। जिला ग्रामीण अध्यक्ष हर्षवर्घन सिंह, जिपस पार्वती उराँव, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, राजीव रंजन अधिकारी, राजेश साहू, तेजु दास, आलोक मिश्रा, बलराम सिंह व नरायण महली सहित कई लोग शामिल थे।

# आजसू का मिशन 2024: 22 जून को पूरे राज्य में संकल्प दिवस मनाएगी पार्टी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** लोकसभा चुनाव को लेकर एक तरफ जहां चुनाव आयोग तैयारी में जुटा है वहीं दूसरी ओर राजनीतिक दल भी तैयारी में जुटे हैं। इसी के तहत आजसू पार्टी 22 जून को राज्यभर में संकल्प दिवस मनाने जा रही है। संकल्प दिवस पर आजसू द्वारा सभी जिला एवं विधानसभा क्षेत्र में संकल्प सभा आयोजित किया जायेगा। पार्टी द्वारा संकल्प सभा को एतिहासिक बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। आजसू प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत के अनुसार संकल्प दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी के नेता, कार्यकर्ता एवं समर्थक राज्य की मयार्दा एवं जनमन की सुरक्षा के संकल्प के साथ-साथ वैचारिक मूल्यों को बचाने तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेंगे। संकल्प सभा के माध्यम से सभी नेता एवं पदाधिकारी राज्य की वर्तमान स्थिति तथा झामुमो महागठबंधन सरकार की विफलताओं से जनता को अवगत कराएंगे। संकल्प सभा को सफल बनाने के लिए आजसू जुट गया है। हर जिले को विशेष रुप से जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी नेताओं को जिलावार और विधानसभावार जिम्मेदारी देकर संकल्प सभा को सफल बनाने को कहा गया है। पार्टी द्वारा नेताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में संकल्प दिवस को सफल बनाने के लिए सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी, जिला एवं प्रखंड के सभी पदाधिकारियों को विशेष निर्देश दिया गया है। इसके अलावे संकल्प सभा में सभी अनुषंगी इकाई-अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच, अखिल झारखंड महिला संघ, अखिल झारखंड छात्र संघ, अखिल झारखंड श्रमिक संघ, अखिल झारखंड किसान संघ, अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ, अखिल झारखंड उद्योग एवं व्यापार संघ, अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा, अखिल झारखंड अल्पसंख्यक महासभा, अखिल झारखंड अनुसूचित जनजाति महासभा, अखिल झारखंड अनुसूचित जाति महासभा एवं कला-संस्कृति प्रकोष्ट के पदाधिकारी शामिल होंगे।

# आभा सिन्हा के पति का निधन

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान में कांग्रेस की प्रवक्ता आभा सिन्हा के पति निर्मल कुमार सिन्हा का आज सुबह नवरात्र के पहले दिन निधन हो गया। कांग्रेस संगठन के सदस्य होने के अलावा वह खुद भी सामाजिक कार्यकर्ता थे और वर्तमान में श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के मंत्री थे। श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के अलावा महावीर मंडल सहित कई सामाजिक संगठनों की गतिविधियों को सक्रियता प्रदान करने में उनकी प्रमुख भूमिका रही थी। वह पिछले कुछ समय से काफी बीमार चल रहे थे। उनके निधन की सूचना पर कांग्रेस संगठन के अलावा अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने उनके निवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

बैठक

### कार्यकर्ता सम्मेलन एवं दो दिवसीय राज्य परिषद की बैठक का समापन

# सरकार से जनता ऊब चुकी है, 2024 मे मोदी का जाना तय : डी राजा

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव झारखंड में आए तीन दिवसीय कार्यक्रम जिसमें रामगढ़ में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं दो दिवसीय राज्य परिषद की बैठक के समापन के बाद रांची के सीपीआई कार्यालय में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया । प्रेस वार्ता में महासचिव डी राजा ने कहा की 2024 मे मोदी को जाना तय है, क्योंकि मोदी सरकार से जनता ऊब चुकी है। देश में संप्रदायिक दंगे को भड़का कर देश में विभाजन कर राजनीति रोटी सेकने वाले मोदी सरकार को देश की जनता उखाड़ फेंकेगी। देश के तमाम विपक्षी पार्टियों को ईडी और सीबीआई के एजेंसियों से डराया जा रहा है । देश में महिला पहलवानों के साथ जो हरकत हुआ पूरे दुनिया देखा। देश में 9 साल के सुशासन की ढिंढोरा पीटने वाली सरकार अपनी उपलब्धि गिना रही है ।उनकी उपलब्धि है नोटबंदी, जीएसटी, तालाबंदी, महंगाई ,बेकारी, को रोना काल में लाचारी।जिससे जनता ऊब चुकी है। इसीलिए आर पार की लड़ाई लड़ी जा रही है। 2024 में देश की जनता मोदी के विरोध में वोट देंगे। आज झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन ने भी स्पष्ट किया है कि हम विपक्षी एकता बनाने के लिए प्रयासरत हैं । आर एस एस के झंडे पर चलने वाली मोदी की सरकार के विरोध में पूरे देश में विपक्षी पार्टियां एकजुट हो रही हैं। उसी के लिए 23 जून 2023 को पटना में तमाम विपक्षी पार्टियों के समागम 2024 की तैयारी के लिए किया जा रहा है। पार्टी कार्यक्रम में आए कॉमरेड राजा ने कहां भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने नारा दिया है भाजपा हटाओ देश बचाओ भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ भाजपा हटाओ संविधान बचाओ हाउस के तहत पूरे देश में अभियान चलाया जा रहा है। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय सचिव के नारायणा एवं डॉ भालचंद्र कांगो , पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ,जिला सचिव अजय कुमार, सिंह अधिवक्ता एके रसीदी, धर्मवीर सिंह मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### पहली राजकीय यात्रा .. .. ..

के बीच गहरे संबंधों पर आधारित हैं। जनवरी 2023 में राष्ट्रपति सिसी की राजकीय यात्रा के दौरान, संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति हुई थी। संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में विदेश सचिव ने कहा, यह दोनों देशों के बीच हमारे संबंधों में एक मील का पत्थर है। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण यात्रा है, एक बहुत ही महत्वपूर्ण यात्रा है। एक यात्रा जिसमें अमेरिका में एक वास्तविक और व्यापक गहरी दिलचस्पी है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ऐसे पहले विदेशी राजनेता होंगे जिन्हें अमेरिकी कांग्रेस को दो बार संबोधित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान भारत एवं अमेरिका के बीच टेलीकॉम, अंतरिक्ष, रक्षा और उभरती हुई महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के दूरगामी प्रभाव वाले फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में संपूर्णता में संयुक्त औद्योगिक उत्पादन की संभावनाओं पर चर्चा होगी ताकि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को बल मिल सके। प्रधानमंत्री श्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिका में अलगाववादी गुटों के विरोध प्रदर्शनों की धमकियों एवं सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के बारे में पूछने पर विदेश सचिव ने कहा कि संबंधित एजेंसियां इस बारे में अपना काम कर रही हैं।

### रोज रोज पार्किंग .. .. ..

हुआ दिख रहा है। एक और तस्वीर में दिख रहा है कि उस छत के दूसरी तरफ एक और वैन ठीक से खड़ी की गई है. जी हां, ताइवान के इस शख्स के पास दो कारें हैं। अपने घर के सामने दो कार खड़ी करने के लिए उन्हें कई बार जुमार्ना भरना पड़ा। अंत में, कोई रास्ता नहीं मिलने पर, उसने दोनों कारों को अपार्टमेंट की छत पर पार्क कर दिया। लेकिन वह दो कारों को घर की छत पर कैसे मिला, और उसने दो कारों को छत से कैसे उतारा, ये दो उत्तर वास्तव में अज्ञात हैं।

उस व्यक्ति ने स्थानीय मीडिया को बताया, मेरे पास इसे करने के अलावा और कोई चारा नहीं था। यहां दो कार पार्क करने से बिल्डिंग में किसी को कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि इमारत कंक्रीट, स्टील से बनी है, जो दो कारों का समर्थन करने के लिए पर्याप्त है। नगर पालिका के अधिकारियों ने उनसे दोनों कारों को छत से नीचे उतारने को कहा लेकिन उन्होंने मना कर दिया। उसने उन्हें साफ कर दिया कि वह कार को छत पर रख सकता है, उसमें कोई तकनीकी गलती नहीं है।

### माजुली ब्रह्मपुत्र नदी के .. ..

रास्ते में खो गई और नदी के बीच में स्थित एक अन्य सपोरी में रात बिताई। कल रात, उन्होंने जिला प्रशासन से संपर्क किया। अधिकारियों में से एक ने कहा, रविवार को, बचाव दलों को भेजा गया था, और अब उन्हें सुरक्षित रूप से वापस कर दिया गया है अधिकारियों के अनुसार, मेडिकल टीम के सभी सदस्य स्वस्थ हैं।

### अब चावल खुद ही कीड़ो .. ..

उपयोग किया है।

रोनाल्ड ने कहा, उन्होंने पाया कि नस्ल बैक्टीरिया के संक्रमण के लिए भी प्रतिरोधी थी, लेकिन यह बेहद छोटी और कम उपज देने वाली थी। इस प्रकार के लेसियन मिमिक म्यूटेंट पहले भी पाए गए हैं लेकिन कम उपज के कारण केवल कुछ ही मामलों में वे किसानों के लिए उपयोगी रहे हैं। गुओटियन ने चीन के वुहान में हुजहोंग कृषि विश्वविद्यालय में शामिल होने पर शोध जारी रखा। उन्होंने उत्परिवर्तन से संबंधित जीन को अलग करने के लिए क्रिसपर कैस 9 विधि का उपयोग किया और उस प्रतिरोध विशेषता को फिर से बनाने के लिए जीनोम संपादन का उपयोग किया। इससे अंततः एक ऐसी रेखा की पहचान की जिसकी उपज अच्छी थी और तीन अलग-अलग रोगजनकों के लिए प्रतिरोधी थी, जिसमें कवक भी शामिल था जो चावल विस्फोट का कारण बनता है। रोनाल्ड ने कहा कि रोग-भारी भूखंडों में लगाए गए छोटे पैमाने के क्षेत्र परीक्षणों में, नए चावल के पौधों ने नियंत्रण चावल की तुलना में पांच गुना अधिक उपज का उत्पादन किया, जो कि कवक से क्षतिग्रस्त हो गया था।

रोनाल्ड ने कहा, यह फसल की बीमारी दुनिया में पौधों की सबसे गंभीर बीमारी है क्योंकि यह चावल के लगभग सभी बढ़ते क्षेत्रों को प्रभावित करता है और इसलिए भी क्योंकि चावल एक बड़ी फसल है। शोधकताओं को उम्मीद है कि सामान्य रूप से उगाई जाने वाली चावल की किस्मों में इस परिवर्तन को फिर से बनाया जा सकता है। वर्तमान में उन्होंने केवल किताके नामक एक मॉडल किस्म में इस जीन को अनुकूलित किया है जो व्यापक रूप से नहीं उगाया जाता है। वे रोग प्रतिरोधी गेहूं बनाने के लिए गेहूं में उसी जीन को लक्षित करने की भी उम्मीद करते हैं।

इस तरह के बहुत से घाव मिमिक म्यूटेंट की खोज की गई है और एक तरह से अलग रखा गया है क्योंकि उनकी उपज कम है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि लोग इनमें से कुछ को देख सकते हैं और देख सकते हैं कि क्या वे प्रतिरोध और के बीच एक अच्छा संतुलन पाने के लिए उन्हें संपादित कर सकते हैं। यूसी डेविस डिपार्टमेंट ऑफ प्लांट पैथोलॉजी एंड जीनोम सेंटर के साथ रश्मी जैन ने भी अनुसंधान में योगदान दिया।

### तीर्थ पुरोहित संतोष .. ..

समिति (इडळउ) ने सफाई पेश कर दी है। उनकी तरफ से साफ कर दिया गया है कि सभी आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। कमेटी ने कहा कि एक डोनर ने इच्छा जाहिर की थी कि केदारनाथ के गर्भगृह में सोना लगाया जाए। उनकी इच्छाओं का सम्मान रखते हुए बोर्ड मीटिंग में फैसला लिया गया था कि गोल्ड प्लेटिंग की जाएगी। कमेटी ने इस बात की जानकारी भी दी कि पुरातत्व विभाग की निगरानी में गोल्ड प्लेटिंग की गई थी। कमेटी ने ये जानकारी भी दी है कि डोनर ने अपने ज्वेलर्स के जरिए ही गोल्ड प्लेटिंग का काम करवाया था। अब इतना स्पष्टीकरण इसलिए दिया जा रहा है क्योंकि इस गोल्ड प्लेटिंग को लेकर बड़ा विवाद शुरू हो गया है। जब पिछले साल इसकी मंजूरी दी गई थी तब पुरोहितों ने कहा था कि ये केदारनाथ की आस्था के खिलाफ रहेगा क्योंकि सोना धन का प्रतीक रहता है। उस विवाद के बाद अब 125 करोड़ के घोटाले की बात की जा रही है। वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित आचार्य संतोष त्रिवेदी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि सोने की परत लगाने के नाम पर सवा करोड़ का घोटाला हुआ है। बीकेटीसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सोने की जांच नहीं की गई, इसकी जिम्मेदारी कमेटी को लेनी पड़ेगी। अब जब से ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, इस पर सियासत भी तेज हो गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इन आरोपों पर चिंता जाहिर कर दी है। अखिलेश यादव ने कहा कि ये काफी संवेदनशील मामला है, ये आपराधिक भी है और विश्वास से भी जुड़ा हुआ है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। अब सपा प्रमुख भी जांच की बात कर रहे हैं, लेकिन कमेटी इसे राजनीतिक साजिश करार दे रही है। एक जारी बयान में कहा गया है कि इस बार केदारनाथ जाने वाले भक्तों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है, ये बात कुछ राजनीतिक लोगों को रास नहीं आ रही है।

# कांग्रेसियों ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर काटा केक, दीघार्यु होने की कामना की

## लोस चुनाव में राहुल के नेतृत्व में पार्टी होगा मजबूत : डॉ गगन

**राष्ट्रीय खबर**

**गया :** जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में देश के सजग, साहसी, संघर्षशील, जनप्रिय, नेता राहुल गांधी की 53 वां जन्मदिन केक काट कर मनाया गया।

जन्मदिन कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा गगन मिश्रा ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी विगत नौ वर्षो से मोदी सरकार के गलत नीतियों एवम् विफलताओं के खिलाफ संपूर्ण देश में आवाज बुलंद कर रहे है। आगामी लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी।

नेताओ ने कहा की विश्व के लोकतंत्र के महानायक राहुल गांधी ने देश में ऐतिहासिक 4000 किलोमीटर की पदयात्रा कर , देश के तेरह राज्यो के किसान, मजदूर, छात्र नौजवान एवम् आमजन से मिलकर उनके समस्याओं से रूबरू होते हुए उसके समाधान हेतु चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद कर दिए है।

आज सत्ता में बैठे लोग राहुल गांधी जी की लोकप्रियता से घबरा कर गुजरात के लोअर कोर्ट को मैनेज कर मानहानि जैसे केश में दो वर्षो की अधिकतम सजा दिलाने तथा इनके पासपोर्ट को रद्द कारा कर आम आदमी वाला पासपोर्ट निर्गत किया गया, परंतु इससे राहुल गांधी तनिक भी विचलित नहीं हुए बल्कि डट कर इसका सामना कर रहे है।

नेताओ ने कहा की श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को वहां की देवतुल्य जनता ने प्रचंड बहुमत देने का काम किया। कांग्रेसियों ने राहुल गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर उनके दीघार्यु होने की कामना ईश्वर से की।



कार्यक्रम को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, युगल किशोर सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, विपिन बिहारी सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार निराला, माधुरी गुप्ता, सुनैना रानी अंजनी, मो नवाब अली, मो खैरुद्दीन, शिव कुमार चौरसिया, राजीव कुमार सिंह उर्फ लाबी सिंह, मो मुजम्मिल, मो अजहरुद्दीन, साहब रहमानी, बबलू राम, सुनील कुमार राम, मो ताजुद्दीन, अभिषेक श्रीवास्तव, कुंदन कुमार, कमलेश चंद्रवंशी, शशि कांत सिन्हा, अर्जुन प्रसाद, आदि ने अपने, अपने बातो को रखा।

इस अवसर पर मो नूरुद्दीन, एवम् मो सोयब ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

### भूमि विवाद में जानलेवा हमले के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बगहा/पिपरासी : पिपरासी थाना क्षेत्र के बहरी स्थान गांव में भूमि विवाद में जानलेवा हमला करने वाले को पुलिस ने रविवार की देर रात्रि में गिरफ्तार किया है । थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि बहरी स्थान गांव निवासी दीपमणि बीन को गिरफ्तार किया गया है। इनके विरुद्ध राधा मोहन साहनी के द्वारा कांड संख्या 24/23 दिनांक 22 अप्रैल 2023 को दर्ज कराई गई थी। इसमें अन्य मुख्य आरोपीयों विनोद बीन तथा अन्य को कांड के अनुसंधान कर्ता एएसआई अनिल सिंह के द्वारा तलाश किया जा रहा है। दूसरे तरफ से नगीया देवी ने भी काउंटर केस दर्ज कराई है। पीड़ित राघव शरण सहनी एवं आशा कुमारी को घर में घुसकर आरोपी के द्वारा लाठी डंडा से पीटकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया गया था । घर को भी तोड़फोड़ किया गया है। पीड़ित राघव शरण के सिर में गंभीर चोट लगी है। और आशा की पैर की हड्डी टूट गई थी। दोनों का इलाज पिपरासी पीएचसी में चिकित्सक डॉ सुनील गुप्ता के द्वारा करने के बाद रेफर कर दिया गया था। गोरखपुर में करीब 15 दिन इलाज चली । घर में तोड़फोड़ भी किया गया था। मोबाइल भी चुरा ली गई है। जिसकी ऑडियो पीड़ित के पास उपलब्ध है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत बगहा भेज दिया गया है । धनहा पुलिस निरीक्षक ने आरोपियों को गिरफतार करने का निर्देश दिया गया है।

### सुबह छः से 12 बजे तक योगापट्टी थानाध्यक्ष करते हैं जन समस्याओं का समाधान



**राष्ट्रीय खबर**

**बेतिया, प च :** जिला के योगापट्टी थानाध्यक्ष मनोज कुमार प्रसाद सुबह 6:00 बजे से दिन के 12:00-1:00 तक आमजन की समस्या का निष्पादन करने का कार्य करते हैं। अपने कर्तव्य के दौरान विभिन्न मामलों की सूक्ष्म जांच करते हुए आपत्तिजनक चीजों को गंभीरता से लेते हुए, नो रिक्रूटमेंट, नो फॉरवर्डिंग के तर्ज पर, ऑन द स्पॉट फैसला करने का कार्य किया करते हैं। बताया जाता है कि कार्य करने वाले व्यक्ति की पारदर्शिता खुद दिखाई देती है, उसे दिखाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। हमारे संवाददाता के पूछे जाने पर मुस्कुराते हुए उन्होंने कहा कि क्या बताऊं, खुली किताब हूं पढ़ लीजिए और जो दिखाई दे रही है, वही सच्चाई है। आमजन अपनी समस्याओं को लेकर थाना पर मिलने आए हैं। इतना ही नहीं बहुत उम्मीद के साथ आये है। उनकी उम्मीद पर खरा उतरना ही मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

### टेम्पो की ठोकर से जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

**बेतिया :** बेतिया-बगहा मुख्य मार्ग स्थित चौतरवा-बहुअरवा फार्म के समीप टेम्पो की ठोकर लगने से जख्मी युवक की मौत जीएमसीच में इलाज के दौरान हो गई। मृतक की पहचान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत कल्याणपुर थाना निवासी स्व. विश्वनाथ साह के पुत्र मनीष कुमार (29) के रूप में की गई है। जीएमसीएच में मौजूद आरबीएल बैंक बेतिया ब्रांच के एबीएम सिकंदर कुमार ने बताया कि मनीष कुमार चौतरवा में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। हमेशा की तरह कल्यापुर अपने घर से बाइक लेकर चौतरवा ब्रांच निकले थे। इस बीच चौतरवा-बहुअरवा फार्म के समीप टेम्पो में ठोकर लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल अस्पताल लाया गया। लेकिन, इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उनकी एक साल पहले शादी हुई थी। घटना की सूचना स्वजन को दी गई है। वहीं अस्पताल ओपी प्रभारी श्याम किशोर यादव ने बताया कि अग्रेतर कार्रवाई के लिए शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### हत्यारे की गिरफ्तारी के बाद भी सहमें हुए हैं मुसहरी बैरा के लोग, लगातार हुई चार हत्याओं से दहला पुरा गांव

**राष्ट्रीय खबर/ मधुबनी:** धनहा थाना क्षेत्र के मुसहरी बैरा बाजार में एक महीने के अंदर हुई चार वृद्ध लोगों की हत्या से ग्रामीण अभी भी डरे सहमे हुए हैं। इन हत्याओं ने गांव के सभी परिवारों को तोड़ दिया है। किसी भी परिवार में रविवार की रात से चूल्हा तक नहीं जला है। भूख से परेशान बच्चों को रोते बिलखते देखा गया। गांव के लोग रविवार शाम की घटना को भुला नहीं पाए। सोमवार को पूरे दिन गांव में सन्नाटा पसरा रहा। गांव में लोग आस-पड़ोस के साथ झुंड बनाकर समय बिता रहे हैं। अकेले खेतों में काम करने जाने से परहेज कर रहे हैं। लोगों के जेहन में हत्यारे की दहशत इस कदर थी कि रविवार रात भी लोग चैन की नींद सो नहीं पाए। घटना को लेकर गांव के हर परिवार के सदस्यों के चेहरे पर गुस्सा साफ नजर आ रहा था। गांव का हर व्यक्ति हत्या में संलिप्त परिवार को सजा दिलाने के लिए खुलकर सामने आकर बोलने को तैयार दिखा। अन्य गांव की महिलाएं पीड़ित स्वजन के घर पहुंच ढांढस बंधाने में जुटी थीं, तो पुरुषों की जुबां पर चार हत्या का जिक्र था। सुबह सात बजे गांव के बाहर खड़े रामअवतार कुशवाहा ने एक बूढ़ी महिला को आवाज लगाते हुए पूछा कहां जा रही हो। वृद्ध महिला ने जवाब दिया कि खेत में तुम्हारे काका काम करने गया है। इतना सुनते ही रामअवतार ने झट से पूछा कि काका खेत में काम करने अकेले गए हैं, तो वृद्ध महिला ने जवाब दिया हां। रामअवतार ने तुरंत उस वृद्ध काकी को खेत में दोनो बेटा को साथ जाने की बात कही। गांव के पक्की सड़क के उत्तर दिशा में शिक्षक हरेंद्र किशोर बैठा ने अपनी आपबीती सुनाते हुए फफक पड़े। उन्होंने बताया कि गांव में इस तरह दहशत है कि मेरे लड़की के पुत्र गर्मी की छुट्टी बिताने आए हैं। लेकिन एक महीना के अंतराल में चार हत्या से यह बच्चे भी सहमे हुए हैं। बार-बार अपने पिता को फोन को यहां से बुला ले जाने की बात कर रहे हैं। जबकि प्रत्येक वर्ष गर्मी की छुट्टियों में बच्चे यहां पर आते हैं। पूरी छुट्टी बिताने के बाद ही अपने गांव लौटते हैं। दहशत की वजह से जल्द घर लौट जाना चाहते हैं।

## शराब माफिया, थानाध्यक्ष और मंत्री के गठजोड़ से खुलेआम घूम रहा हत्यारोपी : राठौड़

**राष्ट्रीय खबर**

**पटना :** शराब माफिया सुरेन्द्र प्रसाद सिंह और उसके पुत्र संजीव कुमार सिंह द्वारा अजय कुमार सिंह की हत्या की जांच सीबीआई से कराने के लिए अखिल भारतीय अपराध विरोधी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनवंत सिंह राठौर ने

प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 17 मई 2021 को समस्तीपुर अंतर्गत सरायरंजन थाना के हरसिंहपुर कोठी के रामबिलास सिंह के पुत्र अजय कुमार सिंह की लाश जमुआरी नदी में मिली थी। सरायरंजन थाना में प्राथमिकी 78/21 दर्ज है पुलिस द्वारा कोई कारवाई नही होने पर मैने मुख्यमंत्री नीतिश कुमार व अन्य को पत्र लिखा था। मुख्यमंत्री कार्यालय से पत्र पांच महीने बाद सरायरंजन थाना पहुंचा तो जाँच शुरू हुई। कांड के आईओ ने अपने जांच में जितवारपुर पंचायत के हरसिंहपुर कोठी के शराब माफिया रिटायर्ड शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद सिंह और उसके पुत्र संजीव कुमार सिंह को अजय कुमार सिंह के हत्या में संलग्न पाया।



मृतक अजय कुमार सिंह हमेशा दोनो के द्वारा अवैध शराब बेचने का विरोध करता था। रिटायर्ड शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद सिंह और उसके पुत्र संजीव कुमार सिंह को जब जानकारी मिली तो वह मुखिया के साथ थाना पहुंच और तत्कालीन थानाध्यक्ष को तुरंत वर्तमान वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी से फोन से बात करवाई। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने इस मामले को समाप्त करने की बात थानाध्यक्ष से कही। उसके बाद से आज तक दोनों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और न ही इस हत्या में किसी की गिरफ़्तारी ही हुई। आज भी दोनों मंत्री विजय कुमार चौधरी व थाना के संरक्षण में खुलेआम शराब बेच रहा है। शराब माफिया, थानाध्यक्ष और मंत्री विजय कुमार चौधरी के गठजोड़ का परिणाम है कि अजय कुमार सिंह के हत्या के आरोपी खुलेआम घूम रहा है। श्री राठौर ने इस संबंध पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिख कर उसकी प्रतिलिपि राष्ट्रपति, राज्यपाल व मुख्यमंत्री को भेजा गया है। मौके पर राहुल कुमार, अजय कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, सोनू कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## वत्स सेवा समिति ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**बेगूसराय :** वत्स सेवा समिति और सेवा ब्रिगेड फाउंडेशन मणिपाल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई बैंकिंग और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी कर्नाटक के साथ शनिवार को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सेवा ब्रिगेड फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार पाण्डेय ने बताया कि लगभग 150 लोगों ने रक्तदान किया। सेवा ब्रिगेड फाउंडेशन ने वत्स सेवा समिति के रजनीश कुमार,रानी शर्मा, मणिपाल एकेडमी के नुरुल तालुकदार

आलोक मल्होत्रा और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी कर्नाटक के सतीश को रक्तदान शिविर का आयोजन और समन्वय के लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा किया।

सेवा ब्रिगेड के सदस्य सुशांत केतु, प्रवीण, बिजय, दिलीप, अमित, रीना बर्नवाल,अर्थ कश्यप, नलिनी, दीपक, आनंद,

वत्स सेवा समिति के किशन, मणिपाल के प्रियंका, अक्षयदीप, चंदन का रक्तदान शिविर के आयोजन में योगदान रहा।

### सपथ पत्र

मैं मो. तबरेज आलम, पे. मो. नसीर, उम्र 37 वर्ष, सा. - हरदिया, थाना रघुनाथपुर ओपी (तुरकौलिया), जिला - पूर्वी चंपारण का स्थाई निवासी हुं। यह की मेरा पहले पासपोर्ट में नाम तबरेज अजीज था। यह की अब मेरा आधार कार्ड व पैन कार्ड में नाम मोङ्म तबरेज आलम (टऊ ळअइफएख अछअट) है। अब मुझे मोङ्म तबरेज आलम अछअट ) नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

## नाराजगी : नही मिल रहा खड़गपुर झील पेयजलापूर्ति योजना का लाभ

**मनोज खिरहरी**

**ह. खड़गपुर :** सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शुमार खड़गपुर झील पेयजलापूर्ति योजना नगर के संत टोला मोहल्ले के लोगों की प्यास बुझाने में सक्षम साबित नही हो रहा है। मोहल्ले की आबादी लगभग एक हजार है। 48 घंटे में इस जलापूर्ति योजना से मोहल्ले वासियों को मात्र पांच मिनट पेयजल आपूर्ति की गई, वह भी प्रत्येक परिवार को मात्र 10 से 15 लीटर। जबकि प्रत्येक परिवार को इस भीषण गर्मी में प्रत्येक दिन कम से कम 50 लीटर पेयजल की आवश्यकता है।



संत टोला निवासी रामप्रीत सिंह, विद्यानंद यादव, विष्णुदेव प्रसाद सिंह, संजय कुमार, राजा, मुन्ना, चंदन सहित अन्य ने बताया कि इस भीषण गर्मी में भी विभाग की जब मर्जी होती है तब पानी की आपूर्ति की जाती है। दो दिन से पानी नही मिल रहा है। चापाकल जबाब दे दिया है तो कुछ गंदा पानी देने लगे हैं, जिससे लोग प्यास बुझाने को मजबूर हैं, वहीं सक्षम लोग खरीदकर पानी का सेवन कर रहे हैं। जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार पांच दिन पुर्व भी खड़गपुर झील पेयजलापूर्ति योजना का पानी नहीं मिलने पर मोहल्ले वासियों ने नाराजगी जताते हुए स्थानीय प्रशासन से शिकायत की थी। लोगों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य कुमार झा ने टैंकर के माध्यम से लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, जिसका महज दो दिन पालन किया गया। और, पुनः स्थिति यथावत हो गई। इससे लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है।

## भीषण गर्मी : आमजन परेशान, किसान बेहाल, औंधे मुंह गिरी सारी योजनाएं

**सूखने लगे चपाकाल, पानी की एक बूंद के लिए आई अब तरसने की बारी**

**बेअसर साबित हो रहा मानसून**

**अनितेश कश्यप**

**शाहकुंड :** प्रखंड समेत सूबे में भीषण गर्मी पिछले कई वर्षों के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दी है। जिससे आमलोग परेशान व अन्नदाता बेहाल हैं। खेतों में पड़ी दरार से किसान मायूस हैं। वहीं, सुख रहे जलस्रोत के कारण जन-जीवन अस्त व्यस्त है। इस भीषण गर्मी में सरकार योजनाओं ने भी रूपए वापस कर दिए।



मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दिनों भागलपुर जिले में 35 वर्षों के अधिकतम तापमान का रिकॉर्ड टूट गया। पिछले 2 रातों की गर्मी को देखते हुए विभाग ने उष्ण रात्रि का अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाडी. से उठे हुए मानसून का भी कोई प्रभाव नहीं हो रहा है। आगामी कुछ दिनों तक इस गर्मी व उमस से राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। एक ओर जहाँ दिन में लोग लू का कहर झेलने को विवश हैं तो वहीं रात्रि में उमस परेशान कर रही है। लोग पंखों, कूलरों इत्यादि से चिपके रहने को मजबूर हैं। बिजली के कट जाने पर समस्या और बढ़ जाती है।

इस चिलचिलाती धूप से सारा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मनुष्यों के साथ-साथ मवेशियों, पेड़- पौधों, फसलों को भी इस गर्मी का कहर झेलना पड़ रहा है। प्रखण्ड के किसानों के अनुसार इस वर्ष समय पर वर्षा नहीं होने से फसलों विशेषकर आम के पैदावार को भारी नुकसान पहुँचा है। आम समय से पहले ही पेड़ से गिर रहे हैं, उनके आकार में भी कमी आई है तथा मिठास उतनी नहीं है जिसके कारण किसानों को बाजारों में उचित कीमत नहीं मिल पा रही है और वे सस्ती कीमतों में बेचने को विवश हैं। भू-जलस्तर भी सामान्य से काफी नीचे जा चुका है जिसके परिणामस्वरूप लोगोँ को पीने के पानी तक की किल्लत हो गई है। लोगों का कहना है कि अगर आगामी कुछ दिनों में बारिश नहीं होती है तो स्थिति और भयावह हो सकती है। जानकार इसे जलवायु परिवर्तन से जोड़ कर देख रहे हैं। उनका कहना है कि मौसम में इतना उतार-चढ़ाव जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहा है जिसके जिम्मेदार कहीं न कहीं हम मनुष्य हैं। अपनी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए हम धड़ल्ले से प्रकृति का दोहन करते जा रहे हैं। अगर हमारा यही रवैया रहा तो हमारी आने वाली पीढ़ी और भी संकटों का सामना कर सकती है।

### 24 जून तक बंद रहेंगे सरकारी व निजी विद्यालय

**बेगूसराय:** भीषण गर्मी और लू को देखते हुए बेगूसराय जिला के सभी स्कूल को डीएम ने 24 जून तक के लिए बंद करने का आदेश दिया। संपूर्ण बिहार इस वक्त भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। जिला प्रशासन के अधिकारी दोपहर में घर में रहने तथा विशेष स्थिति में घर से बाहर निकलते समय लोगों को पूरी सावधानी बरतने को कहा है। इस भीषण गर्मी और लू को देखते हुए जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने 24 जून तक के लिए सभी सरकारी स्कूल, निजी स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र को बंद कर दिया है। 12वीं कक्षा तक के छात्रों का क्लास बंद कर दिया गया है। राज्य भर मे भीषण गर्मी और लू के कारण लोगों का जीना मुहाल बना हुआ है।

## चोरी के मामले में एक युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे,भेजा न्यायिक हिरासत में

**राष्ट्रीय खबर**

**सुगौली,पू.चः** चोरी के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी को पुलिस सोमवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी केसरिया थाना क्षेत्र के तिरलोकवा निवासी अल्ताफ राजा बताया गया है। जो थाना क्षेत्र के उतरी श्रीपुर में अपने नाना के घर रहता था।इसी बीच शम्शे आलम के घर में घुसकर आरोपी 29 हजार रुपए नगदी सहित डीनर सेट,मिक्सर मशीन सहित अन्य सामग्री की चोरी कर लिया। जिसकी जानकारी गृहस्वामी को मिली जिसके बाद आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।मामले को लेकर गृहस्वामी शम्शे आलम ने चोरी के आवेदन थाना में देते हुए अल्ताफ राजा को आरोपित किया।जिस मामले में पुलिस ने उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया।इस बाबत थानाध्यक्ष धनंनजय शर्मा ने बताया कि गृहस्वामी के आवेदन के आधार पर गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## जयंती विशेष : मेडिकल कॉलेज एवं कई शैक्षणिक संस्थाएं अनुग्रह बाबू की ही देन है



**कांग्रेस जनों ने 136 वीं जयंती पर बिहार विभूति को दी श्रद्धांजलि**

**श्रीबाबू व अनुग्रह बाबू बिहार केशरी व बिहार विभूति की जोड़ी आज भी चर्चित है**

**राष्ट्रीय खबर**

**गया :** महान स्वतंत्रता सेनानी, बिहार विभूति, राज्य के प्रथम उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की 136 वीं जयंती स्थानीय कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में मनाई गई। एस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा गगन मिश्रा ने किया।

अपने संबोधन में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो. विजय कुमार मिठू ने कहा की मगध के धरती के लाल, स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी नेता, तथा सूबे के प्रथम उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री के रूप में बिहार के चौहमुखी विकास के लिए सदैव तत्पर रहे। आज मगध प्रमंडल मुख्यालय गया में इनके नाम पर अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सहित कई शैक्षणिक संस्थाएं इनकी ही देन है। जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह ने कहा की वे हमेशा राजेंद्र आश्रम में विश्राम करते थे, जहां आज भी अनुग्रह विश्रामालय अवस्थित है।

जयंती कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद, जिला महासचिव दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, मो नवाब अली, बबलू राम, राजीव कुमार सिंह उर्फ लाबी सिंह, प्रदीप शर्मा, मो अजहरुद्दीन, संजय महाराज, नंदू चंद्रवंशी , सुनील कुमार राम, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय, कमलेश चंद्रवंशी, जगदीश प्रसाद यादव, आदि ने संबोधित करते हुए कहा की श्रीबाबू , अनुग्रह बाबू की जोड़ी यानी बिहार केशरी, बिहार विभूति की चर्चा आज भी जन-जन में सर्वविदित है।

**शहर >> अपडेट**

### प्रदेश महासचिव पंकज व उपाध्यक्ष बने संतोष

**मुंगेर** : आदर्श पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव मुंगेर निवासी निशिकांत राय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा चतुर्वेदी के निर्देश पर झारखंड राज्य के पत्रकार पंकज कुमार को प्रदेश महासचिव व उपाध्यक्ष पद पर संतोष कुमार सिंह को मनोनीत किया है। राष्ट्रीय महासचिव श्री राय ने मनोनयन पत्र जारी करते कहा कि झारखंड राज्य में पत्रकारों के हितों एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए महासचिव पंकज कुमार व उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह को यह दायित्व सौंपा गया है। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि झारखंड राज्य के पत्रकार पंकज कुमार सीआरएस में पब्लिक रिलेशन ऑफिसर के पद पर रहते हुए कई प्रतिष्ठित पत्र - पत्रिकाओं में लेखन कार्य किया है।

# बीजेपी की सरकार से व्यवसायी छात्र, मजदूर सभी लोग हैं परेशान

## 2024 में पूरे देश की जनता गरीब विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगीः देवा

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी, पू चं** : नगर निगम की मेयर प्रीति कुमारी के आवास परिसर पर राजद नेता देवा गुप्ता के नेतृत्व में अभिनंदन सह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूर्वी चम्पारण जिला राजद के नये जिलाध्यक्ष कल्याणपुर विधायक मनोज यादव का भव्य स्वागत किया गया। इस समारोह के संयोजक राजद नेता देवा गुप्ता ने मोतिहारी में भाजपा के सैंकड़ों नेताओं एवं कार्यकताओं को राजद जिला अध्यक्ष मनोज कुमार यादव के समक्ष राजद का सदस्यता ग्रहण कराये। राजद में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भाजपा युवा नेता सह जिला संगठन के मिडिया प्रभारी आतिश आनंद उर्फ दुर्गा जी, दर्जनों वार्ड पार्षद, दर्जनों पंचायत समिति सदस्य एवं सैकड़ों की संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता थे। ज्ञात हो कि जबसे देवा गुप्ता राजद से जुड़े है पूर्वी चम्पारण जिला में पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। वह दिन-प्रतिदिन राजद को मजबूत करने में जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। इस अवसर पर राजद नेता देवा गुप्ता ने कहा कि बीजेपी की सरकार से व्यवसायी, छात्र, मजदूर सभी लोग परेशान हैं। महंगाई अपनी चरम सीमा पर है। 2024 में पूरे देश की जनता गरीब विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगी। साथ ही 2025 विधनसभा चुनाव में महगठबंधन फिर से सरकार बनायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के कानून मंत्री डॉ शमीम अहमद ने कहा कि युवाओं को रोजगार के नाम पर भाजपा एक फैक्ट्री भी बिहार में नहीं लगवाई और झूठे वादों से लोगों को ठग रही है। राजद जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि इखढ मतलब ₹बड़का झूठ पार्टी₹ है। यहीं पर पीएम नरेंद्र मोदी ने मोतिहारी चीनी मिल चालू कर उसकी चीनी के बने चाय पीने का वादा किया था, जो महज जुमला भर साबित हुआ। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री और भाजपा के नेता केवल झूठ बोलने का काम करते है।

इस समारोह में शामिल होने वालों में विधायक मनोज कुमार यादव, मंत्री डॉ शमीम अहमद, पूर्व विधायक राजेन्द्र राम, पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजद बच्चा यादव, युवा अध्यक्ष राजद एहतेशाम अहमद, पूर्व प्रत्याशी सुरेश यादव, राजद नेता पप्पू देव, नगर अध्यक्ष राजद लाल बाबू खान, जिला पार्षद मनेजर यादव, पुर्व जिला पार्षद अशोक यादव, राजद नेता सलमान अली, प्रखण्ड अध्यक्ष सह जिला पार्षद कृष्ण दास, राजद नेता आतिश आनंन (दुर्गा जी) राजद नेता हसीब रजा, राजद नेता राजीव रंजन, राजद नेता खुर्शीद आलम, राजद नेता पप्पू खान, पूर्व जिला पार्षद पूनम देवी, राजद नेता प्रॉ० विना राय, राजद नेता संजय निराला, राजद नेता अनीश काश्यप राजद नेता मुन्ना पण्डित, हरिंदर यादव, जावेद अहमद, जगदीश विद्रोही, बिट्टू सिंह, बाला सिंह, नसीम अख्तर, रंजीत कुमार, नगर निगम के वार्ड पार्षद गण, पंचायत समिति सदस्य गण उपस्थित थे। सभी को अंग वस्त्र देकर मोतिहारी मेयर प्रीति कुमारी एवं राजद नेता देवा गुप्ता ने सम्मानित किया।

### किसानों ने लिया अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठने का निर्णय



**रीगा** : प्रगतिशील किसान फाउंडेशन के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने आगामी 26 जून से डुमरा स्थित अंबेडकर स्थल पर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठने का निर्णय लिया है। स्थानीय रवि मार्केट में तैयारी समिति के आयोजित बैठक में श्री सिंह ने बताया कि 3 वर्ष से चीनी मिल बंद है। किसानों एवं मजदूरों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। न्यायालय के आदेशानुसार चीनी मिल गेट पर ताला लटका हुआ है। 2022 में मिल गेट पर आमरण अनशन पर बैठे हुए थे। विधान पार्षद देवेश ठाकुर के आश्वासन पर अनशन तोड़ दिया था। परंतु सरकार एवं इन लोगों के द्वारा कोई पहल नहीं किया गया। इस बार आर पार की लड़ाई है। सीतामढ़ी शिवहर के हजारों किसानों के साथ मिल गेट से 26 जून को पैदल चलकर डुमरा अंबेडकर स्थल पर पहुंचकर आमरण अनशन प्रारंभ किया जाएगा। रीगा चीनी मिल मजदूर सभा के अध्यक्ष रामबाबू राय, दिगंबर मिश्र, मानव झा, मोहन सिंह आदि ने इस आंदोलन का समर्थन किया है।

### आम के पेड़ से लटका मिला अज्ञात युवक का शव



**बगहा** : भैरोगंज थाना क्षेत्र के बरवा गांव के बेलवा से त्रिभवानी चौक जाने वाली मुख्य सड़क से बरवा गांव के सामने से लगभग 100 मीटर पश्चिम की दूरी पर स्थित बसवारी में आम के पेड़ से लटका हुआ लगभग 30 वर्षीय युवक का शव को देखकर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी शव को देखकर लोग आपस में तरह-तरह की बाते करने लगे ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि सुबह लगभग 10:00 बजे खेत घूमने के दौरान कुछ ग्रामीणों ने शव को देखा जिसकी सूचना चारों तरफ आग की तरह फैल गई। उसके बाद ग्रामीणों के द्वारा उसकी सूचना भैरोगंज थाना को दी गई घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने शव को बरामद कर लिया। इस बाबत भैरोगंज थाना अध्यक्ष लालबाबू प्रसाद यादव ने बताया कि गस्ति टीम घटनास्थल पर पहुंची हुई है प्रशासन द्वारा अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शव को देखने पर प्रथम दृश्य हत्या का प्रतीत होता है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या के कारणों का पता चल सकेगा।

## विधायक ने अपने कार्यकाल व केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई

राष्ट्रीय खबर



**चकिया, पू चं** : स्थानीय विधायक श्याम बाबू प्रसाद यादव द्वारा बीती रात एनएच 28 स्थित एक निजी होटल के सभागार में महा जनसंपर्क अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्थानीय विधायक ने केंद्र सरकार तथा अपने कार्यकाल की उपलब्धियां बताई। वही कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने 9 वर्षो में देश के विकास में असाधारण उपलब्धियां हासिल की है। देश के सभी कोनों में विकास की अविरल गंगा बह रही है। हर घर को बिजली, माताओं के लिए इज्जत घर, गरीबों के स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान भारत योजना, किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना, रसोई गैस, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि कार्य मोदी के 9 वर्षों के कार्यकाल में ही संभव हुआ है। राम जानकी मार्ग बिहार के मेहरौना से प्रारंभ होकर सिवान, मसरख, केसरिया, चकिया, चोरमा, मधुबन होते हुए सीतामढ़ी तक जाएगी। जिसकी कुल लंबाई बिहार में लगभग ढाई सौ किलोमीटर होगी। इसके बनने के बाद अयोध्या तथा जनकपुर जाना आसान हो जाएगा। साथ हीं विधानसभा अंतर्गत अपने कार्यकाल में हुए विभिन्न कार्यों को गिनाया। मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता उर्फ बब्लू रोहित सिंह, नीरज यादव, नीरज सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## बीपीआरओ ने दो पंचायतों में चल रहे सरकारी योजनाओं की गहण जांच की

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च** : प्रखंड क्षेत्र के पंचायत दक्षिणी श्रीपुर और फुलवरिया में चल रहे हैं सरकारी योजनाओं का पंचायती राज पदाधिकारी नाजीश परवीन ने लिया जायजा।छठ घाट में लगे ईट,बालु,छड़ एवं गिट्टी के बारे में लोगों से विस्तृत जानकारी ली जिसमें ग्रामीणों द्वारा संतुष्टि जाहिर करते हुए सभी ने इस काम को सही बताया। साथ ही सरकार की महत्वकांक्षी योजना नल-जल के बारे में जानकारी ली जिसमें वार्ड नंबर 7 में बंद पाया गया और वार्ड का नही होना और गैरमौजूदगी पर कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही फुलवरिया में बन रहे छठ घाट का भी निरीक्षण किया उसमें लगने वाले सभी मटेरियल के बारे में लोगों से पूछताछ की जिसमें सभी सही पाया गया। इस संदर्भ में बीपीआरओ नाजिश परवीन ने बताया कि मेरे द्वारा बने छठ घाटों में लगे समाग्रीह की जांच की गई जिसमें सभी सही पाएं गये साथ ही पंचायत में चल रहे नल-जल योजना जिसमें सही तरीके से शुद्ध पेयजल लोगों तक पहुंच पा रहा है कि नही इसकी जानकारी स्थानीय लोगों से ली वार्ड नंबर 7 को छोड़ कर सभी वार्डों में विस्तृत रूप से चालू हालत में पाया गया। वार्ड के खिलाफ एक्शन लेते हुए कार्रवाई करने की बात कही।मौके पर पंचायत सचिव रंधिर कुमार, तकनीकी सहायक संजीव कुमार, लेखापाल अनुप्रिया सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### चौथे हत्या के प्रयास में धराया किलर, पुलिस ने भेजा जेल



**बगहा/मधुबनी** : धनहा थाना क्षेत्र के बैरा बाजार में रविवार को घायल लालजी यादव की मौत इलाज के दौरान हो गई। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया। एवं पोस्टमार्डम के बाद पुलिस द्वारा शव को परिवारजनों को सौप दिया गया। वही शव को रख परिवार एवं ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। एवं मांग किया गया कि आरोपी को फांसी की सजा मिले। आरोपियों के पट्टे की जमीन को रद्द कर इन सभी को गांव से बाहर कर दिया जाय। गौरतलब हो कि बैरा बाजार गांव निवासी अमला यादव द्वारा रविवार को अपने पड़ोसी को चाकू से मारकर घायल कर दिया गया था। जिनका ईलाज के दौरान मौत हो गई। बैरा बाजार मुसहरी गांव में लगातार हो रही हत्या से लोग दहशत में जी रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पकड़े गए आरोपी चचरे भाई समेत 7 लोग हैं। जिनका गांव में दहशत हैं। एक भाई उमा यादव पहले डाकू रह चुका है। एवं पड़ोसी से मारपीट के मामले में अभी जेल में है। जमीनी विवाद को लेकर अक्सर इनलोगो द्वारा पड़ोसियों से विवाद होता रहता था। उसके बाद हत्या की घटना घट रही हैं। अभी मुख्य हत्यारा अमला यादव पुलिस के गिरफ्त में है। बाकी सभी फरार है। पुलिस मौके पर केम्प कर रही हैं। वही हत्या के बाद मौके से चाकू एवं टीशर्ट बरामद किया गया है। बगहा एसपी किरण कुमार गोरख यादव ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि बैरा बाजार के मुसहरी टोला में एक व्यक्ति के द्वारा एक 75 वर्षीय वृद्ध को चाकू मारकर घायल कर दिया गया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। जिसमें एक व्यक्ति अमला यादव को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में धनहा कांड संख्या 121 / 23 दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तीन अन्य हत्याओं में भी इनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है।

## गबन : ग्राहकों के 1.13 करोड़ गबन में प्रबंधक समेत सात बैंककर्मियों पर मुकदमा दर्ज

▶▶ बैंक की दो सदस्यीय टीम की जांच में मामला सत्य, सातों हुए निलंबित

राष्ट्रीय खबर




**बगहा** : नगर थाना अंतर्गत बड़गांव स्थित बंधन बैंक में एक करोड़ तेरह लाख रुपए गबन का मामला प्रकाश में आने के बाद शाखा प्रबंधक सहित अन्य 7 बैंक कर्मियों पर मुकदमा दर्ज कराई गई है। शाखा प्रबंधक और बैंक कर्मियों के मिली भगत से ग्राहकों के लगभग एक करोड़ 13 लख रुपए की राशि का गबन कर ली गई है।

नगर थाना अध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि बंधन बैंक एरिया मैनेजर राहुल कुमार सिंह के आवेदन पर बैंक के शाखा प्रबंधक चनपटिया निवासी रंजन कुमार, बैंक कर्मी बेतिया बसवरिया निवासी राजू कुमार, साठी परोरहा निवासी धीरज कुमार, मोतिहारी पिपरा कोठी निवासी रंभू कुमार, जैतिया चनपटिया निवासी विकास कुमार एवं रामनगर निवासी चंदन कुमार पर मुकदमा दर्ज की गई है।

अपने आवेदन में उन्होंने बताया है कि कुछ दिन पूर्व बैंक के दर्जनों ग्राहकों ने शिकायत की गई थी, कि उनके खाते से जमा राशि की निकासी बिना उनकी जानकारी के कर ली गई है। इसके बाद बैंक के दो सदस्यीय अधिकारी संजय कुमार एवं ज्ञान प्रकाश ने मामले की जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि सभी बैंक कर्मियों के मिलीभगत से बैंक के 292 ग्राहकों के खाते से लगभग 1 करोड़ 13 लाख रुपए की निकासी कर ली गई है। मामले में उक्त कर्मियों की संलिप्तता उजागर होने के बाद बैंक प्रबंधन की ओर से सभी कर्मियों को निलंबित कर दिया गया। साथ ही साथ इस मामले में नगर थाने में उनके विरूद्ध आवेदन देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल के साथ आरोपियों की गिरफ्ती खोके लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

## मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, दो गिरफ्तार

▶▶ गन फैक्ट्री से भारी मात्रा में कारतूस सहित आग्नेयास्त्र किया जप्त

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : जिला पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। रामनगर में संचालित मिनी गन फैक्ट्री से भारी मात्रा में कारतूस, अग्नेयास्त्र, औजार सहित दो गन मिस्त्री को एसटीएफ के सहयोग से हिरासत में लिया गया है। दोनों गन मिस्त्री सगे भाई हैं जो अपने घर से ही हथियार निर्माण का कार्य करते थे। जिनको भारी मात्रा में कारतूस व बंदूक सहित गिरफ्तार किया गया है। इसे बगहा जिला बल के हाल के दिनो में एक बड़ी उपलब्धी बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गौरख जाधव ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर बताया कि रविवार की रात्री में एक छापेमारी दल जिसमे अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) दिनेश कुमार मिश्रा, रामनगर पु०नि० अर्जून कुमार, अपर थानाध्यक्ष पु०स०अ०नि० मनोज प्रसाद, एसटीएफ की टीम तथा अन्य पुलिसकर्मियों के साथ गुप्त सूचना के आधार पर रामनगर थाना क्षेत्र के फूलकौल गाँव निवासी दो भाई मिनहाज अली उर्फ छोटू खाँ तथा जफीर खाँ के घर पर छापेमारी की गई जहाँ बड़ी मात्रा में अवैध अग्नेयाश्त्र एवं कारतूस तथा अवैध अग्नेयाश्त्र बनाने का औजार मिले। मौके पर हीं दोनो अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया तथा इस संबंध में रामनगर थाना काण्ड संख्या - 285 / 23 शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत दोनो पर प्राथमिकी अंकित कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। गिरफ्तार गन मिस्त्री के घर से 351 पीस 12 बोर का खोखा, 05 जिन्दा कारतूस, 1 लोहे का मैग्जीन, 1 बेल्डिंग रड का पैकेट, लोहे की भाथी, लोहे का रेती, सरेस कागज, लोहे का स्प्रिंग, लोहे का पिलास, एयर गन, एक पाकेट एयर गन का गोली, एक एकनाली बन्दूक बरामद किया गया है।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने किया ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षात्मक बैठक

## अनुपस्थित रहने पर उप विकास आयुक्त लखीसराय से स्पष्टीकरण की मांग

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर** : प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रमंडलीय सभागार में कल ग्रामीण विकास एवं अन्य संबंधित योजनाओं के संबंध में प्रमंडल स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई थी। बैठक में आयुक्त के सचिव, आयुक्त के विशेष कार्य पदाधिकारी एवं प्रमंडल अन्तर्गत लखीसराय को छोड़कर सभी उप विकास आयुक्त तथा सभी जिलों के जिला पंचायती राज पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बिना अनुमति एवं सूचना के अनुपस्थित रहने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उप विकास आयुक्त लखीसराय से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश आयुक्त ने दिया।

बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्ट्रीट लाईट योजना, सात निश्चय योजना, जल जीवन हरियाली योजना, पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि चयन की स्थिति एवं अन्य विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाएं समाज के गरीब एवं कमजोर वर्गों के लिए क्रियान्वित की जाती है। अतएव, सभी उप विकास आयुक्त व्यक्तिगत रूचि लेते हुए इन योजनाओं का लाभ योग्य लाभार्थियों को उपलब्ध करायें एवं योजनाओं में प्राप्त लक्ष्य का शत प्रतिशत उपलब्धि ससमय प्राप्त करें तभी इन योजनाओं की सार्थकता होगी।मनरेगा योजना अन्तर्गत लक्ष्य के विरूद्ध मानव सृजन के संदर्भ में खगड़िया जिला के 55.13 एवं शेखपुरा जिला के 62.66 प्रतिशत उपलब्धि पर असंतोष व्यक्त करते हुए मानव दिवस सृजन में इस माह के अन्त तक लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने का निदेश दिया गया।

सात निश्चय योजना की समीक्षा में आयुक्त ने कहा कि आर्थिक हल युवाओं को बल योजना के अवयवों यथा बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता भत्ता एवं कुशल युवा कार्यक्रम प्रगति लाकर ही सात निश्चय योजना के स्टेट रैकिंग में सुधार ला सकते हैं। जल जीवन हरियाली योजनांतर्गत जल निकायों के अतिक्रमणमुक्त करने की समीक्षा में अपेक्षाकृत छोटे जिला यथा शेखपुरा एवं जमुई जिला की तुलना में मुंगेर, खगड़िया, बेगूसराय जिला के कम संख्या प्रतिवेदित रहने पर संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अंचलाधिकारियों के माध्यम से पुनः सर्वे करा लें कि कोई जल स्त्रोत जो अतिक्रमित है, छूटा हुआ है या नहीं। आयुक्त ने कहा कि आहर, पईन के जीर्णोद्धार में मनरेगा योजना के तहत काफी शिकायतें मिलती हैं, अतएव सभी योजना स्थल पर योजना से संबंधित बोर्ड लगाएं। जॉबकार्ड, मास्टर रोल अद्यतन रहे। औचक रूप में सैंपल रूप में भौतिक जांच करें कि योजना का क्रियान्वयन पारदर्शी तरीके से हुआ है या नहीं। जिनका नाम मास्टर रोल में है उनके द्वारा किया गया है या नहीं। सार्वजनिक कुओं के जीर्णोद्धार की भी समीक्षा की गयी।

### पुल निर्माण होने से लोगों में हर्ष



**बगहा/पिपरासी** : पिपरासी प्रखंड के दो नदियों के गर्भ में अवस्थित दियारे के बलवा ढोरी पंचायत मे पुल निर्माण से लोगों में खुशी की लहर है। बहुत दिनों से दो गांव को जुड़ाव के लिए पुल की मांग ग्रामीणों के द्वारा किया जा रहा था। पुल नहीं रहने के कारण लोग जान जोखिम में डालकर नाव की सवारी या तैर कर बरसात के दिनों में आते जाते थे। टांड़ी टोला और मुजा टोला के करीब 400 घरों की आवागमन इस पुल से हो रहा है। उप मुखिया रंजीत यादव, रामधनी यादव, साधु यादव, राजू कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा आदि ने बताया कि स्थानीय मुखिया के द्वारा इस पुल का निर्माण कार्य कराई गई है। जो जनहित में बेहतर कार्य मुखिया के द्वारा किया गया है। नाला में पुल नहीं रहने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। आज सरपट वाहन, बैलगाड़ी की आवाजाही शुरू हो गई है। मुखिया संतोष कुशवाहा ने बताया कि पंचायत निधि से ग्रामीणों के विशेष मांग पर करीब सात लाख की लागत से इस पुल का निर्माण कार्य कराई गई है। बरसात के दिनों में मुजा टोला और टांड़ी टोला का कनेक्शन कट जाता था। नाव की सवारी कर लोग जान जोखिम में डालकर आते जाते थे।

# उपलब्धि : ट्रिपल हत्या के बाद आतंक का पर्याय बना साइको किलर रंगे हाथ धराया

## बाजार से लौट रहे 61 वर्षीय बुजुर्ग पर दिनदहाड़े किया हमला, शोरगुल सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने दबोचा

बुजुर्गों पर हमला कर उतार देता था मौत की घाट

राष्ट्रीय खबर



**मधुबनी/बगहा** : धनहा थाना क्षेत्र के मुसहरी बैरा बाजार गांव में आतंक का पर्याय बन चुका ट्रिपल हत्या का आरोपी साइको किलर पकड़ा जा चुका है। जिसकी पहचान स्थानीय अमल यादव के रूप में हुई है। एक और बुजुर्ग की हत्या करने के प्रयास के दौरान ग्रामीणों ने उसको दबोच लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल ग्रामीणों के कब्जे से छुड़ा कर अपने कब्जे में ले लिया। जिससे नाराज ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर रखा था। ट्रिपल हत्या के बाद मुसहरी बैरा के ग्रामीणों में इतना आतंक हो गया था कि शाम होते ही सब के दरवाजे बंद हो जाते थे तथा रात के अंधेरे में किसी की हिम्मत नहीं होती थी कि वह घर से बाहर निकले। साइको किलर के पकड़े जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है। साइको किलर रविवार के दोपहर बाद एक और बुजुर्ग पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी हो गया। लेकिन इसी दौरान ग्रामीणों ने हमलावर को पकड़ लिया। इसी दौरान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हमलावर को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ा कर अपने कब्जे में ले लिया। वही गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए पुलिस ने मधुबनी पीएचसी पहुंचाया। लेकिन मुसहरी बैरा बाजार गांव के लोग आक्रोशित हो गए एवं हमला करने वाले आरोपी को लोगो के समक्ष प्रस्तुत करने की मांग करते हुए थाना के सामने पहुंच कर हमलावर को ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत करने की मांग करते हुए धनहा-बांसी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। वही पुलिस ने हमलावर को हिरासत में लेकर सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया। बताया जाता है कि बैरा बाजार गांव निवासी लालजी यादव उम्र 60 वर्ष डीही बाजार से बाजार कर अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान डीही एवं बैरा बाजार के बीच मोड़ के समीप प्राइवेट विद्यालय के पास सुनसान जगह पर हमलावर ने लालजी यादव के पेट में चाकू मार दिया। जिससे लालजी यादव का पेट फट गया एवं वह गंभीर रुप से जख्मी होकर गिर गए। इस दौरान शोरगुल सुनकर गांव के लोगों ने चारों तरफ से हमलावर को घेरकर पकड़ लिया। तब तक धनहा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर हमलावर को अपने कब्जे में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक आक्रोशित बैरा बाजार गांव के ग्रामीणों ने हमलावर को ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत करने की मांग पर पड़े हुए थे। बता दें कि 24 मई को मुसहरी बैरा बाजार गांव निवासी 70 वर्षीय लक्ष्मी यादव पर अज्ञात हमलावर ने धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया था। जिनकी मौत 4 जून को इलाज के दौरान हो गई थी। वही 5 जून की रात अज्ञात हमलावर ने बैरा बाजार गांव निवासी पहवार यादव 80 वर्ष एवं झलरी देवी 75 वर्ष के ऊपर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। लेकिन पुलिस लगातार ट्रिपल हत्या करने वाले हत्यारोपी की तलाश कर रही थी। इसी दौरान रविवार की देर शाम भी हमलावर ने 60 वर्षीय लालजी यादव के पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया। लेकिन हमलावर किस कारण से बुजुर्गों पर हमला कर रहा है इसका पता पुलिस के पूछताछ के बाद ही चल सकेगा। धनहा थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि हमलावर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा हो जायेगा।

## बाइक की ठोकर से मौत पर भड़के ग्रामीण सड़क जाम कर मुआवजे पर अड़े

मुखिया व पूर्व पार्षद ने समझा-बुझा कर किया आवागमन बहाल

राष्ट्रीय खबर

**पिपरासी/बगहा** : थाना क्षेत्र के मंझरिया पंचायत स्थित दलित बस्ती पांडेय छपरा गांव में बाइक की ठोकर से जख्मी आठ वर्षीय बच्चा की मौत रविवार की अहले सुबह हो गई। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सितुहिया बाजार से बहरी स्थान तक गुजरने वाली मुख्य सड़क को करीब एक घंटे तक शांति पूर्वक जाम कर दिया। जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। रोड पर मृतक का शव रखकर सड़क जाम कर दिया गया। पूर्व जिला परिषद सदस्य मनोज कुशवाहा, मुखिया चंद्रिका गुप्ता आदि के द्वारा समझा-बुझाकर जाम को समाप्त कराया गया । शव को रोड पर रखकर मुआवजे और आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की जा रही थी।थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि सुबह आरोपी के घर छापेमारी किया गया। बाइक चालक नीरज यादव घर से फरार था। उसके घर से बाइक जप्त कर लिया गया है । प्राथमिकी भी दर्ज कर ली गई है । तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दी गई है। बतादें कि 14 जून को शाम पांडेय छपरा गांव निवासी नीरज मुसहर, दूधनाथ मुसहर, दीपक को अनियंत्रित बाइक के द्वारा ठोकर मारकर जख्मी कर दिया गया था। ये लोग बहरी स्थान में स्वजन के साथ बाजार जा रहे थे। वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुशवाहा ने इस पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन से मुआवजा दिलाने की निर्देश सीओ को दिया है। सीओ ललित कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन पत्र और मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने के बाद आपदा प्रबंधन से पीड़ित परिवार को मुआवजा की अनुशंसा जिला में किया जाएगा। उधर, मृतक की सूचना मिलने के बाद गांव में मातम का माहौल है। पुलिस सघन छापेमारी आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए कर रही है।

## जागरूकता : प्रभारी बीडीओ ने पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

### स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है, कूड़ा को यत्र-तत्र नहीं फेंके

राष्ट्रीय खबर



**मझौलिया, प च** : प्रखंड में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवजन्म राम ने मझौलिया पंचायत में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। जहां उन्होंने पंचायत वासियों को स्वच्छ रहने स्वस्थ रहने आस-पड़ोस को साफ सुथरा रखने का मूल मंत्र देते हुए निरोग रहने का पाठ पढ़ाया। उन्होनें लोगों से अपील किया कि अपने अपने घरों का कूड़ा-कचरा निर्धारित डिब्बे में डालकर कचरा संग्रह करने वाले को दे। मुखिया महासंघ के जिला सचिव सह मझौलिया मुखिया सत्यप्रकाश ने पंचायत वासियों से अपील किया कि अपने अपने घरों को साफ सुथरा रखते हुए पास पड़ोस को भी साफ सुथरा रखें। नीले और हरे रंग के डस्टबिन में निर्धारित कचरा इकट्ठा करें। ई रिक्शा के माध्यम से कचरा संग्रह करने वालों को अपने अपने घरों का कचरा दे दे। पंचायत को साफ सुथरा बनाने में पंचायत वासी सहयोग करें। इस अवसर पर उप मुखिया पार्वती देवी, भिखारी देवान ,तेतरी देवी, पूरन मांझी ,मंजू देवी ,धनंजय कुमार, अफसाना खातून, इंदु देवी, गीता देवी, दिनेश मुखिया, मनोज ठाकुर ,सांझा देवी ,अली राज हुसैन ,सुनील कुमार आदि वार्ड सदस्यों सहित प्रखंड समन्वयक मधुसूदन कुमार ,दुर्गा प्रसाद, नरेश कुमार बैठा सहित कचरा संग्रह ग्रही भी शामिल थे।

गौरतलब हो कि प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा पंचायत भवन परिसर ,प्रखंड कार्यालय परिसर, अंचल कार्यालय परिसर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, मनरेगा कार्यालय परिसर ,जीविका कार्यालय परिसर, सहित बाजार चौक एवं आसपास के दुकानों तथा घरों में कचरा संग्रह डिब्बा की व्यवस्था करते हुए लोहिया स्वच्छता अभियान बिहार का पर्ची भी काटा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक घर से 30 प्रतिमाह, विद्यालय से 60 तथा दुकान से 90 प्रतिमाह राशि वसूलनी है। उक्त राशि को कचरा संग्रह करने वाले को प्रतिमाह पारिश्रमिक दिया जाएगा। उन्होंने लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत जागरूक करते हुए अरविंद कुमार, संदीप कुमार, मुतुर्जा खान, मकसूद आलम, सरफराज आलम, सुरेश महतो, कमलेश कुमार, मनोज कुमार, मदन पटेल, मोहित कुमार, हमराज रौशन सहित अन्य दुकानदारों का सुविधा शुल्क की पर्ची काटी गई।

## हिंदी माध्यम में उपयोगी साबित होगा भौतिकी का पुस्तक : डा. विनोद

राष्ट्रीय खबर




**ह. खड़गपुर** : नगर मुख्यालय स्थित एचीवर पॉइंट कोचिंग संस्थान में पुस्तक लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एचएस कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त पूर्व प्रभारी प्राचार्य वेदानंद चौधरी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपक पांडे व कमलेश पांडे के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। संस्था की छात्रा सैजल, सुमन, कोमल के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।संस्था प्रमुख संतोष मैथ्यू के पुस्तक विमोचन के अवसर पर मुख्य अतिथि डा. विनोद कुमार ने पुस्तक के लाभ और वर्तमान संदर्भ में पुस्तक की उपयोगिता की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने के सही दिशा में उपयोग पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि वेदानंद चौधरी ने कहा कि हिंदी भाषा में विकास के लिए उत्तर भारत में बीएचयू को इसका सेंटर बनाया गया तथा इससे जुड़े शब्दावली संस्था का गठन किया गया। संस्था प्रमुख संतोष मैथ्यू ने पुस्तक के उद्देश एवं महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण परिवेश के बच्चों को हिंदी माध्यम में कांसेप्ट के साथ-साथ अधिकांश न्यूमेरिकल का संकलन करना जो नीट/जेईई मेंस/ बिहार बोर्ड आदि समेत अन्य परीक्षा में यह पुस्तक बहुत ही फायदेमंद साबित होगा। केशव कुमार सिंह ने हिंदी भाषा में लिखे भौतिकी की पुस्तक के सरलतम रूप की चर्चा की। इस मौके पर मनोज कुमार यादव, केशव कुमार सिंह, हरिवंश सिंह, संजय कुमार, विवेक कुमार, ऋषि कुमार, मुरारी कुमार, आयुष, गोलू, प्रिंस, सत्यम, सहित गण्यमान मौजूद थे।

## भाजपा मंडल अध्यक्षों के बीच बूथ कीट का हुआ वितरण



**बेगूसराय** : भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार के आवास पर तेघड़ा विधानसभा प्रभारी मृत्युंजय कुमार विरेश के नेतृत्व में विधानसभा के मंडल अध्यक्षों के बीच बूथ कीट वितरित किया गया। बूथ कीट प्रदान करते हुए विधानसभा प्रभारी ने कहा कि अगर अपने-अपने बूथ को जीत लिया तो समझो कि हर चुनाव में भाजपा विजयश्री का पताका लहराएगा। इसलिए पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने बूथ को मजबूत करने में लग जाएं। भारतीय जनता पार्टी ने महाजनसंपर्क अभियान के मद्देनजर बूथ पुनर्गठन और सशक्तिकरण का कार्यक्रम शुरू किया है। वहीं, लोकसभा संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन पप्पू ने कहा कि भाजपा राजनीतिक दल ही नहीं बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पार्टी है। जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के दिए गए सामाजिक न्याय के संस्कारों को लेकर आगे बढ़ा रही है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार, सांसद प्रतिनिधि कृष्णनंदन, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सीताराम, किसान मोर्चा महामंत्री सरोज राय, बिहट भाजपा मंडल उपाध्यक्ष केशव कुमार, बिहट भाजपा के मंडल अध्यक्ष यशस्वी आनंद, बरौनी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजा पासवान, बरौनी नगर मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार गुड्डू, तेघरा नगर मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार एवं मनोहर कुमार उपस्थित थे।

## बेखौफ अपराधियों ने की गोलियों का बौछार, पुरानी रंजिश मे हमले की आशांका

**मुजफ्फरपुर** : जिले के अहियापुर मे फिर से एक गोलीबारी की घटनाएं प्रकाश मे आया है। पुलिस व्यवस्था को चुनौती देते हुए बेखौफ बदमाशों ने शुक्रवार की रात मेडिकल फोरलेन पर संगम घाट के पास बाइक सवार दो लोगों पर गोलियो का बौछार कर दिया। इसमें न्यू जीरोमाइल के कातिब अंजनी कुमार सिंह को पेट समेत अन्य जगहों पर पांच गोलियां लगी हैं। वहीं, उनके साथ बाइक पर बैठे अखाड़ाघाट नाजिरपुर के विकास कुमार सिंह को दो गोलियां लगी हैं। गोली लगने के बाद भी बाइक चलाते हुए अंजनी निजी अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों द्वारा उन दोनों का इलाज किया गया। सूत्रो के मुताबिक प्रारंभिक जांच में पता चला कि भूमि विवाद के रंजिश में गोली मारी गई है। हालांकि, लूटपाट की आशंका की बिंदु पर भी पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक अहियापुर थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि घायल का बयान दर्ज होने के बाद ही घटना का कारण स्पष्ट हो पाएगा। बताया गया कि शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे अंजनी मेडिकल फोरलेन स्थित एक निजी अस्पताल से सटे अपने प्लाट पर से कुछ लोगों से बातचीत कर विकास के साथ बाइक से घर को निकले ही थे कि, कुछ मिनट बाद ही बाइक सवार बदमाशों ने दोनों को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसमें अंजनी व विकास को गोलियां लग गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस छानबीन में जुट गई है।

## परेशानी : मच्छरगांवा में दर्जनों चापाकल से नहीं निकल रहा है पानी

### जलस्तर में आई कमी, पेयजल की किल्लत से परेशान हैं जनमानस

पानी खरीदने की नौबत

राष्ट्रीय खबर




**बेतिया** : योगापट्टी के मच्छरगांवा नगर पंचायत के मच्छरगांवा बाजार के दर्जनों परिवारों के घरों सहित चौक चौराहों पर लगे चापाकल सूख गए हैं। साथ ही सभी चापाकलों के जलस्तर में कमी आई है। अब मच्छरगांवा सहित आस पास के अन्य गांवों में भी पानी का संकट गहराने लगा है। मच्छरगांवा बाजार समेत कई जगहों के अन्य लोगों के घरों में लगा चापाकल सूख गये हैं । इस वजह से लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है।

हाल यह है कि ग्रामीण पानी खरीद कर पीने और खाना बनाने को मजबूर हो गये हैं। जिन घरों के परिवारों की संख्या ज्यादा है, वैसे लोग अपने अपने रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं। मच्छरगांवा पुरानी चौक व ठाकुर धाम मंदिर में लगे चापाकल कल का जलस्तर फिलहाल ठीक है। इस कारण इन दोनों चापाकलों से लोग दिन भर और आधी रात तक डब्बा व अपने बर्तन में बच्चे, बूढ़े, महिलाएं पानी ढोकर अपने घर ले जा रही हैं। ग्रामीण लोगों में अखिलेश, संतु आदि लोगों ने बताया कि मौसम काफी गर्म है कड़ी धूप निकल रही है। कहीं आने जाने में काफी कठिनाई हो रही है। और, इधर चापाकलों से पानी सूख जाने के कारण खाना बनाने पानी पीने व स्नान करने में काफी कठिनाई हो रही है। हम लोग पानी खरीद कर पीने को मजबूर है।

## जन वितरण प्रणाली की दुकानदारों की बैठक संपन्न

### कमेटी का गठन, हारून अध्यक्ष व सऊद बनें उपाध्यक्ष

राष्ट्रीय खबर



**मझौलिया** : प्रखंड के पुराना पेट्रोल पंप स्थित मैनेजर यादव के आवास पर फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन अंबेडकर गुट के प्रखंड स्तरीय संगठन के चुनाव के लिए प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली की दुकानदारों की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जन वितरण प्रणाली के दुकानदार मोहम्मद हारून हाफिज ने की। सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद हारुन हाफिज, उपाध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद सऊद आलम ,सचिव मैनेजर प्रसाद यादव, उप सचिव मदन राम, कोषाध्यक्ष रामेश्वर पटेल, उप कोषाध्यक्ष राम विनय कुशवाहा, मीडिया प्रभारी मोहन प्रसाद उर्फ भोला, उप मीडिया प्रभारी सुभाष कुमार, पांच कमेटी सदस्यों में रामचंद्र पासवान, यादव लाल राम, रीना देवी, राजेश प्रसाद वर्णवाल, संजीव कुमार का चयन किया गया। इस कमेटी के सफल पूर्व संचालन करने के लिए सदस्यों ने 12 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद हारून हाफिज ने कहा कि संगठन के संचालन मिलजुल कर की जाएगी। मौके पर रमेश हाजरा, हरेंद्र प्रसाद, जितेंद्र भगत, मोहम्मद नौशाद आलम, मैनेजर प्रसाद कुशवाहाा, कृष्णा राम, जय नारायण राम रामबाबू सिंह, राज किशोर दास, मुखलाल राम, उमेश कुमार, मोहम्मद रहमान मियां, चंदेश्वर प्रसाद यादव, ध्रुव प्रसाद यादव, अमरेश यादव आदि उपस्थित थे।

## ग्रीष्मावकाश में पढ़ाए गए विषयवस्तु ऑनलाइन साझा कर रहें शिक्षक सुनिल

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : सूबे के सरकारी विद्यालयों में 6 जून से 25 जून तक ग्रीष्मावकाश के कारण पठन-पाठन बंद है। इस दौरान बच्चों में पढ़ाई की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से स्थानीय शिक्षक सुनिल कुमार बीते दिनों विद्यालय में पढ़ाए विषयवस्तु की जानकारी अपडेट कराने के लिए समय-समय पर सोशल मीडिया के माध्यम से ऑनलाइन साझा कर रहें हैं। शिक्षक के इस कार्य की जमकर सराहना हो रही हैं। उन्होंने बताया कि अपने दायित्वों का निर्वहन करना हमारा कर्तव्य है। बच्चों की पढ़ाई की निरंतरता के लिए पढ़ाए गए विषयवस्तु ऑनलाइन साझा करते हैं, ताकि उससे विद्यार्थियों सहित अन्य शिक्षाप्रेमी भी लाभान्वित हों। गर्मी की छुट्टी में लम्बा गैप होने से बच्चों में पढ़ाई के प्रति लगाव थोड़ा कम होने लगता है। ऐसे में यह उपाय सूझा कि बीते दिनों पढ़ाए गए जानकारी को साझा किया जाय। इससे बिना बोझ के वे जानकारी अपडेट कर लेंगे।

## नगर क्षेत्र में लोजपा को किया जाएगा मजबूत : संजय

**ह. खड़गपुर** : नगर के नंदलाल बसु चौक स्थित नगर लोजपा( आर ) अध्यक्ष संजय ठाकुर के आवास पर लोजपा( रामविलास ) की बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता नगर लोजपा (आर ) अध्यक्ष संजय ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रधान महासचिव संजय पासवान विशेष रूप से मौजूद थे। लोजपा( आर ) के जन पंचायत यात्रा के उपरांत पार्टी के प्रधान महासचिव संजय पासवान ने संगठन की मजबूती को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही नगर परिषद क्षेत्र में लोजपा (आर ) के संगठन को मजबूत करने को लेकर कई रणनीति बनाई गई। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव कुमार शिट्ठू, प्रमोद पासवान, डा. सर्वेश, चंद्रशेखर चौधरी, रविंद्र पासवान, युवा नगर अध्यक्ष रंजीत उर्फ भोलू, विकास, बिट्टू, जयप्रकाश, टिंकू, अंकित, टुनटुन, राहुल, सुनील ठाकुर आदि समेत पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लोकसभा के हर चौक चौराहे पर हो पेयजल की व्यवस्था : एपी पाठक

**बगहा** : भाजपा नेता सह पुर्व एडीजी भारत सरकार एपी पाठक द्वारा वाल्मिकीनगर लोकसभा क्षेत्र में महाजनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जहां वो लोगों की समस्याएं सुनने के साथ ही मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बता रहें हैं। इसी कड़ी में सिकटा, गौनहा आदि का उन्होंने दौरा किया। जहां, लोगों ने पेयजल समस्या से अवगत कराया।लोगों ने बताया कि जल श्रोत सुख गया है और जमीन के अंदर पानी का लेयर भी बहुत अंदर तक है। जिससे पानी सही रूप में निकल नही पाता और कई जगहों पर तो पानी साफ मात्रा में भी नहीं है। जिससे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । इस संदर्भ में भाजपा नेता एपी पाठक ने नरकटियागंज के अनुमंडल पदाधिकारी से बात कर समस्या समाधान करने हेतु निवेदन किया। उन्होंने मिडिया से बताया कि जैसे बेतिया लोकसभा क्षेत्र के अंदर चौक चौराहों और दफ्तरों पर पेयजल की व्यवस्था है। वैसे ही वाल्मिकीनगर लोकसभा क्षेत्र के अंदर राहगीरों और आम नागरिकों के लिए शुद्ध और शीतल पेयजल की व्यवस्था होनी चाहिए ।

## ऑल इण्डिया स्टुडेंट्स फेडरेशन का जिला कन्वेंशन सम्पन्न

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया** : ऑल इण्डिया स्टुडेंट्स फेडरेशन का जिला कन्वेंशन बलिराम भवन के सभागार में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम शहिद छत्रों, मजदूरों, किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, कन्वेंशन का उदघाटन ए आई एस एफ के राज्य नेता कंचन कुमार ने करते हुए ए आई एस एफ के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए, वर्तमान शिक्षा नीति की व्याख्या करते हुए इसे विज्ञान एवं तर्क विरोधी बताया साथ ही शिक्षा के निजिकरण का भी विरोध करते हुए छात्र आंदोलन को तेज करने का आह्वान किया, महंगी शिक्षा के कारण शिक्षा आम आदमी से बाहर होती जा रही है, इसके खिलाफ भी सस्ती एवं सुलभ शिक्षा के लिए संगठित होकर आंदोलन करने का आह्वान किया 23 जुलाई से 25 जुलाई तक मुजफ्फरपुर में ए आई एस एफ के होने वाले राज्य सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया, कन्वेंशन को ए आई एस एफ के पूर्व राज्य अध्यक्ष ओम प्रकाश क्रांति ने संबोधित करते हुए बताया कि इस देश में सार्वजनिक शिक्षा को बहाल कराने में, देश की आजादी के आंदोलन में, वैज्ञानिक शिक्षा एवं शिक्षा के क्षेत्र के कई सवालों को लडने वाला संगठन ए आई एस एफ है। इस संगठन को मजबूत किए बिना और संगठित होकर आंदोलन किए बिना शिक्षा को बचाना मुश्किल है, शिक्षण सामग्रियों पर जी एस टी लगाया जाना घोर अन्याय हैं, जब तक शिक्षा सस्ती और सुलभ नहीं होगा तब तक शिक्षा आम पहुच से बाहर ही रहेगी, इसलिए शिक्षा को बचाने की हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है, कन्वेंशन को आदर्श कन्या उच्च विद्यालय के निदेशक अमृतमा प्रकाश, पूर्व छात्र नेता केदार चौधरी, अशोक मिश्र, नागेश्वर दत तिवारी, आदि ने संबोधित किया, 15 सदस्यों की जिला कन्वेनिग कमिटी का गठन किया गया, तथा राज्य सम्मेलन के लिए पांच प्रतिनिधियों का भी चयन किया गया। कन्वेंशन में चनपटिया, लौरिया, मैनाटांड, नौतन, बैरिया, बेतिया के साथ साथ एम जे के, आर र एल एस वाई, गहरी कालेज के छात्रों के साथ साथ कई उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं ने कन्वेंशन में हिस्सा लिया, हिस्सा लेने वालों में करिश्मा, चांदनी, डेजी, मुकेश कुमार, राजन कुमार, आशुतोष, सूरज सुमन, संदीप, मुखलाल, संजय, आदित्य हिमान्शु, देवानुंसू, संतोष, माधवी, ज्योति, आदि उपस्थित रहे। कन्वेंशन की अध्यक्षता लक्की कुमारी, नरेन्द्र सिंह ने संयुक्त रुप से किया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी बैठक संपन्न

**नरकटियागंज** : आर्य समाज द्वारा 21 जून 2023 को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी बैठक आर्य सभागार में मंदिर के प्रधान रामेश्वर प्रसाद आर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आर्य समाज के प्रवक्ता अमरेश आर्य ने बताया कि 21 जून 23 को आर्य समाज मंदिर रोड में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया है। जिसमें भारत की प्राचीन योग्य विद्या को जन-जन योग विद्या तक पहुंचाने के के लिए संवाहक संस्था पतंजलि योग केंद्र हरिद्वार से आचार्य भागवत देव योग के विभिन्न विद्याओं से अवगत कराएंगे। इस वर्ष योग दिवस का आदर्श वाक्य वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग है, युग के लिए, योग एवं निरोगी जीवन जीने के लिए योग है। उपर्युक्त बैठक में राजेश कुमार आर्य, सुमन कुमार आर्य, मुन्ना कुमार आर्य, पुजारी प्रसाद आर्य, प्रशांत कुमार आर्य, देव प्रकाश कुमार आर्य, विवेक कुमार आर्य, सुधीर कुमार आर्य, जयप्रकाश आर्य,मनीष कुमार, प्रयाग कुमार, सत्यवीर आर्य, रवि रंजन कुमार आर्य, शत्रुघन सिंह आर्य, जयदेव कुमार एवं गंगा कुमार उपस्थित रहे।

## अपहरण व दुष्कर्मी को 10 व अपहर्ता को 7 वर्ष की सजा

**बेतिया** : जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश जावेद आलम ने अवयस्क अपहरण व दुष्कर्म मामला में फैसला सुनाया है। साठी थाना क्षेत्र के दो लोगों को 10 वर्ष एवं 7 वर्ष की सजा व दोनों को अलग-अलग 20000 अर्थ दण्ड की सजा मुकर्र किया है। जबकि पीड़िता को 5,00,000 अनुग्रह अनुदान की राशि बिहार सरकार को देने का आदेश किया है। यह सजा साठी थाना कांड संख्या 29/ 2022 मामले में सुनाई गई है। उपर्युक्त घटना की प्राथमिकी में बताया गया है कि साठी थाना क्षेत्र के चंदन कुमार साह ने एक किशोरी का अपहरण कर नरकटियागंज एक होटल में ले जाकर राकेश कुमार साह को सौंप दिया, जहां राकेश ने दुष्कर्म को अंजाम दिया।

संपादकीय

# अब एन बीरेन सिंह को हटाया जाना चाहिए

मणिपुर में हिंसा जारी है और मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का आचरण मुख्यमंत्री जैसा नहीं बल्कि एक मैतेई समुदाय के नेता का बनकर रह गया है। शायद इसी वजह से कुकी और अन्य आदिवासी समूहों ने सरकार पर हिंसा को बढ़ावा देने अथवा संरक्षण देने का आरोप लगाया है। दूसरे साफ शब्दों मे कहें तो केंद्र के लिए सीधे कदम उठाने और मणिपुर प्रशासन का प्रभार लेने का समय आ गया हो। तीन मई से लगातार जारी हत्या, हाथापाई और लूट के हिंसक तांडव को रोकने में एन बीरेन सिंह की भाजपा सरकार पूरी तरह विफल रही है. अब तक सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं. 50,000 से अधिक लोगों को अपना घर छोड़कर शिविरों और अन्य जगहों पर शरण लेने के लिए मजबूर किया गया है। दंगाइयों ने आगजनी और लूटपाट के कृत्यों में सैकड़ों करोड़ रुपये की सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट कर दिया है। यहां तक कि सेना के काफिले भी सशस्त्र गुंडों के खुले हमलों का निशाना बन गए हैं। पुलिस थानों से हजारों आग्नेयास्त्र लूट लिए गए हैं, जिनमें से कई को आग के हवाले कर दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह के मौके पर निरीक्षण और आगे के निर्देश के लिए राज्य का दौरा करने के बावजूद, हिंसा में कमी के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। वास्तव में, एक दूसरे के खून के लिए तरस रहे विभिन्न जातीय समूह फिर से संगठित हो गए हैं, हिंसा में लिप्त हो गए हैं, और यहां तक कि राज्य और केंद्र सरकारों के मंत्रियों को भी निशाना बनाया गया है। बड़ी संख्या में सेना और अर्धसैनिक बलों की उपस्थिति के बावजूद भीड़ ने हिंसा करना जारी रखा है। यह सेना और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सख्त निर्देश के कारण हो सकता है कि वे स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अत्यधिक बल का प्रयोग न करें, विशेष रूप से किसी भी परिस्थिति में उन्हें गुस्साई भीड़ पर गोलियां नहीं चलानी चाहिए। शायद इसी से बदमाशों के हौसले बुलंद हो गए हैं कि वे अपनी हिंसक होड़ को जारी रखें। लेकिन सच तो यह है कि इंफाल में भी अब बीरेन सिंह सरकार की हुकूमत नहीं चलती। लंबे समय में कभी भी स्थिति इतनी हिंसक और नियंत्रण से बाहर नहीं हुई है जितनी वर्तमान में है। यहां तक कि लंबे समय तक कर्फ्यू और इंटरनेट पर प्रतिबंध से भी स्थिति को नियंत्रण में लाने में मदद नहीं मिली है। कुछ तत्काल किया जाना चाहिए। जब विपक्ष यह आरोप लगाता है कि मणिपुर की स्थिति में स्वयं प्रधानमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप नहीं किया है तो वह अंकगणित करता है। अगर उनके बोलने या इम्फाल जाने से मामले को सुधारने में मदद मिल सकती है तो हमें यकीन है कि उन्होंने अब तक ऐसा कर लिया होता। इसके अलावा, जब स्थिति सामान्य से बहुत दूर है, तब प्रधानमंत्री का दौरा केवल राज्य के नागरिक और पुलिस प्रशासन की ऊर्जा और ध्यान को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक रूप से मोड़ेगा। यहां तक कि कुछ विपक्षी दलों का यह आह्वान भी बचकाना लगता है कि वह अमेरिका की अपनी आने वाली राजकीय यात्रा को छोड़ दें और मणिपुर पर ध्यान केंद्रित करें। फिर भी, राज्य के दो मुख्य समुदायों, इंफाल घाटी में केंद्रित गैर-आदिवासी मेइती और पहाड़ी क्षेत्रों पर कब्जा करने वाले आदिवासी कुकियों के बीच खुले युद्ध जैसी स्थितियां नियंत्रण से बाहर लगती हैं। विभाजन इतना तीक्ष्ण है कि कोई भी स्थिति जो उन्हें एक दूसरे के निकट खोजने का प्रयास करती है, विफल होने की संभावना है। लंबे समय से सुप्त पड़े इस जातीय संघर्ष का कोई आसान समाधान नहीं है। इस समय, दोनों समुदायों में सद्भावना रखने वाले लोग नीचे लेटे हुए हैं, उन्हें डर है कि उन्हें चुप करा दिया जाएगा। केंद्रीय शासन के तहत सेना द्वारा प्रत्यक्ष नियंत्रण की एक अवधि अगला सबसे अच्छा कदम हो सकता है। विधिवत निर्वाचित राज्य सरकार को बर्खास्त करना आदर्श नहीं हो सकता है लेकिन सच्चाई यह है कि लंबे समय तक चले दंगों के बाद भी सत्तारूढ़ विधायक दल जातीय आधार पर बुरी तरह से विभाजित हो गया है, विधायक खुले तौर पर मेइतेई बीरेन सिंह में विश्वास की कमी व्यक्त कर रहे हैं। बिरेन सिंह सरकार पर पक्षपात का आरोप लगाने वाले कुकी उन्हें औपचारिक रूप से हटाए जाने से खुश होंगे. मुद्दा यह है कि केंद्र को सीधे कार्यभार संभालने की जरूरत है और राज्यपाल को आदेश लागू करने का काम सेना और अर्धसैनिक बलों को सौंप देना चाहिए। आपके पास ऐसी स्थिति नहीं हो सकती है कि सशस्त्र गिरोह अनिश्चित काल के लिए तबाही में शामिल हों और कानून और व्यवस्था की सेना अपने हाथों को अपनी पीठ के पीछे बांधे खड़ी हो। हिंसा को हर कीमत पर कुचलने की जरूरत है। केंद्र के सीधे हस्तक्षेप न करने के लिए मणिपुर बहुत लंबे समय से जल रहा है।



# योग से होगा सेहतमंद भारत का निर्माण

(योग दिवस 21 जून पर विशेष)



भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है- ह्ययोगः कर्मसु कौशलमह्ल यानी हमारे कर्मों में सर्वश्रेष्ठ योग है। योग यज्ञ है और यज्ञ कर्म है। योग जीवात्मा और परमेश्वर के मिलन का साधन मात्र ही नहीं बल्कि ईश साधना का भी साध्य भी है। योगेश्वर भगवान कृष्ण ने योग को सर्वोपरि बताया है। उन्होंने कहा है कि ह्ययोगस्थः कुरु कर्माणिह्ल इसका तात्पर्य है कि योग में स्थिर होकर ही सद्चित कर्म संभव है। गीता का छठवां अध्याय योग को समर्पित है। योग हमारा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ज्ञान है। योग की सार्थकता को दुनिया के कई धर्मों ने स्वीकार किया है।

योग सिर्फ व्यायाम का नाम नहीं है बल्कि मन, मस्तिष्क, शारीरिक और विकारों को नियंत्रित करने का माध्यम भी है। जब समाज अच्छा होगा तो देश की प्रगति में हमारा अहम योगदान होगा। आज पूरी दुनिया योग और प्राणायाम की तरफ बढ़ रही है। योग भारत के लिए आने वाले दिनों में बड़ा बाजार साबित हो सकता है। विश्व के लगभग 200 से अधिक देश भारत की इस गौरवशाली वैदिक परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं। योग को अब वैश्विक मान्यता मिल गई है। कोरोना संक्रमण काल में भी योग हमारे लिए संजीवनी साबित हो रहा है। हम योग को अपना कर इस महामारी में भी अपने स्वस्थ रख सकते हैं।



**प्रभुनाथ शुक्ल**
पत्रकार

भारत में योग की परंपरा 5000 हजार साल पुरानी है। 11 दिसम्बर, 2014 को इसका प्रस्ताव भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दिया था। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 177 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया था, जिसके बाद भारत दुनिया का विश्वगुरु बन गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 90 दिनों के भीतर पीएम मोदी के प्रस्ताव को मंजूर किया। हम योग के 21 आसनों को अपनाकर अपनी जिंदगी को सुखी, शांत और निरोगी बनाकर खुशहाल जीवन जी सकते हैं। जब हम तन और मन से स्वस्थ रहेंगे तो राष्ट्र निर्माण और उसके विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

योगगुरु बाबा रामदेव योग को वैश्विक मान्यता मिलने पर इसे भारत की जीत बताया था। दुनिया योग को अपने जीवन की दिनचर्या बना लिया है। योग संपूर्ण जीवन और चिकित्सा पद्धिति बन गया है। दुनिया में शांति युद्ध से नहीं योग से आएगी। भारत के साथ दुनिया में 20 करोड़ से अधिक लोग योग साधना का लाभ उठा रहे हैं। आधुनिक युग की व्यस्त दिनचर्या में योग हमारे लिए अमृत है। अपनी जिंदगी को खुशहाल और डिप्रेशन मुक्त बनाने के लिए योग हमें खुला आकाश देता है। हम धर्म, जाति, भाषा, संप्रदाय के साथ बंधकर स्वयं के साथ देश का अहित करेंगे।

योग शास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। चित्त की निरुद्ध अवस्था लययोग में आती है। राजयोग सभी योगों से श्रेष्ठ बताया गया है। महर्षि पतंजलि की योग परंपरा भारत में अधिक समृद्धशाली है। योगगुरु बाबा रामदेव आज पतंजलि योग व्यवस्था के संवाहक बने हैं। दुनिया भर में योग की महत्व स्थापित करने में पतंजलि योग संस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।योग और आयुर्वेद को उन्होंने वैश्विक स्वीकारोक्ति बना दिया है। पतंजलि योग साधना के आठ आयाम हैं। जिसमें यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि है। योग का संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से भी है। प्राचीन काल की कई मूर्तियां योग मुद्रा में स्थापित हैं।

भगवान शिव को योग मुद्रा में देखा जा सकता है। बुद्ध की मूर्तियां भी योग साधना में स्थापित हैं। बौद्ध और जैनधर्म में भी योग की महत्ता पर काफी कुछ है। बौद्ध और धर्म के अलावा ईसाई और इस्लाम में सूफी संगीत परंपरा में भी योग की बात आई हैं। भारत की योग व्यस्था को पटल पर लाने में योग गुरु बाबा रामदेव और बीकेएस अंयगर के योगदान को नहीं भूलाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से संयुक्तराष्ट्र संघ ने भी योग के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी योग को लेकर स्वयं बेहद जागरूक है। वह योग करते हुए अपने कई वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। फिट इंडिया, हिट इंडिया उनका मूलमंत्र है। इसके साथ वह लोगों से अपील करते हैं कि आप योग के जरिए अपने मन, मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ रखें, जिससे आपका सहयोग देश के विकास में अच्छे तरीके से हो।

विज्ञान और विकास के बढ़ते कदम तनाव की जिंदगी दे रहा है। जिंदगी की गति अधिक तेज हो चली है। लोगों के जीने का नजरिया बदल रहा है। काम का अधिक दबाव बढ़ रहा है इससे हाईपर टेंशन, और दूसरी बीमारियां फैल रही हैं। तनाव का सबसे बेहतर इलाज योग विज्ञान में हैं, वहीं लोगों में सुंदर दिखने की बढ़ती ललक भी योग और आयुर्वेद विज्ञान को नया आयाम देगी। यह पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। आम आदमी के जिंदगी में तनाव तेजी से बढ़ रहा है।

आजकी भगदौड़ में पूरी जिंदगी असंयमित हो गई है, जिसकी वजह से परिवार में तनाव और झगड़े होते हैं। लोगों के पास आज पैसा है लेकिन शांति नहीं है, जिसकी वजह से परिवार में संतुलन गायब है। लोग खुद से संतुष्ट नहीं है। इस स्थिति से निकालने के लिए योग सबसे बेहतर उपाय हो सकता है। इसलिए भागदौड़ की जिदंगी को अगर संयमित और संतुलित करना है तो मन को स्थिर रखना होगा।

जब तक हमें मानसिक शांति नहीं मिलेगी तब तक हम जीवन के विकारों से मुक्त नहीं हो सकते हैं। उस स्थिति में योग ही सबसे सरल और सुविधा युक्त माध्यम हमारे पास उपलब्ध है। हमारी हजारों साल की वैदिक परंपरा को वैश्विक मंच मिला है। योग का प्रयोग अब दुनिया भर में चिकित्सा विज्ञान के रूप में भी होने लगा है, उसे स्थिति हमें अपने जीवन के साथ जीने का नजरिया भी बदलना होगा। योग से संबंधित यूनिवर्सिटी, शोध संस्थान, आयुर्वेद मेडिसिन उद्योग नई उम्मीदें और आशाएं लेकर आएगा। भारत और दुनिया भर में योग के लिए संस्थान स्थापित हुए हैं। योग को पर्यटन उद्योग के रूप में विकसित किया जा सकता है। योग स्वस्थ दुनिया की तरफ बढ़ता कदम है।

# बोले हुए शब्द वापस नहीं आते

प्रेरक-प्रसंग



एक बार एक किसान ने अपने पडोसी को भला बुरा कह दिया, पर जब बाद में उसे अपनी गलती का एहसास हुआ तो वह एक संत के पास गया।उसने संत से अपने शब्द वापस लेने का उपाय पूछा।

संत ने किसान से कहा , तुम खूब सारे पंख इकठ्ठा कर लो , और उन्हें शहर के बीचो-बीच जाकर रख दो ।ह्ल किसान ने ऐसा ही किया और फिर संत के पास पहुंच गया।

तब संत ने कहा , अब जाओ और उन पंखों को इकठ्ठा कर के वापस ले आओह्ल

किसान वापस गया पर तब तक सारे पंख हवा से इधर-उधर उड़ चुके थे। और किसान खाली हाथ संत के पास पहुंचा। तब संत ने उससे कहा कि ठीक ऐसा ही तुम्हारे द्वारा कहे गए शब्दों के साथ होता है,तुम आसानी से इन्हें अपने मुख से निकाल तो सकते हो पर चाह कर भी वापस नहीं ले सकते।

इस कहानी से क्या सीख मिलती है : कुछ कड़वा बोलने से पहले ये याद रखें कि भला-बुरा कहने के बाद कुछ भी कर के अपने शब्द वापस नहीं लिए जा सकते। हाँ, आप उस व्यक्ति से जाकर क्षमा जरूर मांग सकते हैं, और मांगनी भी चाहिए, पर human nature कुछ ऐसा होता है की कुछ भी कर लीजिये इंसान कहीं ना कहीं ँ४१३ हो ही जाता है।

जब आप किसी को बुरा कहते हैं तो वह उसे कष्ट पहुंचाने के लिए होता है पर बाद में वो आप ही को अधिक कष्ट देता है। खुद को कष्ट देने से क्या लाभ, इससे अच्छा तो है की चुप रहा जाए।

नजरिया

# सामाजिक एकता बढ़ाएगा समान कानून



**सुरेश हिंदुस्थानी**
पत्रकार

वर्तमान में समान नागरिक कानून की चर्चा बहुत ज्यादा है। होना भी चाहिए, क्योंकि विश्व के अधिकांश देश समान कानून की अवधारणा को स्वीकार करते हैं। आज जो देश विश्व की महाशक्ति मानने का साहस रखते हैं, उन सभी देशों में कानून के नाम पर कोई समझौता नहीं किया जाता। भारत में कानून के नाम पर जो प्रावधान हैं, उनमें कई प्रकार की खामियां देखने को मिलती हैं। जो समाज में असमानता का भाव पैदा करने वाले कहे जा सकते हैं।

विसंगति यह है कि मुस्लिमों के लिए जो पर्सनल कानून बनाए हैं, वे सामाजिक उत्थान और मुसलमानों को राष्ट्र की मुख्य धारा में लाने का ही एक प्रयास था, लेकिन इसका परिणाम क्या हुआ है, यह हम सभी के सामने है। मुस्लिम समाज का कुछ वर्ग देश की वास्तविकता से परिचित होना नहीं चाहता। इतना ही नहीं वह अभी तक भारत के उन संस्कारों से समरस नहीं हो सका है, जो मुगलों और अंग्रेजों से पहले से चले आ रहे हैं। भारत के मुसलमानों के बारे में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि यह मुसलमान सनातन काल से भारत के ही हैं। वह अपना इतिहास खोजेंगे तो उन्हें इसके प्रमाण भी मिल जाएंगे। आज कई मुस्लिम अपने पूर्वजों द्वारा की गई गलतियों को सुधारने का प्रयास भी करने लगे हैं। वसीम रिजवी और जफर शेख ने इस पहल को गति देने का कार्य किया है। अभी मुस्लिम समाज को सुबह का भूला निरूपित किया जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, लेकिन यकीनन वो शाम भी आ रही है, जिसमें सब घर लौटने की कवायद करेंगे।

**भारत के मुसलमानों के बारे में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि यह मुसलमान सनातन काल से भारत के ही हैं। वह अपना इतिहास खोजेंगे तो उन्हें इसके प्रमाण भी मिल जाएंगे।**

समान नागरिक संहिता को लेकर कुछ संस्थाओं द्वारा यह प्रचारित करने का प्रयास किया जा रहा है कि यह कानून भारत के मुस्लिमों के विरोध में है। जबकि इस पर गंभीरता पूर्वक मंथन किया जाए तो समान नागरिकता कानून मुस्लिमों के लिए बड़ा हितकारक ही सिद्ध होगा। हम जानते हैं कि आज देश का बहुत बड़ा मुस्लिम समाज मुख्य धारा से कटा हुआ है। इसके पीछे एक मात्र कारण देश की राजनीति को माना जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद राजनीतिक दलों ने मुस्लिमों के वोट प्राप्त करने के लिए तमाम तरीके से प्रलोभन देने का काम किया, यही प्रलोभन मुस्लिम समाज के विकास में बाधक बनकर सामने दिखाई दिया। अगर सारे समाज के लिए देश में एक समान कानून बन जाएगा तो स्वाभाविक रूप से समाज में भेदभाव भी समाप्त होगा, जो अपरिहार्य भी है। इसलिए अब देश के मुस्लिम समाज को स्वयं ही समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग करना चाहिए, जो न्यायोचित कदम होगा।

वर्तमान में हम देख रहे हैं कि कुछ लोग समान नागरिक कानून का विरोध कर रहे हैं, जबकि मुस्लिम समाज की महिलाएं इस कानून के समर्थन करने के लिए आगे आ रही हैं। समान नागरिक कानून समान व्यवहार करने वाला ही साबित होगा। ऐसा किया जाना इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि निजी कानूनों के चलते समाज में भेदभाव की खाई लगातार गहरी होती जा रहा है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक बार तलाक के एक प्रकरण में सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया था कि समान नागरिक संहिता समय की जरूरत है। हम जानते हैं कि गोवा में समान नागरिक संहिता लागू है और इस राज्य के किसी भी वर्ग को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। उत्तराखंड में इसे लागू करने की प्रक्रिया चल रही है।

जानकारी

# श्रीनगर



अगर आप सोचते हैं कि भारत में सिर्फ एक ही श्रीनगर है। लेकिन क्या आपने देश के एक और श्रीनगर के बारे में सुना है। जी हां यह श्रीनगर हिल स्टेशन के रूप में जाना जाता है। लेकिन बता दें कि उत्तराखंड में स्थित बद्रीनाथ के रास्ते पर यह खूबसूरत जगह देखने को मिलेगी। अभी वर्तमान में यह एक पहाड़ी है। जो अंग्रेजों के देश में आने के बाद विकसित हुआ था। जिसमें श्रीनगर भी आता है। इस हिल स्टेशन पर देखने लायक कई खूबसूरत जगहें मौजूद हैं। यहां पर आप गर्मियों के दिनों में घूमने का प्लान बना सकते हैं।श्रीनगर से करीब 19 किमी की दूरी पर धारी देवी मंदिर स्थित है। यह इस स्थान का सबसे लोकप्रिय मंदिर है। श्रीनगर और बद्रीनाथ राजमार्ग पर कालिया सौर तक यह स्थित है। बता दें कि धारी देवी की मूर्ति को खुले आसमान के नीचे देखने को मिलेगी। यहां पर आप मूर्ति की फोटो आदि नहीं ले सकते हैं। गढ़वाल के लोगों के लिए यह धार्मिक स्थल अलकनंदा नदी के बीच मौजूद है।

# Vivo X90S की लॉन्च तारीख का खुलासा



नई दिल्ली : Vivo इस वक्त अपने नए फ्लैगशिप स्मार्टफोन Vivo 90S पर काम कर रही है। हाल ही में आगामी 90S के लाइव शॉट सामने आए हैं। चीनी कंपनी अन्य एक्स-सीरीज स्मार्टफोन के जैसे फोटोग्राफी एक्सपीरियंस 90S में भी प्रदान कर सकती है। Vivo के वाइस प्रेसिडेंट और प्रोडक्ट स्ट्रेटजी के जीएम Jia Jingdong ने आगामी 90S के लाइव कैमरा शॉट चीनी माइक्रोब्लॉगिंग साइट वीबो पर शेयर किए हैं। यहां हम आपको वीवो एक्स90एस के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

Jingdong के अनुसार, पिछले -सीरीज के स्मार्टफोन्स में दो मेन कलर एक्सप्रेशंस Vivo के विविड कलर और Zeiss के नेचुरल कलर्स की पेश की थी। वीवो के ब्राइट कलर का विजन उस ब्यूटी को कैप्चर करना था जो आंखों से नजर आती है, जबकि Zeiss ने फोटोग्राफी में हाई डेफिनेशन और शार्पनेस के साथ फोकस किया था। अब वीवो के आगामी स्मार्टफोन में "Vivo टेक्सचर कलर नाम का नया एडिशन शामिल किया गया है जो कि क्लासिक फिल्म कैमरा युग पर बेस्ड है। यूजर्स को रिच कलर्स के साथ फोटो को एक अलग मास्टरपीस बनाने के साथ ज्यादा रियल डेली सीन कैप्चर करने की कैपेसिटी प्रदान करेगा। नए कलर एक्सप्रेशन के रिजल्ट दिखाने के लिए Jingdong ³fZ Vivo X90S के कैमरे सैंपल शेयर किए हैं। उन्होंने यह भी कंफर्म किया है कि Vivo X90S "Qingyang" नाम के एक नए कलर में आएगा।

**Vivo X90S की उपलब्धता**

उपलब्धता की बात की जाए तो रिपोट्र्स के अनुसार, Vivo X90S इस महीने 26 तारीख को चीन में पेश किया जा सकता है। Vivo X90S के अनुमानित स्पेसिफिकेशंस रिपोट्र्स में खुलासा हुआ है कि Vivo X90S में Dimensity 9200 Plus प्रोसेसर दिया जाएगा। यह फोन वाई-फाई 7 कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसके बाकी स्पेसिफिकेशंस Vivo 90 जैसे ही रहने की संभावना है, जिसे पिछले साल नवंबर में पेश किया गया था।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट



" प्रिय भाई राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई। भारत के लोकतांत्रिक लोकाचार को बचाने के लिए हमारे सामने एक लंबी यात्रा है। आइए हम एक साथ चलें। "

एम के स्टालिन
तमिलनाडु के मुख्यमंत्री



"'टेस्ट'खत्म हुआ। लोगों के सबसे अच्छे सेट के साथ काम करने का मुझे सौभाग्य मिला। एक शानदार डेब्यू डायरेक्टर और अविश्वसनीय अविश्वसनीय और दिमाग उड़ाने वाले सह-कलाकार। आप सब देखोगे।"

आर माधवन
बॉलिवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

## जल रहा है बंगाल, नही थम रही हिंसा

पश्चिमी बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले हिंसा शुरू हुई है ।आज भी जारी है ।अब तक सात लोगो की हत्या हो गई है ।कूचबिहार जिले में हत्या की घटना गत दिन प्रकाश में आई थी ।इस कांड में सतारूढ़ सरकार के कार्यकताओं पर आरोप लगाया गया है । पुलिस और प्रशासन को सतर्क रहने की जरूरत है । मुख्यमंत्री ममता खेल देख रही है ।जिस रफ्तार से ये बंगाल और बंगाल के अंदर राजनीतिक जमीन को कमजोर कर रही है ।तृणमूल को यह पहली नजर में नही दिख रहा है । राजनीति में टिकने के लिए पक्षपात रवैया अपनाया जा रहा है ।जिस तरह भाजपा कार्यकताओं पर हमले किये जा रहे है उससे तृणमूल कांग्रेस अनभिज्ञ तो हरगिज नही है ।स्लो मिशन की गति से हिन्दुओ पर हमला किया जाता है । ऐसा लग रहा है कि ममता जन समर्थन खो रही है ।समय बदलता है लेकिन वो ही याद रहते है जिसने हर समय साथ खड़े मिले है । यह सर्वविदित है कि बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा का तांडव सबने देखा था ।एक तरफ साम्प्रदायिक सौहार्द को खराब किया तो दूसरी तरफ ममता का मुस्लिम तुष्टिकरण खास मकसद रहा है ।बंगाल में हिन्दू के साथ ज्यादती बढ़ती जा रही है ।मुस्लिम बहुल क्षेत्रो में हिन्दुओ को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ता है ।सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमे बिहार से सटे गांवो में हिंदुओं को पलायन करने के लिए मजबूर किया जा रहा है । फिलहाल प्रशासन मौन है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

# हर वर्ष एक गरीब कन्या की शादी में आर्थिक सहयोग करेगा गुलनार परिवार



## चंपा देवी की सातवीं पुण्यतिथि मनी

**राष्ट्रीय खबर**

**गया :** सोमवार को मीर अबू सालेह रोड स्थित गुलनार निशुल्क महिला सिलाई सेंटर प्रांगण में गुलनार की प्रेरणा स्त्रोत रहीं माता चंपा देवी की सातवीं पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। गया जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के सभापति सुरेंद्र सिंह सुरेंद्र ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस बीच कवियों ने दिवंगत चंपा देवी को स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत कर काव्यांजलि दी। कवयित्री रानी मिश्रा ने चंपा देवी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि मइया ममता के करजा उधार दे गेल।काहे अखिया के लोरवा उधार दे गेल।।

अंजू कुमारी ने कहा माता तेरी पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करता हूं। तूने तो पूरा जीवन दिया मैं कुछ वक्त समर्पित करता हूं।।

खालिक हुसैन परदेसी ने कहा मैं तो मैं रहता नहीं होश भी हो जाता है। एक पल हृदय में अपने जो ना पाऊं उनको।।

साहित्य प्रेमी उदय सिंह ने कहा तू मरकर भी अमर हुई मां।

मौके पर स्वाभिमान पार्टी के प्रमुख कौशलेंद्र नारायण,राणा रणजीत सिंह, नवीन कुमार गुप्ता, कृष्णा प्रसाद वैश्यकियार सहित कई अन्य लोगों ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। अंत में गुलनार समूह के संस्थापक नीरज कुमार ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए प्रत्येक वर्ष गुलनार परिवार की ओर से निर्धन एवं असहाय कन्या के विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम में अभयानंद मिश्र, महेंद्र कुमार,संजीव लोहानी, अश्वनी कुमार एवं मुन्ना कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# जुड़वा बेटी होने से नाराज होकर की विवाहिता की हत्या, जांच में जुटी पुलीस



**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा :** नगर के बनकटवा वार्ड संख्या 21 सोनारपट्टी में सोमवार की दोपहर में एक विवाहिता की गला दबा हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। शव मिलने की सूचना पर मोहल्ले के लोगों की भारी भीड़ उमडी। सूचना मिलते ही नगरथानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भेजा दिया हैं। जानकारी के अनुसार तीन साल पूर्व लाकडाउन में नेहा की शादी बनकटवा सोनारपट्टी निवासी विकास सोनी से हुई थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था। छह माह पूर्व नेहा को जुड़वा बच्चियों को जन्म दिया। इसके बाद से ही सुसरालियों द्वारा नेहा को प्रताड़ित किया जाने लगा। सास ससुर सहित सभी बेटी होने को लेकर ताना देने के साथ बात बात पर प्रताडित करने लगे। नेहा के पिता शास्त्रीनगर निवासी नंद कुमार सोनी ने पुलिस को बताया कि जुड़वा बच्ची होने के बाद से ही मेरी बेटी को प्रताड़ित करने के साथ दहेज की मांग किया जा रहा था। अब ससुरालियों ने गला दबा कर हत्या कर दिया है। पुलिस ने नेहा के पति विकास सोनी व ससुर चंदेश्वर सोनी को गिरफतार कर लिया है। इस मामले में नगरथानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि मृतका नेहा देवी के पिता शास्त्रीनगर निवासी नंद सोनी के आवेदन पर दहेज हत्या के आरोप पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए पति व ससुर को गिरफ्तार किया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। शीघ्र ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सीएसपी संचालक से 50 हजार रुपए लूटने की खबर

**मझौलिया :** थाना क्षेत्र के सोमवार के दिन सुबह अहवर शेख के निवासी सुनील प्रसाद पिता जनक प्रसाद जो सीएसपी संचालक हैं। उनका, 50 हजार लेकर रामनगर बनकट चौक स्थित अपने सीएसपी सेंटर पर ले कर जा रहे थे। तभी, अहवर शेख और रामनगर बनकट के बीच पुल के पास दो बाइक से 4 लोग मिलकर घटना को अंजाम दिया।जिसमे एक की पहचान मनीष गिरी के रुप में की गई।

जांच के क्रम में यह बात सामने आया है की मनीष गिरी पति भिखारी गिरी और सुनील प्रसाद के बीच पूर्व से जमीनी विवाद चला आ रहा है। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अभय कुमार ने पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटे है।

## गैंगरेप में विफल होने पर परिजनों को जान मारने व भगा ले जाने की धमकी

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला एक बेतिया पुलिस अंतर्गत योगापट्टी थाना क्षेत्र में युवती से गैंगरेप में विफल होने पर उसके माता-पिता व परिजनों की गोली मारकर हत्या करने, युवती को भगा ले जाने की धमकी दी गई है। जिसके दृष्टिगत योगापट्टी थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। योगापट्टी थानाध्यक्ष मनोज कुमार प्रसाद ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर कांड दर्ज कर चार व्यक्ति को नामजद किया गया है। नामजद लोगों में मच्छरगांवा के पम्मी कुमारी, बाकूचिया के मुतुर्जा अंसारी के पुत्र इस्माइल, हबीब मियां के पुत्र राजा उर्फ. लड्डू उर्फ इस्ताकिम अंसारी, लौरिया थाना क्षेत्र के गोकुला निवासी असफाक अंसारी का पुत्र फरहाद अंसारी शामिल है। शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मामले में अज्ञात महिला व अन्य लोगों के शामिल की बिना पर कॉल डिटेल्स निकाली जा रही है। इसका उद्वेदन कर लिया जाएगा। दोषियों को किसी हाल में बक्सा नहीं जाएगा।

## अपहृता बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**बेतिया :** योगापट्टी थाना की पुलिस ने एक पखवाड़ा पूर्व शादी के नियत से अपहृत अवयस्क लड़की को रविवार को बरामद कर लिया है। आरोपी युवक भी पुलिस गिरफ्त में आया, जिसे पुलिस ने न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार प्रसाद ने बताया कि थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी ललन शर्मा का पुत्र प्रदुमन शर्मा गांव की एक अवयस्क लड़की को एक पखवारा पूर्व शादी के नियत से अपहरण कर लिया । इधर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अपहृता को शनिचरी चौक से मुक्त करा लिया है। अवयस्क लड़की की मेडिकल जांच के बाद 164 के बयान के लिए न्यायालय भेजा गया है। अपहरणकर्ता युवक प्रदुमन शर्मा को उसके घर डुमरी गांव में छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। उसे न्यायालय को सुपुर्द कार दिया गया।

# करें योग,रहे निरोग, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व तैयारी

**राष्ट्रीय खबर**



**बेतिया :** योग श्वास नियंत्रण में सुधार करता है और सांस पर नियंत्रण करके ही हम अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते है। योग से जीवन और जगत से संबंधित समस्त समस्याओं और विषमताओं पर नियंत्रण व विजय प्राप्त की जा सकती है। उक्त बातें पश्चिम चंपारण योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिला सचिव सह नेशनल योगासन जज एवं मुख्य प्रशिक्षक पवन कुमार ने महाराजा स्टेडियम में आयोजित निःशुल्क योग शिविर के द्वितीय दिवस लोगों को अभ्यास के दौरान बताया। प्रतिदिन योग करने से व्यक्ति के जीवन से रोग, शोक, क्षुद्रता, चिंता, तनाव, अवसाद, आत्मग्लानि, मोह व दरिद्रता आदि व्यक्ति की कमजोरियां समाप्त हो जाती है ऐसे लोगों से युक्त समाज समतापूर्ण, प्रगतिशील होता है तथा राष्ट्र समृद्ध व समर्थ बन जाता है। योग समस्त धर्म वर्ग एवं समूह के लिए उपयोगी है।

योग शिविर कार्यक्रम का संचालन करते हुए योगासन एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य सच्चिदानंद ठाकुर ने बताया की यह योग शिविर पश्चिम चम्पारण योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, पतंजलि योग समिति, नगर निगम, बेतिया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाराजा स्टेडियम में चार दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ किया गया है। मौके पर उपस्थित इस शिविर की सहयोगी संस्थाओं में जिला रेड क्रॉस सोसायटी, मारवाड़ी युवा मंच, लक्ष्य ग्रुप ऑफ एजुकेशन, आलोक भारती शिक्षण संस्थान , रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर, मारवाड़ी महिला सम्मेलन, रोटरी क्लब बेतिया टाउन आदि के प्रतिनिधिगण, के साथ एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कुमार शशिभूषण व इंदु कुमारी, कोषाध्यक्ष राजकिशोर कुमार, संयुक्त सचिव पाण्डेय धर्मेन्द्र शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य कुंदन कुमार शांडिल्य, अर्पित केशान, योग खिलाड़ी रितेश कुमार, अभिषेक कुमार, गुलशन कुमार, अंशुमन कुमार, राम कुमार, सैकड़ों महिला-पुरुष व अन्य का सराहनीय सहयोग रहा।

कार्यक्रम का समापन लक्की व दीक्षा के एडवांस योगासन के क्रियाओं से हुआ।

# स्वच्छताग्रही व स्वच्छता पर्यवेक्षक चयन को आमसभा सम्पन्न



**राष्ट्रीय खबर**

**मझौलिया :** प्रखंड क्षेत्र के सोमवार के दिन करमवा पंचायत में स्वच्छताग्रही अभियान के तत्वाधान में पंचायत स्वच्छताग्रही के पर्यवेक्षक पद पर नियुक्ति के लिए सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अरुणा देवी ने की। ग्राम सभा में शामिल ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए वार्ड नंबर 7 निवासी लाल मोहम्मद मियां को नियुक्त किया गया। मौके पर पंचायत के मुखिया पति मोहन प्रसाद गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य बिनोद कुमार चौधरी ,भाजपा महामंत्री सुनील कुशवाहा ,वार्ड सदस्य राजेश कुमार, सरपंच पति अखिलेश कुमार उपस्थित रहे।

## शोक : नहीं रहे वालीबॉल के जादूगर यारों के यार प्रवीण कुमार

**बेगूसराय :** अखण्ड बिहार के सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी प्रवीण कुमार सिंह के असामयिक निधन से सम्पूर्ण खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। यारों के यार दिवंगत प्रवीण कुमार सिंह ने नारेपुर (बछवाड़ा) स्थित अपने पैतृक आवास पर अंतिम साँस ली। वो अपने पीछे पटना जिला में कार्यरत प्रधान शिक्षिका पत्नी सहित हर दिल अजीज एक मात्र सन्तान बीटेक इंजीनियर राकेश रंजन सोनू को छोड़कर गए हैं। पिछ्ले दिनों दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद अब वे अच्छा महसूश कर रहे थे, लेकिन अचानक दिल का दौरा पड़ने से उनके असामयिक निधन से वालीबॉल जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई आने वाले दिनों में सम्भव प्रतीत नहीं होता है। गौरतलब है कि मुजफफरपुर विश्वविद्यालय से अपना वालीबॉल कैरियर प्रारम्भ कर वो कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखे। वो लगातार मुजफफरपुर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व एक खिलाड़ी और कप्तान के रूप में करते रहे।

## दुष्कर्म का विरोध करने वाली महिला की पिटाई, एफआईआर दर्ज

**शिकारपुर :** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में एक महिला के साथ दुष्कर्म के प्रयास की घटना घटी है। विरोध पर महिला को पीटकर जख्मी कर दिया गया है। घटना दिसंबर 2022 की है। न्यायालय के आदेश पर सात माह बाद शिकारपुर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में महिला ने रमौली सैदपुर गांव निवासी नौशाद आलम समेत सात लोगो को आरोपित किया है।।आरोप है कि उसका पति दुसरे प्रदेश में मजदूरी करता है। वह अपने बच्चों के साथ घर में अकेली सोई थी अकेली पाकर आरोपित नौशाद घर में घुस गया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। हो हल्ला करने पर आरोपित भाग गया। शिकायत पर आरोपी व उसके घरवाले पीड़िता के घरघर पहुंच कर उसे बांधकर बुरी तरह से पीटा और घर में रखे 30 हजार रुपए नगद, आभुषण समेत अन्य सामानों की चोरी कर भाग निकले। शिकारपुर थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर एफआईआर दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा।

## विवाहिता की मौत, शव पोस्टमॉर्टम को भेजा

**बेतिया :** जिला के योगापट्टी थाना क्षेत्र के जगीराहा निवासी शोएब अख्तर की पत्नी सजरा खातून( 28 वर्ष) की शनिवार की रात संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। योगापट्टी पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है।थानाध्यक्ष मनोज कुमार प्रसाद ने बताया कि मृतका साजरा खातून के परिजन अब तक ससुराल वाले को विरुद्ध कोई लिखित शिकायत दर्ज.नहीं किया है। ऐसी स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर या स्पष्ट हो पाएगा की सजरा खातून की मौत किन कारणों से हुई है। फिलहाल पुलिस कांड दर्ज कर हत्या के कारणों का पता लगा रही है। इस मामलों को शीघ्र सुलझा लेने की बात मीडिया को बताया है।

## घर में घुसकर लाखों की चोरी

**योगापट्टी :** थाना क्षेत्र के मटकोटा के एक घर में अज्ञात चोरों ने सीढ़ी घर के रास्ते घर में पहुंचकर,जेवर रुपए व मोबाइल की चोरी करने की घटना को अंजाम दिया है। घटना विगत सोलह जून की देर रात की बताई जा रही है। घटना को लेकर पीड़ित गृह स्वामी रमेश सिंह के पुत्र मुन्ना सिंह ने थाना में एक आवेदन दिया है। आवेदन में उसने बताया है कि परिवार के सभी लोग विगत सोलह जून की देर शाम खाना खाकर अपने अपने कमरे में सोने गए, कल सुबह सो कर उठे तो, देखा कि सीढ़ी घर के रास्ते अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर टीन के पेटी सहित लाखों रुपए के जेवर व कपड़ा के साथ-साथ एक एंडॉयड मोबाइल की चोरी कर लिया है। जब हमलोग अपने घर के सामान की तलाश करने गए तो देखा कि मेरे घर के पीछे गन्ने के खेत में मेरे घर से चोरी की गई पेटी को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया था और उसमें रखे हुए लाखों रुपए के गहने और कपड़ों की चोरी कर ली गई हैं। चोरी गई मोबाइल पर कभी-कभी फोन लग जा रहा है, तो कभी-कभी नंबर स्विच ऑफ बता रहा है । थानाध्यक्ष मनोज कुमार प्रसाद ने बताया कि पीड़ित के द्वारा पुलिस को आवेदन प्राप्त हुआ है पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है ।

# कपूर्री आश्रम में जदयू के नव मनोनीत कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा :** अनुमंडल के रामनगर स्थित कपूर्री आश्रम व गौनाहा में जदयू के नव मनोनीत कार्यकारिणी सदस्य की बैठक सोमवार को संपन्न की गई। बैठक की अध्यक्षता जदयू के प्रखंड अध्यक्ष संजय मिश्रा ने की। संचालन प्रखंड महासचिव कपिलदेव पटेल ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश से नियुक्त रामनगर विधान सभा प्रभारी राजेश तिवारी, विशिष्ट अतिथि जिला से नियुक्त विधान सभा प्रभारी सह राज्य परिषद सदस्य सुरेन्द्र बैठा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ रामनगर विधान सभा प्रभारी पलक भारती के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों ने कहा कि देश के विकास में युवाओं की अतुलनीय सहयोग है। नव मनोनीत कार्यकारिणी सदस्यों एवं कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि बिहार के विकास में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अतुलनीय योगदान की चर्चा गांव - गांव में जाकर करें। तथा आपसी भेदभाव भुला कर बुथ स्तर पर संगठन को सशक्त एवं मजबूत बनावें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू नेत्री पलक भारती ने कहा कि बिहार के विकास व देश में लोकतंत्र की मजबूती के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हाथों को मजबूत करने की आह्वान की। प्रखंड अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि देश में समाजिक सौहार्द बिगाडनें में मोदी सरकार लगी है। केंद्र सरकार की उदासीन रवैये से जनता को जागरुक करने की अपील कार्यकताओं से की। कार्यक्रम को जदयू नेत्री आरती देवी, आलोक कुमार राम, सुमन सिंह, राजेश्वर चौरसिया, अखिलेश मांझी, नौशेर आलम, तबरेज आलम, सुफेद खान, कमरूल होदा, शम्भू कुशवाहा, हीरा साह, अजय पटेल, सुभाष कुशवाहा, भोट पड़ित, मो एकबाल, डा के के पाण्डेय, नर्मदा डोम, अजीत साह, ललन ठाकुर, मनोज महतो, मो शमीम, ओम पटेल, नन्हक यादव समेत कई कार्यकताओं ने संबोधित किया।

## 2024 में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री की कुर्सी से हटाना है: अरुण कुशवाहा

**चकिया पू चं:** शहर के मोतिहारी रोड स्थित जदयू पार्टी कार्यालय में सोमवार को पंचायत अध्यक्ष सम्मान समारोह सह प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ जदयू नेता विश्वनाथ पासवान तथा संचालन प्रखंड अध्यक्ष लखन पटेल ने की। सर्वप्रथम प्रदेश के पिपरा विधानसभा प्रभारी अरुण कुशवाहा जिला के विधानसभा प्रभारी परमानंद पटेल प्रखंड प्रभारी रंजन भारती को फूलों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत प्रखंड अंतर्गत 16 पंचायतों के पंचायत अध्यक्ष व चकिया नगर अध्यक्ष को फूलों का माला पहनाकर तथा पार्टी का निशान देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले पंचायत अध्यक्षों में राजीव कुमार आस, मो अंसारी, चंदेश्वर कुमार निषाद, सुखा सिंह, रमेश दास, बबलू कुमार, शिवजी पटेल, राजाराम यादव, मो मुस्लिम अंसारी, राजेश्वर प्रसाद भगत, रामबाबू साह, मुन्ना साह, छोटेलाल पटेल, मुकेश बिहारी, तबरेज आलम, सुभाष सहनी तथा नगर अध्यक्ष राहुल कुमार शामिल है। इस दौरान प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए पिपरा विधानसभा प्रभारी अरुण कुशवाहा ने कहा कि पार्टी संगठन को प्रखंड से लेकर पंचायत व बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। सभी पंचायत में पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों की मौजूदगी में पंचायत कार्यकारिणी के साथ बैठक भी किया जाएगा। 2024 में सभी विपक्षी दलों को एक कर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री की गद्दी से हटाना है। बिहार का बेटा नीतीश कुमार अगर प्रधानमंत्री बनते हैं तो बिहार के लिए गौरव की बात होगी। साथ ही कहा की मोदी सरकार रोजगार, महंगाई विरोधी है। प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था। इस हिसाब से 9 वर्षों में 18 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए था। लेकिन नही मिला, किसानों की आमदनी दोगुनी नहीं हुई, 9 वर्षों में सिर्फ जनता के साथ झूठा वादा किया सहित अन्य बातें कही। वही वरिष्ठ नेता विश्वनाथ पासवान ने कहा की भाजपा मतलब बड़का झूठा पार्टी । भाजपा झूठ को बार - बार बोलते-बोलते सच बना देती है। हमलोगो के विकास कार्यों को भाजपा अपने में गिनाती है। इसी को लेकर कार्यकताओं से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के किए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। मौके विनय कुशवाहा, सुनील यादव, संजय मोदी, कृष्णानंद कुशवाहा, कुंदन गुप्ता, टूना पाठक, मोहन राय, विशाल शाह, सरोज पटेल, सुधीर पटेल, रवि नारायण बिंदिया, निर्मला देवी, विक्की कुमार के आलावा अन्य मौजूद थे।

## नव नियुक्त राजद जिलाध्यक्ष का अभिनन्दन सह मिलन समारोह संपन्न



**मोतिहारी :** नगर निगम की मेयर प्रीति कुमारी के आवास परिसर में राजद नेता देवा गुप्ता के नेतृत्व में अभिनंदन सह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूर्वी चम्पारण जिला राजद के नये जिलाध्यक्ष कल्याणपुर विधायक मनोज यादव का भव्य स्वागत किया गया। इस समारोह के संयोजक राजद नेता देवा गुप्ता ने भाजपा के सैंकड़ों नेताओं एवं कार्यकताओं को राजद जिला अध्यक्ष मनोज कुमार यादव के समक्ष राजद का सदस्यता ग्रहण कराये। राजद में शामिल होने वालों में दर्जनों वार्ड पार्षद, दर्जनों पंचायत समिति सदस्य एवं सैकड़ों की संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता थे। इस अवसर पर राजद नेता श्री गुप्ता ने कहा कि बीजेपी की सरकार से व्यवसायी, छात्र, मजदूर सभी लोग परेशान हैं। महंगाई अपनी चरम सीमा पर है। 2024 में पूरे देश की जनता गरीब विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के कानून मंत्री डॉ शमीम अहमद ने कहा कि युवाओं को रोजगार के नाम पर भाजपा एक फैक्ट्री भी बिहार में नहीं लगवाई और झूठे वादों से लोगों को ठग रही है। राजद जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि बीजेपी मतलब बड़का झूठ पार्टी है। मौके पर पूर्व विधायक राजेन्द्र राम, लक्ष्मी नारायण यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजद बच्चा यादव, पूर्व प्रत्याशी सुरेश यादव सहित कई उपस्थित थे। सभी को अंग वस्त्र देकर मोतिहारी मेयर प्रीति कुमारी एवं राजद नेता श्री गुप्ता ने सम्मानित किया।

# अव्यवस्था : मेडिकल अस्पताल में महिला दलाल की पौ-बारह

# सरकारी अस्पताल में आने वाले रोगियों को झांसे में डाल पहुंचाती है निजी क्लीनिक

**राष्ट्रीय खबर**

### म्यूजिक इन नेक द्वारा अच्छी खासी रकम दलाल को दिया जाता है

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र से उत्कृष्ट इलाज कराने आने वाले मरीजों को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल(जीएमसीएच) परिसर से दलाल अपने चंगुल में फंसाने का कार्य जोरों से कर रहे हैं। उन्हें अस्पताल में उत्कृष्ट चिकित्सा नहीं होने, गलत बात समझाकर, उन्हें उत्कृष्ट चिकित्सा के लिए निजी क्लीनिक में ले जाने का कार्य जोरों से किया जा रहा है। जानकार बताते हैं कि है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी के पास जैसे हैं मरीज इलाज के लिए आते हैं, दर्जनों दलाल वहां पर खड़ा रहते हैं और उन्हें गलत बात समझाकर बेहतर इलाज के लिए अस्पताल के बाहर ले जाने का कार्य कर रहे हैं इसमें महिला भी अधिक संख्या में दलाली में लगी हुई है। मरीज को अपने चंगुल में बहला फुसलाकर झोलाछाप डॉक्टरों के पास ले जाने के कार्य करती है। जिससे इन्हें भी अच्छी खासी कमाई दलाली के रूप में हो रही है ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीज अगर इनके चंगुल में फंस जाते हैं तो उनका पॉकेट में जो भी राशि रहती है वह सब खर्च करा लेते हैं जबकि सरकार के द्वारा सरकारी अस्पताल में बेहतर इलाज की व्यवस्था की गई है उसके बाद भी लोग इन दलालों के चक्कर में पास जाने के कार्य कर रहे हैं दलाल इतना तेज है कि किसी डॉक्टर के लास्ट पैड लेकर अस्पताल में खड़े रहते हैं और मरीज को कहते हैं कि हम भी इलाज कराने आए थे लेकिन यहां कोई व्यवस्था सही नहीं आई थी लिए बाहर इलाज करा रहे हैं आप भी चलिए आप का भी इलाज हम बेहतर करा देते हैं इनके बाद में आकर लोग झोलाछाप डॉक्टर के पास चले जाते हैं जबकि सुभाष विभाग की ओर से लगता अध्ययन नर्सिंग होम झोलाछाप डॉक्टरों अल्ट्रासाउंड के विरोध छापामारी अभियान चल रहा है उसके बाद भी झोलाछाप डॉक्टर इतनी खुलकर अपने बैठे कार्य कर रहे हैं उन्हें तनिक सा भी प्रशासन का डोर नहीं है सिविल सर्जन द्वारा गठित टीम द्वारा बार-बार अस्पताल रोड में छापामारी अभियान की जा रही है, उसके बाद भी इन लोगों के अंदर कोई जोड़ नहीं है। जानकारों का कहना है कि जांच के नाम पर खानापूर्ति की जाती है, कोई करवाई नहीं की जाती। सिविल सर्जन डॉ श्रीकांत दुबे ने बताया कि छापामारी अभियान संचालित है, उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## 4 से 17 जुलाई तक विभिन्न प्रखंडों में महागठबंधन का होगा कार्यकर्ता सम्मेलन



**गया :** महागठबंधन के सभी घटक दलों के प्रमुख साथियों एवं जिला अध्यक्ष की बैठक सोमवार को स्थानीय सर्किट हाउस गया में हुई, जिसमें महागठबंधन के घटक दलों के नेतागण उपस्थित हुए।

बैठक में अभय कुशवाहा जिला अध्यक्ष जदयू गया,मोहम्मद मुर्शीद आलम उर्फ नेजाम भाई जिला अध्यक्ष राजद गया, डॉ गगन कुमार मिश्रा जिला अध्यक्ष कांग्रेस , रामखेलावन दास सीपीएम, सुभाष यादव प्रधान महासचिव राजद, मोहम्मद याहिया सीपीआई ,रामजगन गिरी सीपीआई, वीरेंद्र गोप राजद। बैठक में विगत 15 जून को सभी प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन काफी सफल रहा इसकी चर्चा की गई ।इसके राजनीतिक संदेश को प्रखंडों एवं पंचायतों तक ले जाने के लिए गया जिला के सभी प्रखंडों में महागठबंधन के कार्यकताओं का सम्मेलन किया जाएगा।

## शहर >> अपडेट

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**कोडरमा:** थाना अंतर्गत इंदरवा पेट्रोल पंप के समीप बाइक से गिरकर एक युवक घायल हो गया। घायल की पहचान सैफ अली उम्र 20 वर्ष पिता आशिफ अली ग्राम बिहार के भागलपुर के रूप हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से डोमचांच से कोडरमा की तरह आ रहे थे जो इंदरवा पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित होकर गिर कर घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## सिटी अपडेट्स >>

### उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ घंघरी प्रक्षेत्र की बैठक संपन्न

**जयनगर:** प्रखंड के बाबू वीर कुंवर सिंह स्टेडियम घंघरी में उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ घंघरी प्रक्षेत्र के एक दिवसीय बैठक का आयोजन किय जिसमें मुख्य रुप से क्षेत्र के विकास एवं कोष पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ के अध्यक्ष मनोज सिंह ने किया। प्रक्षेत्र के सचिव संजय सिंह, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष राम प्रसाद सिंह, समाजसेवी महेश प्रसाद सिंह, सक्रिय सदस्य छोटेलाल सिंह, सुनील सिंह, रंजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, अभय सिंह, राजेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, कृष्णा सिंह, सुनील कुमार सिंह सहित क्षेत्र के सभी क्षत्रियों ने आपसी एकता पर चिंता जताते हुए क्षत्रिय एकता और अखंडता कायम रखने के लिए भी विचार विमर्श किया।साथ ही साथ पहरीडीह में हुए राजपूत महासंघ की बैठक करके एक नया संगठन बनाने पर भी चिंता व्यक्त किया।आगामी बैठक का आयोजन 25 जून रविवार को होगी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जनसेवकों का अनिश्चितकालीन हड़ताल 42वें दिन भी जारी

**कोडरमा:** जिला के जनसेवक अपनी 11 सूत्री मांगों के समर्थन में तथा 11 वर्षों की सेवा के पश्चात ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2 हजार किए जाने के विरोध में झारखंड राज्य के सभी जनसेवक पिछले 42 दिनों से हड़ताल पर हैं। विदित हो कि राज्य में जन सेवकों की नियुक्ति कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2012 में की गई थी। कोडरमा जिला में जन सेवकों को कृषि काज के अतिरिक्त पंचायत सचिव, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बीएलओ आदि कार्यों में लगाया जाता है। इनके हड़ताल में चले जाने के कारण यह सभी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कोडरमा जिला के जनसेवक नेपाल हाउस रांची में अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना के लिए प्रस्थान कर गए हैं। प्रस्थान करने वालों में अध्यक्ष सत्यजीत हिमवान, सचिव सतीश कुमार, कोषाध्यक्ष फिरदोस आलम, उपाध्यक्ष अनिल कुमार यादव, संयोजक वीरेंद्र कुमार, विकास रंजन, पंकज कुमार, सुनील कुमार यादव, दिनेश पासवान, विनोद कुमार, अमित कुमार, अजय कुमार साव, विनोद उरांव, नूतन कुमारी, निर्मला एक्का, इंद्रदेव कुमार, दिलीप कुमार यादव, सनोज यादव, प्रेम कुमार, विनोद रविदास, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, संतोष मिश्रा, मनोज कुमार, देवनारायण गोप सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

**संगठन**

## कुडू कार्यकर्ता ही कांग्रेस संगठन के रीढ़

# संगठन सशक्तिकरण अभियान को लेकर कुडू प्रखंड पहुंचे बंधु तिर्की

राष्ट्रीय खबर

**कुडू:** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की आज कुडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित बैठक में शामिल हुए।

जहां उन्होंने प्रखंड कांग्रेस कमेटी, मंडल कमेटी, एवं पंचायत कमेटी की समीक्षा किए और कार्यकताओं को निर्देश दिया कि संगठन में सभी जाति समुदाय एवं सभी वर्ग के लोगों को जोड़ें उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ है आज इन्हीं के बदौलत सांसद विधायक और सरकारें बनती हैं आगामी 2024 को ध्यान में रखकर संगठन को सशक्त एवं धारदार बनाया जा रहा है और कांग्रेस के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनाना है कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, एवं पंचायत अध्यक्ष जनता की समस्याओं को लेकर तत्पर रहें और उनका समाधान कराएं झारखंड में कांग्रेस गठबंधन की



सरकार आम जनता के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चला रखी है इसका लाभ आम जनता को दिलाने में कार्यकर्ता पंचायत और गांव स्तर तक कार्य करें।

आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव जगदीप भगत प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष रीनाकुमारी, जिला महासचिव सदरुल अंसारी,कुडू प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष विनय उरांव,बीस सूत्री कुडू उपाध्यक्ष रमेश उराँव,कुडू प्रखंड पूर्व प्रमुख परिखा मुंडा,आदिवासी छात्र संघ प्रखंड अध्यक्ष अवधेश उराँव,कोंग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष संजय मुखर्जी,कुडू के युवा नेता रवि साहू, सरस्वती कचछप, संगीता उरांव,छोटी रानी उराँव, कुडू प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष कमरुल इस्लाम, सूरज मुंडा, मोहम्मद इकबाल ,रशीद अंसारी ,समसुल अंसारी,जैनुल अंसारी, तेबा उरांव, भंगा उरांव, महावीर उरांव, मनोज उरांव, राजकुमार उराँव, अबुल कलाम, रुस्तम अंसारी,एतवा उराँव,बिनोद भगत,अबु तल्हा अंसारी, मोरेहान,असलमअंसारी,शिबू उराँव,दरोगा उराँव,बसंत उराँव,सुशील उराँव, समेत सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शक में नाराज पति ने पत्नी को मौत के घाट उतारा



राष्ट्रीय खबर

**चतर:** शक की आग में जल रहे एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या महज इसलिए कर दिया कि उसे शक था कि उसकी पत्नी का किसी गैर मर्द के साथ अवैध संबंध है। यह घटना सदर थाना क्षेत्र के पाराडीह गांव में घटी है। हत्यारा पति चरकू भुइयां ने पत्नी की हत्या कर आरूदाना के जंगल में न सिर्फ फेंक आया, बल्कि अपनी भाभी को फोन कर सारी घटना की जानकारी भी दे दी। फोन पर ऐसी बात सुनकर उसके परिजन भागकर जंगल पहुंचे, जहां ननकी देवी का शव पड़ा था। परिजनों ने घटना जानकारी तुरंत सदर थाना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ ।अविनाश कुमार के नेतृत्व में सदर के प्रभारी थाना प्रभारी मनोज पाल और महिला थाना प्रभारी गायत्री कुमारी दलबल के साथ मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## जेल अदालत एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन संपन्न

राष्ट्रीय खबर

**कोडरम:** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में मंडल कारा कोडरमा में जेल अदालत एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ' बंदियों के बीच आयोजित विधिक जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए डिप्टी लीगल डिफेन्स काउंसिल राजेंद्र मंडल ने कहा कि बंदी अपने बीच से नकारात्मक सोच को हटाकर सकारात्मक सोच पैदा करे तथा अपराध की दुनिया से निकल कर समाज की मुख्य धारा में शामिल हो ताकि स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके ' उन्होंने बंदियों को प्ली-बार्गेनिंग की जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत बंदी अपना दोष स्वीकार कर अपनी सजा कम करा सकते हैं ' असिस्टेंट लीगल डिफेन्स काउंसिल अरुण कुमार ओझा ने अपने संबोधन में भारतीय सविंधान में बंदियों के लिए प्रदत मौलिक अधिकारों को काफी विस्तार से बताया ' वहीं उन्होंने प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला ' श्री ओझा ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी मामले में आधे से अधिक सजा काट चुके बंदी अपना दोष स्वीकार कर कारा मुक्त हो सकते है यदि वह अपराध बच्चो एवं महिलाओ के विरुद्ध नहीं हो ' असिस्टेंट लीगल डिफेन्स काउंसिल ललन चौधरी ने कहा कि जेल में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को अपराधी नही माने ' उन्होंने बंदियों को दिए जाने वाले अधिकारों को काफी विस्तार से बताया ' कार्यक्रम को सहायक जेलर अभिषेक कुमार सिंह ने भी संबोधित किया ' इस अवसर जेल अदालत का भी आयोजन किया गया ' इस जेल अदालत में कोई भी बंदी द्वारा आवेदन नहीं दिए जाने के कारण किसी भी वाद का निष्पादन नहीं किया जा सका ' मौके पर सहायक जेलर अभिषेक कुमार न्यायालयकर्मी संतोष कुमार सिंह, , जेल कर्मी राजीव कुमार, मोहम्मद मोईनुद्दीन सहित सैकड़ो बंदी मौजूद थे ।

## जामुन तोड़ने के दौरान चौदह वर्षीय दो बच्चियों की मौत

राष्ट्रीय खबर

**चतरा:**लावालौंग प्रखंड मुख्यालय से महज 500सो गज की दूरी पर स्थित पूणाडीह टोला में जामुन के पेड़ से गिरने से 14 वर्षीय दो बच्चियों की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार पूणाडीह गांव निवासी अमेरिका गंझू की पुत्री फुलमतिया कुमारी एवं रामपति गंझू की पुत्री किरण कुमारी जामुन तोड़ने के लिए गांव के सिमाने पर गए हुए थे ।घटना को देखकर साथ गए कुछ बच्चे रोने चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर एक युवक दौड़कर आया और दोनों बच्चियों को उठाकर घटनास्थल से घर लाया। ग्रामीणों ने बताया कि हमने एंबुलेंस को फोन किया परंतु नंबर नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बताया।घटना के बाद एक घंटे तक दोनों बच्चियां तड़पती रही प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अगर समय पर उन्हें एंबुलेंस और ऑक्सीजन की व्यवस्था दी जाती तो उनका जान बचाया जा सकता था। मौके पर सूचना पाकर उपस्थित मनोज चंद्रा की पत्नी प्रेमलता चंद्रा ने परिजनों को पांच पांच हजार रुपये का सहयोग किया।साथ ही बीससूत्री अध्यक्ष छठु सिंह भोगता,उप प्रमुख महमूद खान, मुखिया नेमन भारती,मुकेश यादव एवं जितेंद्र ठाकुर ने व्यवस्था और जिला प्रशासन के ऊपर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए



कहा कि लावालौंग प्रखंड के साथ सरकार और विभागों के द्वारा सौतेला व्यवहार के कारण आज यहां घटना दुर्घटना एवं बीमारी की स्थिति में लोग तड़प तड़प कर जान गंवाने को मजबूर हैं।विगत चार माह के अंदर एंबुलेंस के अभाव में लगभग दो दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है।द्वारा हाय प्रोफाइल व्यवस्था कायम किए गए हैं।

## पंचायत सचिवालयों में आयुष्मान कार्ड निर्माण का अभियान शुरू

राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सोमवार को सहियाओं के बीच आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री उपस्थित रही। उन्होंने अपने संबोधन में सहियाओं को आयुष्माण कार्ड निर्माण में गति लाने को कहा। कहा कि जिला प्रशासन ने 16 जून से 30 जून तक सभी पंचायत सचिवालयों-भवनों में राशन कार्डधारियों को आयुष्मान कार्ड निर्माण का



अभियान शुरू किया है। इस अभियान के सफल आयोजन में आप सभी की भूमिका अहम है। तकनीकी पहलुओं की जानकारी के लिए ही इस प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया है। उसका निदान प्राप्त कर फिल्ड में लक्ष्य अनुरूप आयुष्मान कार्ड का निर्माण सुनिश्चित करें।

**आयोजन**

## राहुल गांधी हमारे सर्वमान्य नेता हैं संतोष यादव

# पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का 53 वां जन्म दिन

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कार्यालय पर आज एआईसीसी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य राहुल गांधी का 53 वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से हर्षोल्लास पूर्वक आयोजित किया गया। जन्मदिन कार्यक्रम की अध्यक्षता कोडरमा ओबीसी जिलाध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने किया । मुख्य रूप से कोडरमा ओबीसी के अध्यछ सन्तोष यादव और कोग्रेस के प्रथम पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा, झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू उपस्थित हुए। श्री यादव और श्री ओझा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कोडरमा के इतिहास में यह पहला मौका है जब हम इतने धूमधाम से अपने लोकप्रिय नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर गाजे-बाजे के साथ केक काटकर मिठाईयां बांटकर खुशी मना रहे हैं। प्रदेश सचिव सहाय ने कहा कि युवा कांग्रेस के



राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रदेश नेताओं के साथ कल झारखंड में खूंटी से उलिहातू तक 53 किलोमीटर की पदयात्रा कर राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामना दी जबकि हम कोडरमा में 53 कांग्रेस जनों ने उपस्थित होकर ढोल नगाड़े के साथ नाच गान कर एवं केक काटकर अपने लोकप्रिय नेता राहुल गांधी को 53 वें जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं और 2024 में देश के प्रधानमंत्री बनाने की शुभकामना दे रहे हैं।वरिष्ठ कांग्रेसी जिला परिषद सदस्य लक्ष्मण यादव, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार एवं प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव अर्चना कुमारी ने श्री राहुल गांधी के चित्र को केक खिलाकर जन्मदिन की शुभकामना दिया जबकि जन्मदिन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव आशीष पांडेय, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात कुमार राम, सतगावां प्रखंड अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी सहोदर राम, कोडरमा नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह, महिला नेत्री आशा देवी, हृदयानंद मिश्रा, अरविंद सेठ, उमेश साव, अल्पसंख्यक जिला महासचिव महताब आलम, युवा नेता सोनू वारसी, सोशल मीडिया प्रभारी भोला दास, राजकुमार जैन, संदीप यादव, चंदन यादव, शंभू शर्मा, मिथिलेश कुमार, महिला नेत्री पुष्पा देवी, सुजाता देवी, संगीता देवी, गीता कुमारी ,उर्मिला देवी, पूनम देवी, रीना देवी, सुशीला देवी, आशा देवी, फूलमती देवी, गुड़िया देवी, गीता देवी, संगीता कुमारी ,पायल कुमारी, पिंटू दास, चंदन दास, महेश राम, मुरारी दास, सुशील राम, मंटू दास, प्रिंस यादव, सुनील कुमार, संजय कुमार, वीरेंद्र कुमार, पवन मोदी, पंकज कुमार, विजय दास, बिट्टू रवानी भोलाराम सहित विभिन्न जिला एवं प्रखंड के सम्मानित कांग्रेस जनों ने उपस्थित होकर कांग्रेस के सार्वभौम नेता राहुल गांधी को जन्मदिन पर बधाई संदेश प्रेषित किया एवं विश्वास जताया कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक की लगभग 3750 किलोमीटर की भारत जोड़ो पदयात्रा के बाद पूरे देश ने राहुल गांधी को अपना नेता मान लिया है।

## न्यूज फटाफट

### फल व्यवसायी बबलू मोदी की हत्या मामले में पत्नी को जेल भेजा



**कोडरमा:** चंदवारा के फल व्यवसायी मृतक बबलू मोदी की हत्या मामले में मृतक की पत्नी ज्योति देवी को चंदवारा थाना पुलिस ने उसके मायके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद रविवार को उसे जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि जिले के चंदवारा में फल व्यवसायी की हत्या कर दी गयी। 30 अप्रैल की सुबह चंदवारा थाना अंतर्गत पिपराडीह रेलवे स्टेशन के पास फल व्यवसायी बबलू मोदी (38) का शव मिला था। मृतक बबलू मोदी (पिता रामचंद्र मोदी) जयनगर का निवासी था और चंदवारा में भाड़े के मकान में रहकर फल का का दुकान चलाता था। परिजनों के अनुसार रात उसे चंदवारा थाना के पुलिसकर्मी आदित्य शर्मा ने फोन कर बाहर बुलाया था, जिसके बाद वह घर से निकल कर बाहर गया था। अगले दिन सुबह उसका शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। इस मामले के उद्भेदन को लेकर लगातार आंदोलन भी हुआ। शनिवार को स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी जिले में बढ़ रहे अपराध और हत्या की घटनाओं के उद्भेदन में पुलिस की विफलता पर सवाल उठाया था। इधर रविवार को पुलिस ने मृतक की पत्नी को जेल भेज दिया। हांलाकि इस मामले में थाना प्रभारी या अन्य पुलिस अधिकारी कुछ बता नहीं रहे हैं। हत्या कैसे और किसने की, इसकी जानकारी नहीं दी गयी है।

### पूर्व उपमुखिया व वार्ड सदस्य बाबूलाल पासवान का निधन



**मरकच्चो:** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्छेडीह पंचायत के पूर्व उपमुखिया सह समाजसेवी ताराटांड गांव निवासी बाबुलाल पासवान के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। 65 वर्षीय बाबूलाल पासवान कुछ समय से बीमार चल रहे थे जिनका शनिवार देर शाम को अपने घर में ही आकस्मिक निधन हो गया। रविवार को उनके पार्थिव शरीर का पैतृक गांव ताराटांड में अंतिम संस्कार हुआ। मुक्तिधाम में पुत्र सिंटू पासवान ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। वे अपने पीछे एक पुत्र, नाती, पोता समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। निधन की खबर सुन पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने मृतक के पैतृक गांव ताराटांड जाकर शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना देते हुए ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि बाबूलाल पासवान हसमुख और जिंदादिल इंसान थे। उनके चले जाने से सामाजिक क्षति हुई है। डोमचाँच प्रमुख सत्यनारायण गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति हैं जिसकी कमी हमेशा खलेगी। मौके पर मुखिया बीना देवी, आनंद कुमार आनंद, भाजपा नेता किशोर यादव, उपमुखिया शांति मसोमत, मुखिया प्रतिनिधि मनोज यादव, ब्यास पासवान, बीरेंद्र यादव, गिरधारी शर्मा, कपिलदेव सिन्हा, अरविन्द सिन्हा, उपेंद्र पासवान, सुरेश पासवान, संजय पासवान, कालेश्वर पासवान, सूरज पासवान, संजय पासवान, तुलसी पासवान, शिक्षक मिथलेश पासवान, सुधीर पासवान, रोहित पासवान, दशरथ यादव कई लोग उपस्थित थे।
भरण पोषण वाद संख्या 03/19 के वारंटी अभियुक्त दिगंबर सिंह (पिता विजय सिंह, ग्राम हीरोडीह थाना जयनगर) को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया।

### छत पर से गिरने से बच्चा गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा:** जिले के राजधनवार थाना क्षेत्र के धनेपुरा में एक बच्चा छत पर से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान सिकंदर कुमार तुरी उम्र 10 वर्ष पिता विनोद तुरी ग्राम धनेपुरा राजधनवार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपने छत के ऊपर खेल रहा था। खेलने के दौरान अचानक नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### बहुत ही जल्द प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान का कायाकल्प होगी

**पेटरवार :** पेटरवार ग्रामीण क्षेत्रो में छिपी खेल प्रतिभा को उभारने के लिए बहुत ही जल्द प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान का कायाकल्प होगा। इसी निमित जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेम्ब्रम ने प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहा कि बहुत ही जल्द इस मैदान का कायाकल्प किया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने में सहयोग मिल सके। विदित हो कि गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने विधानसभा में सत्र के दौरान प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान को विकसित करने से संबंधित मामला उठाया था। विधायक की ओर से उठाए गए मामले के बाद जिला खेल पदाधिकारी ने प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## जिप उपाध्यक्ष हैदराबाद रवाना



**बालूमाथ :** लातेहार जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी लेंगी पंचायती राज व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर हैदराबाद में प्रशिक्षण झारखंड पंचायती राज व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं की जालकारी हेतु आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी हैदराबाद पहुंच गई हैं।हैदराबाद में यह प्रशिक्षण झारखंड राज्य पंचायती राज विभाग की ओर से आयोजित की गई है। झारखंड सरकार ने राज्य में पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया है। ताकि वहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर जिला परिषद के संवैधानिक पदों पर आसीन अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष अपने-अपने जिलों में विकास योजनाओं को सही तरीके से धरातल पर उतार सकें उल्लेखनीय है। कि यह प्रशिक्षण 19 जून से 23 जून तक चलेगा। लातेहार जिले के उपाध्यक्ष के साथ-साथ झारखंड के अन्य सभी जिलों के जिला परिषद उपाध्यक्ष हैदराबाद पहुंच चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण मूल रूप से पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करना, आवश्यकता के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन करना और योजनाओं को धरातल पर उतारने संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा ।

## न्यूज फटाफट

### भवानी ने एशियाई चैंपियनशिप में जीता ऐतिहासिक पदक



**वुक्शी (चीन):** भारत की शीर्ष तलवारबाज भवानी देवी ने सोमवार को यहां एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप 2023 में महिला सेबर स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता। यह एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक है। विश्व रैंकिंग में 49वें नंबर की तलवारबाज भवानी ने यह उपलब्धि हासिल करने के लिये क्वार्टरफाइनल में गत विश्व चैंपियन मिसाकी इमुरा को 15-10 से मात दी। यह विश्व नंबर एक मिसाकी के विरुद्ध भवानी की पहली जीत थी, जबकि इससे पहले चार मुकाबलों मे जापानी तलवारबाज़ ने बाज़ी मारी थी। भवानी सेमीफाइनल में भले ही उज़्बेकिस्तान की ज़ैनब दाइबेकोवा से 14-15 से हार गयीं, लेकिन शीर्ष-चार में पहुंचकर उन्होंने ऐतिहासिक कांस्य हासिल कर लिया। एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप में सेमीफाइनल हारने वाले खिलाड़ी कांस्य पदक जीतते हैं, जबकि विजेता खिताबी में प्रतिस्पर्धा करते हैं। ज़ैनब ने फाइनल में कोरिया गणराज्य की विश्व नंबर 28 जीसु यून पर 15-9 से जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता। इससे पूर्व, भवानी देवी को राउंड ऑफ़ 64 में बाई मिली थी। उन्होंने अगले राउंड में दुनिया की 95वें नंबर की कज़ाकिस्तान की डोस्पे करीना को 15-13 से हराया और दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी जापान की सेरी ओजाकी को प्री-क्वार्टर फाइनल में 15-11 से मात दी। महिलाओं की सेबर स्पर्धा में हिस्सा लेने वाली अन्य भारतीय तलवारबाज जगमीत कौर, रिशिका खजूरिया और जोस्ना क्रिस्टी ने पदक नहीं जीते। दो बार की राष्ट्रमंडल चैंपियन भवानी देवी के नाम पहले दो एशियाई पदक थे, लेकिन दोनों अंडर-23 स्तर पर आये। उन्होंने 2014 में व्यक्तिगत रजत पदक और 2015 में कांस्य पदक जीता था। भवानी टोक्यो ओलंपिक 2020 में भाग लेने वाली पहली भारतीय तलवारबाज बनी थीं, जहां वह शीर्ष-32 चरण में बाहर हो गयी थीं। सेबर टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के अलावा, एशियाई तलवारबाज़ी चैंपियनशिप 2023 में फ़ॉइल और एपी स्पर्धाओं की प्रतियोगिता भी शामिल हैं। महाद्वीपीय चैंपियनशिप 20 जून को समाप्त होगी।

### बालासोर पीड़ितों को 20 लाख रुपये दान करेगी भारतीय फुटबॉल टीम



**भुवनेश्वर:** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम इस महीने की शुरुआत में हुई बालासोर ट्रेन दुर्घटना के प्रभावित परिवारों के राहत और पुनर्वास कार्य के लिये 20 लाख रुपये दान करेगी। भारत ने कप्तान सुनील छेत्री के 87वें अंतरराष्ट्रीय गोल और लल्लियांजुआला छांगटे के गोल की बदौलत रविवार रात कलिंगा स्टेडियम में इंटरकॉन्टिनेंटल कप के फाइनल में लेबनान को 2-0 से हरा दिया। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस उपलब्धि पर भारतीय फुटबाल टीम को एक करोड़ रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की। फुटबाल टीम ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि वे 20 लाख रुपये बालासोर ट्रेन दुर्घटना के पीड़ितों के लिये दान करेंगे। भारतीय फुटबॉल ने ट्वीट किया, ''हम अपनी जीत के लिये टीम को नकद पुरस्कार देने के लिये ओडिशा सरकार के आभारी हैं। ड्रेसिंग रूम द्वारा एक त्वरित और सामूहिक निर्णय के रूप में हमने इस महीने की शुरुआत में राज्य में हुई दुर्भाग्यपूर्ण ट्रेन दुर्घटना के प्रभावित परिवारों के राहत और पुनर्वास कार्य के लिये उस धनराशि में से 20 लाख रुपये दान करने का फैसला किया है।'' ट्वीट में कहा गया, ''जो जन हानि हुई है, उसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता, लेकिन हम आशा करते हैं कि यह परिवारों को मुश्किल समय से निपटने में मदद करने में अपनी छोटी भूमिका निभाएगा।'

**तीखा हमला**

'भाड़ में जाए भारत...', जावेद मियांदाद की दो टूक-

# टीम इंडिया से काफी बेहतर है पाकिस्तान क्रिकेट टीम

▶▶ पाकिस्तान को भारत की यात्रा का बहिष्कार करना चाहिए :जावेद

▶▶ जब तक कि भारतीय क्रिकेट टीम एक श्रृंखला खेलने के लिए उनके पास नहीं आती



**एजेंसियां**

**नई दिल्ली:** पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने एशिया कप 2023 के लिए पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार करने पर बीसीसीआई पर एक और नया तीखा हमला किया है। मियांदाद लगातार भारतीय क्रिकेट के आलोचक रहे है। एसीसी (एशिया क्रिकेट काउंसिल) द्वारा एशिया कप के लिए पाकिस्तान के 'हाइब्रिड मॉडल' को मंजूरी देने दे दिया गया है जिसके मुताबिक भारत अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगा। इस प्रस्ताव ने मियांदाद को खुश नहीं किया। उन्होंने जौर देते हुए कहा कि पाकिस्तान को भारत की यात्रा का बहिष्कार करना चाहिए जब तक कि भारतीय क्रिकेट टीम एक श्रृंखला खेलने के लिए उनके पास नहीं आती।

**मियादाद ने क्या कहा**

जावेद मियांदाद ने कहा कि पाकिस्तान 2012 में भारत आ चुका है और 2016 में भी, अब भारतीयों के यहां आने की बारी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर मुझे कोई फैसला करना होता तो मैं कोई भी मैच खेलने के लिए भारत नहीं जाता, यहां तक कि विश्व कप भी नहीं।

हम उन्हें (भारत) खेलने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं लेकिन वे कभी भी एक तरह से प्रतिक्रिया नहीं देते। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बड़ा है... हम अब भी अच्छे खिलाड़ी तैयार कर रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाड़ में जाए भारत। मुझे नहीं लगता कि अगर हम भारत नहीं जाते हैं तो भी हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

**जारी है विवाद**

भारत-पाकिस्तान का ड्रामा केवल एशिया कप तक ही सीमित नहीं है। भारत में होने वाले विश्व कप 2023 में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर काफी हो-हल्ला मचा था। हालांकि आईसीसी ने अभी तक आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है, ब्लॉकबस्टर भारत-पाकिस्तान टाई 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने की उम्मीद है। इसके अलावा, नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, पीसीबी की विश्लेषणात्मक टीम ने सुझाव दिया है कि पाकिस्तान को अपना विश्व कप मैच अफगानिस्तान के खिलाफ चेन्नई की स्पिन के अनुकूल सतह पर नहीं खेलना चाहिए। हालांकि, मियांदाद का मानना है कि पाकिस्तान को कड़ा रुख अपनाना चाहिए और तब तक मना कर देना चाहिए जब तक कि बीसीसीआई पहले अपनी टीम नहीं भेजता। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि भारत ने आखिरी बार 2008 में एशिया कप के लिए एक श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था, दोनों देशों के बीच संबंधों में 26/11 के बाद खटास आनी शुरू हो गई थी।

## खेल जगत अपडेट्स >>

### महिला चयनकर्ता समिति में शामिल हुई श्यामा डे शॉ



**मुंबई:** बंगाल की पूर्व क्रिकेटर और चयनकर्ता शचामा डे शॉ को अखिल भारतीय सीनियर महिला चयनकर्ता समिति में बतौर सदस्य शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसके अलावा वीएस तिलक नायडू को जूनियर चयनकर्ता समिति का सदस्य चुना गया है। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा, ह्लसुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने क्रमशः महिला चयन समिति और जूनियर क्रिकेट समिति में एक-एक चयनकर्ता के पदों के लिये आवेदनों की जांच की। सीएसी ने उक्त पदों के लिये सर्वसम्मति से शचामा डे शॉ और वीएस तिलक नायडू की सिफारिश की है।ह्व वामहस्त बल्लेबाज और मध्यम गति की गेंदबाज शॉ ने तीन टेस्ट और पांच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने पहली बार 1985 से 1997 तक घरेलू क्रिकेट में बंगाल का प्रतिनिधित्व किया और फिर 1998 से 2002 तक रेलवे के लिये खेलीं। अपने खेल करियर के बाद उन्होंने बंगाल चयनकर्ता समिति में भी दो कार्यकाल गुजारे। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज नायडू ने 1998-99 से 2009-10 तक कर्नाटक के साथ-साथ दलीप ट्रॉफी और देवधर ट्रॉफी में दक्षिण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिये प्रख्यात नायडू ने 93 प्रथम श्रेणी मैचों में 4386 रन बनाये। उन्होंने 2013 से 2016 तक कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) जूनियर चयन समिति की अध्यक्षता की और 2015-16 सत्र के दौरान केएससीए की वरिष्ठ चयन समिति में भी काम किया।

## भारतीय स्कूलों से निकलेगा ओलंपिक तक का रास्ता



**एजेंसियां**

नयी दिल्लीः नीरज चोपड़ा ने जब 2020 टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक का स्वर्ण पदक जीता, तो उन्होंने ऐसा करने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट के रूप में इतिहास रच दिया। भारत ने भले ही 12 साल के लंबे इंतजार के बाद स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन देश की यह विशाल उपलब्धि बड़े पर्दे पर बहुत छोटी नजर आयी। टोक्यो ओलंपिक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता अमेरिका ने 39 स्वर्ण सहित 113 पदक जीते थे। कुल 42 देशों ने कम से कम दो स्वर्ण जीते, जबकि कुल पदकों के मामले में भारत 93 देशों की सूची में 48वें स्थान पर रहा था। आप पूछ सकते हैं कि एक अरब से अधिक आशाओं और सपनों का देश इतना पीछे कैसे छूट गया? इस सवाल का जवाब वयस्कों के एक आयोजन से बहुत पीछे छिपा है। स्पोर्ट्स फॉर ऑल (एसएफए) के संस्थापक ऋषिकेश जोशी ने यूनीवार्ता से कहा, ''भारत की समस्या यह है कि हमारी आबादी एक अरब से अधिक है, लेकिन हम ओलंपिक में पर्याप्त पदक नहीं जीत पाते। अगर हमें इस समस्या का समाधान करना है तो हमें सबसे निचले स्तर पर जाना होगा। हमें स्कूली खेलों के लिये एक गंभीर माहौल बनाने की जरूरत है।'' ऋषिकेश ने कहा कि भारत के ओलंपिक में बड़ा प्रदर्शन करने में विफल रहने का एक कारण बच्चों के लिये खेल की संस्कृति का न होना है। ऋषिकेश ने कहा, ''जब मैंने और विश्वास (विश्वास चोकसी, एसएफए के संस्थापक) ने स्कूल स्तर पर क्रिकेट खेलना शुरू किया, तो समय के साथ हमने अनुभव किया कि अंतरराष्ट्रीय खेल बहुत बदल गये हैं।

## यूथ राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सर्विसेज ने मारी बाज़ी



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली:** गत चैंपियन सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) ने एक बार फिर सिक्किम के गंगटोक में छठी यूथ पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में टीम खिताब जीतकर अपना वर्चस्व कायम किया है। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि रविवार रात खेले गये फाइनल मुकाबलों में सर्विसेज के 11 में से नौ मुक्केबाजों ने स्वर्ण पदक हासिल किये। सर्विसेज (85 अंक) ने नौ स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदकों के साथ चैंपियनशिप तालिका में पहला स्थान हासिल किया। सर्विसेज के ऋषि (48 किग्रा) और आर्यन (51 किग्रा) ने दिन की शुरुआत में क्रमशः बिहार के राहुल और मणिपुर के थोकचोम सिंह पर 5-0 की समान जीत के साथ स्वर्ण हासिल किये। आशीष (54 किग्रा) ने लंबे संघर्ष के बाद सिक्किम के जयंत डागर को 4-3 से हराकर सर्विसेज का तीसरा स्वर्ण जीता।

## जान्हवी कपूर, गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू स्टारर 'उलझ' की शूटिंग शुरू



**एजेंसियां**

**मुंबईः** जान्हवी कपूर, गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू स्टारर ह्यउलझह्न की शूटिंग लंदन में शुरू हो गयी है। फिल्म ह्यउलझह्न की शूटिंग लंदन में शुरू हो गई है। यह पहली बार है जब जान्हवी और गुलशन देवैया एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।देशभक्ति पर आधारित इस थ्रिलर फिल्म में भारतीय विदेश सेवा की प्रतिष्ठित और पेचीदा दुनिया को दिखाया गया है। इस फिल्म की शूटिंग सेट से हाल ही में जान्हवी ने एक तस्वीर भी शेयर की है। सुधांशु सरिया के निर्देशन बन रही फिल्म उलझ में जान्हवी कपूर और गुलशन देवैया के अलावा रोशन मैथ्यू, राजोश तौलांग, मियांग चांग, न खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी जैसे कलाकार नाजार आयेंगे।

### आयुष्मान खुराना को लेकर फिर से फिल्म बनाना चाहते हैं श्रीराम राघवन



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक, श्रीराम राघवन, आयुष्मान खुराना को लेकर फिर से फिल्म बनाना चाहते हैं। श्रीराम राघवन ने वर्ष 2018 में सुपरहिट फिल्म अंधाधुन बनायी थी। फिल्म अंधााधुन में आयुष्मान खुराना, तब्बू, राधिका आप्टे और अनिल धवन ने मुख्य भूमिका निभायी थी। श्रीराम राघवन फिर से आयुष्मान खुराना को लेकर फिल्म बनाना चाहते हैं। श्रीराम राघवन ने बताया है कि वह आयुष्मान खुराना के साथ फिर से साथ काम करने के लिए एक चुनौतीपूर्ण फिल्म की तलाश में हैं। श्रीराम राघवन ने कहा, दुर्भाग्य से, अंधाधुन का कोई सीक्वल नहीं है क्योंकि फिल्म को वहीं खत्म होना चाहिए, जहां यह खत्म होती है। आयुष्मान एक शानदार अभिनेता हैं और मैं किसी ऐसी चीज पर काम करना पसंद करूंगा जो हमारे लिए चुनौतीपूर्ण हो।

## 07 दिसंबर को रिलीज होगी शाहिद कपूर-कृति सैनन की फिल्म



**एजेंसियां**

**मुबईः** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर और अभिनेत्री कृति सैनन की जोड़ी वाली फिल्म 07 दिसंबर को रिलीज होगी। शाहिद कपूर और कृति सैनन स्टारर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा जियो स्टूडियोज ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर शेयर की। जियो स्टूडियोज ने लिखा, ''अपने कैलेंडर में इस नामुमकिन लव स्टोरी की डेट मार्क कर लिए, जोकि 07 दिसंबर 2023 है। कृति सेनन- शाहिद कपूर स्टारर ये फिल्म जियो स्टूडियोज दिनेश विजन संग मिलकर ला रहा है।शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर इस अनटाइटल फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और आराधना साह कर रहे हैं।

### 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का नया पोस्टर रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और अभिनेत्री आलिया भट्ट स्टारर 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर इन दिनों फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' बना रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की मुख्य भूमिका है। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से ह्यरॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह का लुक देखने लायक है। जहां आलिया भट्ट रेड साड़ी में नोज पिन पहने बेहद प्यारी लगीं। वहीं रणवीर सिंह भी रेड आउटफिट में डैशिंग लगे। पोस्टर के अनुसार 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का टीजर कल यानी 20 जून को रिलीज होगा। यह फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## आर माधवन ने फिल्म टेस्ट की शूटिंग पूरी की



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता आर माधवन ने अपनी आने वाली फिल्म टेस्ट की शूटिंग पूरी कर ली है। शशिकांत द्वारा निर्देशित स्पोर्ट्स ड्रामा ×फल्म ह्यटेस्टह्न की शूटिंग आर माधवन ने पूरी कर ली है। ×फल्म टेस्ट की कहानी एक टेस्ट क्रिकेट मैच के इर्दगिर्द घूमती है। इस ×फल्म से आर माधवन ,सिद्धार्थ और नयनतारा की मुख्य भूमिका है। आर माधवन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा कि ह्यटेस्टह्न खत्म हुआ। लोगों के सबसे अच्छे सेट के साथ काम करने का मुझे सौभाग्य मिला। एक शानदार डेब्यू डायरेक्टर और अविश्वसनीय अविश्वसनीय और दिमाग उड़ाने वाले सह-कलाकार। आप सब देखोगे।

## प्रदेश >> अपडेट

### रेलगाड़ी से कटकर युवक की मौत

**भीलवाड़ा :** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के हमीरगढ़ रेलवे स्टेशन से पहले गुवारडी के निकट रेलवे लाइन पर युवक की इंटरसिटी एक्सप्रेस से कटकर मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर से उदयपुर जा रही इंटरसिटी के इंजन से कटकर पटरी पर लेटे एक युवक की मौत हो गई। हादसे में युवक के शरीर के कई टुकड़े हो गए। फ्रेंड चालक ने गाड़ी रोकने का प्रयास भी किया लेकिन युवक बच नहीं पाया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### पीएसपीसीएल का जेई 10,000 रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने गुरदासपुर जिले के अलीवाल स्थित पावर स्टेशन पर तैनात पंजाब राज्य बिजली निगम लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के कनिष्ठ अभियंता कृपा सिंह को 10,000 रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने सोमवार को यहां बताया आरोपी को जिले के ढड़ियला गांव निवासी सुखजीत सिंह की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया।

### भूमि विवाद में व्यक्ति की हत्या,पांच हिरासत में

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के थानामंडी इलाके में एक भूमि विवाद के कारण एक व्यक्ति की कथित रूप से हत्या कर दी गई और इस मामले में पुलिस ने कम से कम पांच लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पत्नी का आरोप है कि थानामंडी के सोरा पुल निवासी उसके पति शफीक अहमद की कुछ ग्रामीणों ने एक भूमि विवाद के कारण हत्या कर दी। हालांकि, पुलिस ने इसका संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया और इस हत्या से संबंधित पांच संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने घटना की पुष्टि की और कहा कि मामले की जांच चल रही है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अनुसूचित जाति का फर्जी प्रमाण पत्र रद्द

**चंडीगढ़ :** पंजाब की सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने सोमवार को कहा कि कपूरथला जिले के फगवाड़ा निवासी अरविंद कुमार का अनुसूचित जाति सम्बंधी फर्जी प्रमाण पत्र जांच कमेटी ने रद्द किया गया है तथा इसके तहत हासिल किये गये लाभ की भी वसूली की जाएगी। डॉ कौर ने कहा कि इस सम्बंध में जालंधर जिले के लखनपाल गांव के राजेश कुमार मेहरा ने विभाग को शिकायत दी थी कि अरविंद कुमार भोया जाति से सम्बंधित है तथा इसके बावजूद उसने अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनाया है।

### अवैध गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी :** मध्यप्रदेश के सिवनी जिले की बंडोल पुलिस ने ग्राम गोरखपुर के गुरूद्वारा के सामने स्थित चाय पान की दुकान से सात सौ ग्राम अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल मुखबिर की सूचना पर ग्राम गोरखपुर में दबिश दी गयी, जहां पर गुरदीप सिंह सरदार निवासी ग्राम गोरखपुर टेक द्वारा अपनी चाय पान दुकान पर ट्रक चालकों और आने जाने लोगो को गांजा बेचने का कार्य कर रहा था। इस पर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 700 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी गुरदीप सिंह को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### पेड़ से गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**सतना :** मध्यप्रदेश के सतना जिले में आज एक पेड़ से गिर जाने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोटर थाना क्षेत्र के चितगढ गांव मे सुबह आम तोड़ने के लिये पेड़ पर चढे राजधर यादव नाम के व्यक्ति की मौत पेड़ पर से गिर जाने के कारण हो गयी।

**तबाही**

चक्रवाती तूफान विपर्जय का दबाव अब तेजी से कम हो रहा

# रेगिस्तानी के कई इलाकों में भीषण बारिश से तबाही

- आठ घंटे में एक मीटर बारिश का रिकार्ड
- थार के रेगिस्तानी इलाकों में जलप्रलय
- एक हजार लोगों को सुरक्षित निकाला गया



राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** चक्रवाती तूफान विपर्जय के राजस्थान पहुंचने के बाद उसका असर अब कम हो रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक वह अब एक कम दबाव का इलाका बनकर रह गया है और धीरे धीरे उत्तर पश्चिम की तरफ बढ़ रहा है। लेकिन इसके बीच ही राजस्थान के कई इलाकों में इसकी वजह से भीषण बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्तव्यस्त होने की खबर है। थार रेगिस्तानी इलाके में हाल के दिनों में इतनी अधिक बारिश पहले कभी नहीं हुई है। जानकार बताते हैं कि जैसलमेर में अगस्त 2006 में 10 दिनों में 549 मिमी बारिश के एक सनकी जादू के बारे में कहा गया था कि बाड़मेर में 20 झीलें बन गई थीं। चक्रवात बिपार्जॉय ने शनिवार को केवल आठ घंटों में 1056 मिमी की मात्रा में बारिश करायी। जिससे थार के कई इलाकों में जलप्रलय जैसी परिस्थिति पैदा हो गयी है। गुजरात को तहस-नहस करने के बाद, पिछले 24 घंटों से राजस्थान में भारी बारिश हुई है और 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं चलीं, बिजली की लाइनें टूट गईं, घर गिर गए, पेड़ उखड़ गए और रेगिस्तान के निवासी जल योद्धाओं में बदल गए। पाली जिले में एक लड़की को बिजली का करंट लग गया था, संभवतः बिजली के एक खंभे की चपेट में आने से। 600-700 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किए जाने के साथ, बस्तियों के स्कोर में 4 से 5 फीट पानी के बारे में रिपोर्टें हैं। मूसलाधार बारिश से पाकिस्तान सीमा के पास के कई गांवों में पानी भर गया है।

बहुत भारी बारिश को 10 मिमी प्रति घंटे की बारिश के रूप में परिभाषित किया गया है। अगर बारिश 50 मिमी प्रति घंटे से ऊपर है तो यह खतरनाक श्रेणी में पहुंच जाता है। बाड़मेर में शुक्रवार सुबह 8 बजे से शनिवार सुबह 8 बजे तक 696 मिमी बारिश हुई, जो कि 58 मिमी प्रति घंटे की खतरनाक बारिश है। शनिवार को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे के बीच रिकॉर्ड 1056 मिमी बारिश हुई। उदयपुर, जालोर, पाली और नागौर जिलों को भी द्विपराजय अंगमारी का सामना करना पड़ा; अकेले माउंट आबू में 210 मिमी बारिश देखी गई।बाड़मेर कलेक्टर अरुण पुरोहित और एसपी दिगंत आनंद बाढ़ वाले इलाकों में थे क्योंकि अन्य अधिकारियों ने संकटग्रस्त भोजन के पैकेट सौंपे। बीएसएफ, सेना के जवान और नागरिक सुरक्षा दल पास खड़े थे।

बाड़मेर जिले के सेदवा, सिंदरी और गुढामलानी क्षेत्रों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की बचाव टीमों द्वारा कई गांवों को बाढ़ से निकाला गया और उनके निवासियों को बाहर निकाला गया। पाली जिले के जैतारण के समीप एक गांव में हाईटेंशन बिजली का तार गिरने से 16 वर्षीय किशोरी की करंट लगने से मौत हो गयी. बाड़मेर जिले के कुछ इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति देखी गई, जहां 1,000 से अधिक लोगों को उनके गांवों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। बाड़मेर के जिला कलेक्टर अरुण पुरोहित ने कहा, बचाव के लिए बाड़मेर में एनडीआरएफ की एक टीम को बुलाया गया। इस टीम को बाड़मेर के सीवाना इलाके में भेजा गया था जहां मूसलाधार बारिश देखी गई थी।

## निवाड़ी मामले में जांच के निर्देश : गृह मंत्री



एजेंसियां

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने आज बताया कि निवाड़ी जिले में थाने से जुड़े एक वायरल वीडियो के मामले में पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। डॉ मिश्रा ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान बताया कि इस पूरे मामले में एक हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल को लाइन अटैच कर दिया गया है। मामले की जांच के आदेश दिए हैं। दरअसल मध्यप्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने कल आरोप लगाया था कि निवाड़ी जिले के तेहरका थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक के साथ निर्मम तरीके से मारपीट की है। मिश्रा ने ट्वीट के जरिए यह आरोप लगाया और पीड़ति युवक के फोटो तथा आपबीती सुनाते हुए उसका वीडियो अपलोड किया था। मिश्रा ने इस घटना के जरिए शासन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पुलिस ने युवक ऋषि ठाकुर के साथ निर्मम तरीके से मारपीट की है। उसके घर भंडारा चल रहा था। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यह शासन है या कुशासन।

## दिल्ली,एनसीआर के कई हिस्सों में बारिश से मौसम हुआ सुहाना



एजेंसियां

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी और इसके आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह हल्की से मध्यम बारिश हुई जिससे लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 3-4 दिन ऐसा ही मौसम बना रह सकता है। बिपोरजॉय चक्रवात का असर अब हल्का पड़ने लगा है तो कुछ दिन में देशभर में मौसम के रुख में भी बदलाव आने वाला है। चार-पांच दिन में लगभग सभी राज्यों से लू विदा ले लेगी और उसी के साथ मानसून का आगमन हो जाएगा। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार 24 घंटों के दौरान शहर में 5 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने कहा कि न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो साल के इस समय के लिए सामान्य है। सुबह साढ़े आठ बजे राजधानी में सापेक्षिक आर्द्रता 96 फीसदी दर्ज की गई। इस बीच, मौसम विभाग ने दिन में आमतौर पर बादल छाए रहने और हल्की बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान जताया है। आईएमडी के अनुसार चक्रवाती तूफान 'बिपोरजॉय' के लगभग पूर्व-उत्तर पूर्व की ओर बढ़ने और अगले 12 घंटों के दौरान इसके दबाव की तीव्रता बनाए रखने की संभावना है।

### तेलंगाना में स्नातक छात्रा ने की आत्महत्या

**निजामाबाद :** तेलंगाना में निजामाबाद जिले के अरमोर कस्बे में स्नातक के अंतिम वर्ष की एक छात्रा ने छात्रावास में कथित रूप से आत्महत्या की। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रक्षिता नाम की छात्रा कल शाम को कॉलेज से वापस आने के बाद अपने छात्रावास के कमरे के पंखे से लटकर कथित तौर पर अपनी जान दे दी। इससे पहले छात्रावास वार्डन ने मोबाइल फोन पर उससे संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन कोई जबाव नहीं मिला। जिसके बाद, वार्डन ने रक्षिता के कमरे की खिड़कियाँ खोलकर अंदर झांका, तब छात्रा का शव पंखे से लटका हुआ पाया। वार्डन ने तुरंत लोगों की मदद से दरवाजा तुड़वाया। रक्षिता को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण बाद में उसे एक सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## विदेश जाने से पहले मणिपुर संकट पर चुप्पी तोड़े मोदी : कांग्रेस



एजेंसियां

**नयी दिल्ली:** पिछले 49 दिन से हिंसा में जल रहे मणिपुर को लेकर कांग्रेस ने उम्मीद जताई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश दौरे पर जाने से पहले इस संकट के समाधान को लेकर चुप्पी तोड़ेंगे। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि मणिपुर पिछले 49 दिन से हिंसा की चपेट में है और 50वें दिन मोदी विदेश यात्रा पर जा रहे हैं इसलिए पार्टी को उम्मीद है कि वह मणिपुर में शांति बहाली पर मौन तोड़ेंगे और संकट के समाधान के लिए जरूरी कदम उठाएंगे। उन्होंने सवाल किया ,''मणिपुर 49 दिनों से जल रहा है। 50वें दिन क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस संकट पर एक शब्द भी बोले बिना विदेश चले जाएंगे। सैकड़ों लोग मारे गए, हजारों बेघर हो गए, अनगिनत चर्च और पूजा स्थल नष्ट हो गए और संकटग्रस्त राज्य का प्रशासन समस्या का समाधान नहीं निकाल पा रहा है। मामला अब और भी बदतर बनाता जा रहा है और हिंसा अब मिजोरम में भी फैल रही है।'' कांग्रेस नेता ने कहा , ''पिछले कई दिनों से मणिपुरी मामले में प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने के लिए समय मांग रहे हैं लेकिन मोदी सरकार की उपेक्षा का हर गुजरता दिन इस विश्वास की पुष्टि करता है कि मोदी और उनके नेतृत्व वाली भाजपा मणिपुर संकट का समाधान खोजने के बजाय संघर्ष को लंबा करने में रुचि रखते हैं। सवाल है कि स्वयंभू विश्वगुरु कब सुनेंगे मणिपुर की बात। शांति की सीधी-सादी अपील करने के लिए वे देश से कब बात करेंगे। वे कब केंद्रीय गृह मंत्री और मणिपुर के मुख्यमंत्री से शांति स्थापित करने में पूरी तरह विफल रहने के लिए जवाबदेही की मांग करेंगे।''

### डीयू छात्र की हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के दक्षिण परिसर में एक छात्र की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान बीए प्रोग्राम प्रथम वर्ष के छात्र राहुल (19) और उसका मित्र हारून (19) के रुप में की गई है। मामले में शामिल दो और लोगों की पहचान की गई है। आगे की जांच जारी है। दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिण परिसर में रविवार को स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग के एक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी थी। मृतक बीए राजनीति विज्ञान प्रथम वर्ष के छात्र निखिल चौहान (19) और आरोपी क्लास के लिए कॉलेज आए थे। किसी बात को लेकर आरोपी अपने तीन साथियों के साथ कॉलेज गेट के बाहर निखिल से मिला और उसके सीने पर चाकू मार दिया।

**पड़ताल** लुधियाना से साढ़े आठ करोड़ की लूट की अभियुक्त उत्तराखंड में गिरफ्तार

## मुफ्त जूस लेने की लालच में पकड़ी गयी मनदीप कौर उर्फ मोना

राष्ट्रीय खबर



**देहरादून:** लुधियाना की 8.49 करोड़ की डकैती की जांच कर रही टीमों ने मास्टरमाइंड मनदीप कौर उर्फ मोना को पकड़ने के लिए नये तरीके आजमाये। इसे पुलिस दल ने ऑपरेशन में क्वीन बी का नाम दिया था। पुलिस टीम को इस बात की भनक थी कि दोनों लोग उत्तराखंड में तीर्थ यात्रा पूरी करने के बाद दोनों नेपाल भागने की योजना बना रहे हैं। इसकी सूचना मिलने के बाद जांचकताओं ने आरोपी और उसके पति को गिरफ्तार करने के लिए गोविंद घाट से हेमकुंड साहिब तक 18 किमी की यात्रा की। अधिकारियों के मुताबिक, उन्हें मनदीप कौर उर्फ मोना और उनके पति जसविंदर सिंह के हेमकुंड साहिब में मत्था टेकने के रास्ते में देखे जाने की सूचना मिली थी। दोनों का पीछा करने के बजाय, टीमों ने धैर्य का प्रदर्शन किया और जोड़ी के फिर से नजर आने का इंतजार किया। ऑपरेशन क्वीन बी का नेतृत्व करने वाले अपराध जांच एजेंसी के प्रभारी निरीक्षक बेअंत जुनेजा ने कहा कि चूंकि धार्मिक स्थल बहुत सारे तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता है, इसलिए संभावना थी कि दोनों इसका फायदा उठाएंगे और भाग निकलेंगे। पुलिस ने तीर्थयात्रियों के लिए पैक्ड जूस और ग्लूकोज का एक काउंटर लगाया, ताकि आरोपियों को पकड़ा जा सके। यह दोनों भी इसी जाल में फंस गये। वे जूस लेने के लिए इस काउंटर पर रुके और अपने मास्क हटा दिए। जिसके बाद उनकी पहचान की गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

ऑपरेशन के बारे में अधिक जानकारी साझा करते हुए, निरीक्षक ने कहा कि उन्हें एक स्रोत से दोनों के स्थान के बारे में जानकारी मिली है। उत्तराखंड पहुंचने के बाद जांचकताओं ने पाया कि आरोपियों ने उन्हें तीर्थ यात्रा के लिए अधिकारियों के पास पंजीकृत कराया था। आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने 21 लाख रुपये और बरामद कर लिए। पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने पुलिस को यह भी बताया कि उन्होंने डकैती को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद तीर्थ यात्रा पर जाने की कसम खाई थी। वे पुलिस से बचने के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं कर रहे थे, लेकिन एक तीर्थयात्री से मोबाइल फोन उधार लेकर अपने माता-पिता से संपर्क किया था। दंपति को पता था कि मनजिंदर सिंह सहित उनके कुछ सहयोगियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। लुधियाना पुलिस ने घटना की जांच के लिए संयुक्त पुलिस आयुक्त (जेसीपी) सौम्या मिश्रा के नेतृत्व में पांच सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया था। विशेष रूप से, पुलिस आयुक्त ने पहले कहा था कि जांच अधिकारियों को संदेह है कि वास्तविक लूट की राशि ?6.33 करोड़ थी। हाल के दिनों में शहर में सबसे बड़ी डकैती देखी गई, सशस्त्र लुटेरे दो सुरक्षा गार्डों सहित पांच कर्मचारियों को बंदी बनाकर नकदी प्रबंधन सेवा कंपनी सीएमएस के कार्यालय से पैसे और एक कैश वैन लेकर फरार हो गए थे।

## न्यूज फटाफट

### जापान में गोताखोरी कर रहे सात लोग हुए लापता

**टोक्यो :** जापान के दक्षिणी प्रांत ओकिनावा में गोताखोरी करने के दौरान सात लोग लापता हो गये। यह जानकारी सोमवार को एनएचके प्रसारक ने दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा द्वीप के दक्षिण में स्थित इटोमन शहर के समीप प्रवाल भित्तियों के उत्तर में हुई। एनएचके ने कहा कि पांच गोताखोर और दो प्रशिक्षक समुद्री धाराओं में ड्रिफ्ट डाइविंग कर रहे थे। जापान की समुद्री सुरक्षा बल ने घटनास्थल पर एक हेलीकॉप्टर भेजा है और लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

### सेना के साथ झड़प में सात संदिग्ध चरमपंथियों की मौत

**मनीला :** फिलीपींस में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में एक सशस्त्र समूह के सात संदिग्ध चरमपंथी मारे गये। सेना के सूत्रों के अनुसार झड़प रविवार सुबह उस समय हुई जब सैनिकों और पुलिस अधिकारियों की एक टीम मगुइंदानाओ डेल सुर प्रांत के दातु पगलास शहर में बंगसमोरो इस्लामिक फ्रीडम फाइटर्स (बीआईएफएफ) के एक ठिकाने पर गिरफ्तारी का वारंट लेकर गया था। बीआईएफएफ ने कथित रूप से उस संयुक्त टीम पर गोलीबारी की, जिसके कारण एक झड़प हुई जिसमें बीआईएफएफ के सात संदिग्ध मारे गए और एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी बलों ने झड़प के बाद बीआईएफएफ के पास से एम16 राइफल और पिस्तौल सहित हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किए। बीआईएफएफ एक सशस्त्र समूह है जो कि इस्लामिक स्टेट से जुड़ा हुआ है और यह दक्षिणी फिलीपींस के मध्य मिंडानाओ क्षेत्र में बम विस्फोट और अन्य अपराधों के लिए दोषी माना जाता है। बीआईएफएफ ने 2014 में सरकार के साथ शांति समझौते पर बातचीत करने पर सहमति व्यक्त की थी।

### म्यांमार में 5.1 तीव्रता का भूकंप

**यंगून :** म्यांमार के दक्षिणी क्षेत्रों में सोमवार को 5.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किये गये। देश के मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग (डीएमएच) ने सोमवार को यह जानकारी दी। डीएमएच ने बताया कि भूकंप का केंद्र अय्यरवाडी क्षेत्र के प्यापोन शहर के दक्षिण-पूर्व में 15.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 96.33 डिग्री पूर्वी देशांतर पर जमीन की सतह से 10 किमी की गहराई में था। डीएमएच के भूकंप विभाग के उप निदेशक यिन मायो मिन हटवे ने बताया कि भूकंप का केंद्र समुद्र तल पर स्थित है और सुनामी के आसार नहीं हैं। भूकंप के कारण किसी के हताहत होने या नुकसान की खबर नहीं है।

### ब्लिंकन के कार्यक्रम में शी के साथ बैठक नहीं

**वाशिंगटन :** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन की बीजिंग यात्रा में सोमवार के कार्यक्रम में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक शामिल नही है। अमेरिका के विदेश विभाग द्वारा ब्लिंकन के प्रकाशित कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई है। ब्लिंकेन 18 जून को बीजिंग पहुंचे। अमेरिकी विदेश मंत्री की 2018 के बाद से बीजिंग की पहली यात्रा है। यह यात्रा कार्यक्रम फरवरी के लिए निर्धारित किया गया था। अमेरिकी मीडिया ने ब्लिंकन के चीन पहुंचने से पहले बताया कि यह पता नहीं है कि क्या अमेरिकी विदेश मंत्री शी जिनपिंग के साथ बैठक करने की योजना बना रहे थे और ऐसी बैठक संभव थी। विदेश विभाग द्वारा प्रकाशित सोमवार के कार्यक्रम के अनुसार ब्लिंकेन सुबह चीन के केंद्रीय विदेश मामलों के कार्यालय के निदेशक वांग यी के साथ वार्ता करेंगे। इसके बाद ब्लिंकन बीजिंग में एक्सचेंज प्रोग्राम के पूर्व छात्रों के साथ एक गोलमेज सम्मेलन और अमेरिकी व्यापार जगत के नेताओं के साथ एक अलग गोलमेज सम्मेलन में भाग लेंगे। ब्लिंकेन की बीजिंग में अमेरिकी मिशन चीन के कर्मचारियों और परिवारों से मिलने की भी योजना है।

### चक्रवाती तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हुई

**साओ पाउलो :** दक्षिणी ब्राजील में सप्ताहांत में आए चक्रवाती तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई, जबकि चार लोग अब भी लापता हैं। देश की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि तूफान और बाढ़ से तबाही शुक्रवार को शुरू हुई। तूफान से दक्षिणी ब्राजील के राज्य रियो ग्रांडे डो सुल के 40 से अधिक शहर प्रभावित हुए। यह पड़ोसी उरुग्वे और अर्जेंटीना की सीमा में हैं। एजेंसी ने कहा कि लापता लोगों की तलाश का अभियान अभी भी जारी है। एजेंसी के अनुसार, सप्ताहांत में पांच लाख से अधिक लोग बिना बिजली के रह गए और 4,913 लोग बेघर हो गए। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने प्रभावित क्षेत्र को संघीय सहायता देने का वादा किया है।

### अमेरिका,चीन कार्यस्तरीय बैठकें जारी रखने पर सहमत

**वाशिंगटन :** अमेरिका ने विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन और चीन के विदेश मंत्री किन गैंग के बीच बीजिंग में वार्ता के बाद विशिष्ट चुनौतियों का समाधान करने के लिए कार्य-स्तरीय बैठकें जारी रखने की योजना बनाई है। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। समाचार पत्र ने रविवार को अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिका और चीन के अधिकारियों ने वरिष्ठ स्तर के संचार को फिर से स्थापित करने सहित प्रमुख उद्देश्यों पर प्रगति की है। अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी चीन के साथ विशिष्ट चुनौतियों का समाधान करने के लिए कार्य-स्तरीय बैठकें आयोजित करने पर सहमत हुए। बीजिंग में चीनी अधिकारियों के साथ ब्लिंकेन की बैठक 19 जून को जारी रहेगी।

### मेक्सिको के तट पर भूकंप के झटके

**मॉस्को :** कैलिफोर्निया की खाड़ी में मैक्सिको के तट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए है। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंपीय केंद्र (ईएमएससी) ने कहा कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.4 मापी गई है। ईएमएससी के अनुसार भूकंप रविवार को 20:30 बजे जीएमटी पर आया और इसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर पर थी। ईएमएससी ने कहा कि भूकंप का केंद्र मेक्सिको के उत्तर-पश्चिमी राज्य सिनालोआ की राजधानी कुलियाकान शहर से लगभग 186 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित था। कुलियाकैन की आबादी लगभग 675,000 है। भूकंप से किसी तरह के नुकसान या हताहत होने की खबर नहीं है।

## आज का इतिहास

- 1837 : विक्टोरिया ब्रिटेन की महारानी बनीं।
- 1863 : पश्चिमी वर्जीनिया अमेरिका का 35वां राज्य बना।
- 1869 : लक्ष्मणराव किर्लोस्कर, का जन्म आज ही के दिन हुआ था जो भारतीय व्यापारी थे और उन्होंने किर्लोस्कर समूह की स्थापना की थी।
- 1877 : अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने कनाडा के ओंटारियो में दुनिया का पहला वाणिज्यिक टेलीफोन सेवा शुरू की।
- 1887 : भारत का सबसे व्यस्ततम रेलवे स्टेशन मुंबई स्थित विक्टोरिया टर्मिनस (छत्रपति शिवाजी टर्मिनस) लोगों के लिए खुला।
- 1916 : पुणे में एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।
- 1921 : चेन्नई, भारत शहर में बकिंघम और कर्नाटक मिल्स के श्रमिकों ने चार महीने की हड़ताल शुरू की।
- 1936 : भारतीय सिनेमा, टीवी व रंगमंच की जानीमानी अभिनेत्री सुषमा सेठ का जन्म।
- 1939 : भारतीय क्रिकेटर रमाकांत देसाई का जन्म।
- 1958 : भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिज्ञ द्रौपदी मुर्मू का जन्म।
- 1960 : माली फेडरेशन (बाद में माली और सेनेगल में विभाजन) को फ्रांस से स्वतंत्रता मिली।
- 1976 : अमेरिकी राजदूत की हत्या के बाद लेबनान से अमेरिका ने सैकड़ों अपने नागरिकों को वहां से निकाला।
- 1990 : ईरान में भूकंप से 40 हजार से अधिक मरे।
- 2001 : जनरल परवेज मुशर्रफ पाकिस्तान के राष्ट्रपति बने।
- 2002 : अमेरिकी कोर्ट ने मानसिक बीमारों की फांसी की सजा पर रोक लगाई।

## छात्रों पर लाठीचार्ज की निंदा, जांच की मांग

रांचीः झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश सचिव ओम वर्मा ने जैक कार्यालय के बाहर सोमवार को छात्रों पर पुलिस लाठीचार्ज की निंदा करते हुए इसकी जांच कराने की मांग की है। कहा कि राज्य भर से 11वीं के रिजल्ट में गड़बड़ी की शिकायतें सामने आयी है। विद्यार्थी अपनी फरियाद लेकर जैक कार्यालय गए थे, परंतु लाठीचार्ज एवं दुर्व्यवहार कर उन्हें जैक कार्यालय से बाहर निकल दिया गया।

सौगात

### मुख्यमंत्री ने चतरा को सौगात देते हुए कहा

# अब पंचायत स्तर खुलेगी दवा

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** चतरा जिले से राज्य सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट- पंचायत स्तर दवा दुकान योजना की सौगात झारखंड को मिली। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को पंचायतों में दवा दुकान संचालित करने का लाइसेंस सौंप कर इस योजना का शुभारंभ किया। अवसर था योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास परिसंपत्ति एवं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गांव- गांव में भी दवा दुकान खोले जाएंगे। यहां जरूरी और अनिवार्य दवाएं उपलब्ध होंगी ताकि, रिमोट और दूरदराज में रहने वाले ग्रामीणों को दवाओं के लिए प्रखंड और जिले की दौड़ नही लगाना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को एक बेहतर और जिम्मेदार व्यवस्था देने का प्रयास जारी है ताकि सरकार की नजरें और योजनाएं सुदूर ग्रामीण इलाकों तक पहुंच सके।

इस सिलसिले में सरकार आपके द्वार में कार्यक्रम के माध्यम से आपकी समस्याओं का निष्पादन किया गया। इस तरह की योजना फिर से शुरू की जाएगी ताकि जनता के साथ सरकार का जुड़ाव बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार एयर कंडीशनर कमरे में बैठकर नहीं, बल्कि जाड़ा, गर्मी और बरसात, कोई भी मौसम हो, फील्ड में काम कर रही है ताकि लोगों की परेशानियां और समस्याओं को हम समझ सकें। इतना ही नहीं योजनाएं धरातल पर उतरे जा रही है। सभी वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे भ्रमण कर योजनाओं की जमीनी हकीकत की जानकारी लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश तभी मजबूत होगा जब राज्य मजबूत होगा और राज्य तभी मजबूत होगा जब ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था मुख्य केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही हैं। किसानों, मजदूरों के हित में सरकार काम कर रही है। ग्रामीणों को स्वावलंबी बनाने, उनकी आय में वृद्धि करने, बेहतर शिक्षा, रोजगार उपलब्ध कराने, स्वरोजगार के मौके देने समेत कई सेक्टर में विशेष तौर पर काम कर रही है ताकि, राज्य और राज्य वासियों को खुशहाल बना सकें।

# किसी तरह के काम के लिए पैसे की डिमांड हो तो करें शिकायत

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** सरकारी कार्यालयों में बगैर चढ़ावे के कोई काम नहीं होता है। बेवजह लोगों को परेशान किया जाता है। काम करने के एवज में पैसे का डिमांड किया जाता है। कुछ इसी तरह की शिकायत शिक्षा विभाग को मिला जिसको लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय सख्त हो गया है। इस तरह के मामला आये तो उसकी शिकायत माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में कर सकते हैं। निदेशालय की ओर से टेलीफोन नंबर जारी किया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने इसे लेकर आम सूचना जारी किया है। इसमें कहा है कि निदेशालय के अंतर्गत संलग्न क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक के कार्यालय और जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में पदाधिकारी, कर्मी या दलाल तत्वों द्वारा विभिन्न कार्यों के लिए पैसे की मांग की जाती है तो दूरभाष संख्या- 0651-2400973 और 0651-2446363 से सीधा संपर्क कर सकते हैं।इसकी शिकायत की सूचना साक्ष्यों सहित उपलब्ध करायी जा सकती है। इसमें कहा गया है कि शिकायतकर्ता का नाम गुप्त रखा जायेगा।

## पंद्रह दिवसीय निशुल्क आत्या पात्या प्रशिक्षण शिविर का समापन

**रांची:** रांची जिला आत्या पात्या एसोसिएशन एवं तान्याज हेल्पिंग वेल्फेयर फाउन्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में अयोजित 15 दिवसीय नि शुल्क रांची जिला ग्रीष्मकालीन बालक बालिका आत्या पात्या प्रशिक्षण शिविर आज संपन्न हो गया। लीची बगान सेक्टर दो धुर्वा में आयोजित इस 15 दिवसीय निशुल्क रांची जिला आत्या पात्या प्रशिक्षण शिविर में पूरे रांची जिले से लगभग 100 बालक बालिकाओं को आत्या पात्या खेल कौशल को बारीकी से अभ्यास कराया गया। सर्व प्रथम सभी खिलाड़ियों को जेनरल वॉर्म अप के उप।रांत,खेल से संबंधित स्पेसिफिक व्यायाम, इनडूरेनस टेस्ट, रोड रनिंग एव सूर्य नमस्कार के माध्यम से खिलाड़ियों के शरीर को फिटनेस के तहत लचीलापन, फुर्तीला बनाने पर ज्यादा जोर दिया गया। इसके बाद सभी खिलाड़ियों को प्रतिदिन अलग अलग कौशल, बेसिक जानकारी एवं सीनियर,सब जूनियर, महिला आत्या पात्या कोर्ट की विस्तृत जानकारीया दी गई। प्रतिदिन सभी प्रशिक्षण खिलाड़ियों को प्रशिक्षण मुख्य शिक्षक अजय झा, राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार, नव नियुक्त प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षक पूनम एक्का, राजीव उरांव, जयंती एक्का, कुलदीप सोरेंग एव दुर्गेश बेसरा ने पूर्ण रुप से सहयोग किया। समापन के मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी थे। विशिष्ठ अतिथि अवधेश ठाकुर, रांची जिला आत्या पात्या के अध्यक्ष अजय झा, राज कुमार साहू, अंसिका सिंह, अनवरी अंजुम, रोहित कुमार, हैरिस चंद्र आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।

## रांची जिले के पांच उत्कृष्ट स्कूलों में 1078 सीटों पर नामांकन संपन्न

**रांची:** रांची जिले के पांच उत्कृष्ट स्कूलों (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) में नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गयी है। इनमें टीवीएस उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर, अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला स्कूल , राजकीय बालिका उच्च विद्यालय बरियातू, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नामकुम और मॉडल स्कूल कांके शामिल हैं। इन स्कूलों में कक्षा 6 से कक्षा 11 तक के लिए 1,078 सीटों पर नामांकन ले लिया गया है। रांची के डीएसई ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत अब कॉलेज में इंटर की पढ़ाई नहीं होगी। रांची जिले के पांच उत्कृष्ट विध्यालयों में नामांकरन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मई थी। नामांकन के लिए विद्यालय स्तर पर लिखित परीक्षा आयोजित की गई। अब मार्क्स के आधार पर बच्चों का चयन कर नामांकन ले लिया गया है। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने दिल्ली मॉडल पर सरकारी स्कूलों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर विकसित करने की योजना बनायी है। तय किया है कि प्रथम चरण में 80 सरकारी स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्ट विद्यालय) के रूप में विकसित किया जायेगा। प्रखंड स्तर पर 325 लीडर स्कूल और ग्राम पंचायतों में 4,091 आदर्श विद्यालयों की स्थापना की जायेगी। राज्य भर के 15 लाख बच्चों को इंग्लिश मीडियम से शिक्षा देने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार गठन के समय ही राज्य में सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोलने ने की घोषणा की थी।

# उपायुक्त ने समेकित जनजाति विकास अभिकरण कार्यालय का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को समाहरणालय जिला कल्याण विभाग कार्यालय तथा समेकित जनजाति विकास अभिकरण कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक समेकित जन जाति अभिकरण सुधीर बाड़ा और जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण एवं संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण क्रम में सभी कर्मियों से उनके द्वारा संपादित कार्य की एक-एक कर जानकारी ली। उपायुक्त ने कल्याण विभाग कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण करते हुए, स्वीकृत,कार्यरत्त,रिक्त बल के विरुद्ध कार्यरत्त कर्मचारियों से एक-एक करके उनके द्वारा निष्पादित कार्य और उनके कार्यों का बंटवारा किस प्रकार हैं। वे क्या-क्या कार्य कर रहें हैं। सभी कार्य सही समय पर संपादित हो रहें हैं, कंप्यूटर ज्ञान, संचिकाओं का रख-रखाव, संचिकाओं का संधारण, आगत पंजी एवं निर्गत पंजी, रक्षी संचिका, सूचना अधिकार का पंजी, योजना पंजी, अनुक्रमणिका पंजी, कर्म पुस्तिका, आकस्मिक व्यय पंजी, जिला कल्याण रोकड़ पंजी, नकद रोकड़ पंजी, इन सभी की जानकारी संबंधित अधिकारी से लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिया एवं लिपिकों की नियुक्ति कब से हैं, उन्हें समय पर लाभ मिल रहें हैं। नियमित प्रोन्नति, प्रोन्नति क्यों नही मिला, प्रोन्नति के संबंध में स्थापना की बैठक होती हैं क्या इन सभी की जानकारी लेते हुए उपायुक्त राँची ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने गैर जरूरी रिकार्ड का डिस्पोज एवं पुराने संचिका का डिजिटिलाइजेशन करने के लिए प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। निरीक्षण क्रम में कुछ पुराने पंजी जो ऐसे ही पड़े हैं, जो काफी पुराने हो गए हैं।

## हाईकोर्ट में शपथ पत्र दायर कर जमशेदपुर डीसी ने जमीन का कब्जा दिलाने की दी जानकारी

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** पूर्वी सिंहभूम, परगना धालभूम, मानगो स्थित 3 कट्ठा से अधिक गिरवी पर रखी जमीन को एक्सिस बैंक द्वारा उसके नीलामी खरीददार को जमीन का दखल नहीं दिलाने मामले में मकसूद आलम व अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में जमशेदपुर डीसी की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि नीलामी जमीन का कब्जा बैंक को दिला दिया गया है। बैंक ने विधिवत रूप से जमीन का कब्जा 17 जून को नीलामी खरीदार को कर दिया गया है, जिसके बाद डीसी जमशेदपुर के जवाब पर संतुष्टि जताते हुए कोर्ट ने याचिका निष्पादित कर दी। इससे पूर्व डीसी की ओर से कोर्ट से उपस्थिति से छूट का आग्रह करते हुए कोर्ट को बताया गया था कि वह बीमार है और अपने ऑपरेशन के लिए झारखंड से बाहर हैं, जिस पर कोर्ट ने उनकी उपस्थिति से छूट प्रदान की। सुनवाई के दौरान इंचार्ज डीसी मनीष कुमार कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए।बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश के आलोक में एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) जमशेदपुर एवं एसएसपी जमशेदपुर हाई कोर्ट में हुए सशरीर उपस्थित हुए थे। वही जमशेदपुर डीसी ने प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए उपस्थिति से छूट का आग्रह किया गया था। इस पर कोर्ट ने 19 जून को जमशेदपुर डीसी को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। दरअसल, कोर्ट ने बीते गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए जमशेदपुर उपायुक्त एवं एसएसपी जमशेदपुर को शुक्रवार को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था।मोहम्मद शाहिद खुशीर्दी ने एक्सिस बैंक लिमिटेड, जमशेदपुर से 47 लाख रुपए लोन लिया था।

# 700 जवान संभालेंगे सुरक्षा की कमान

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राजधानी में मंगलवार को शुरू होनेवाले जगन्नाथपुर रथ मेले की तैयारी अंतिम चरण में है। मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था संभालने के 700 पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि मेला परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह सीसीटीवी लगाए गए हैं। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। आयोजन के पूर्व तैयारी को देखने और सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के मद्देनजर दिशा- निर्देश देने एसएसपी समेत जिला प्रशासन के अधिकारी मेला स्थल पहुंचे। मेला परिसर का मुआयना किया। मेले में सुरक्षा को देखते हुए कुल 16 बैरिकेडिंग लगाये गए हैं। वहीं 40 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सादे लिबास में महिला व पुरुष सुरक्षा कर्मी भी रहेंगे। ड्रोन से भी निगरानी की जायेगी।

# एकांतवास से आज बाहर आये भगवान, नेत्रदान के बाद भक्त कर सकेंगे दर्शन, मेले की तैयारी पूरी



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** रांची के जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ सोमवार को एकांतवास से बाहर आ गये हैं। शाम चार बजे नेत्रदान अनुष्ठान की शुरूआत हुई। पूजा के बाद शाम पांच बजे के बाद भगवान के दर्शन हो सकेंगे। भगवान रात भर दर्शन मंडप में ही रहेंगे वहीं रात्रि विश्राम भी करेंगे। मंगलवार को प्रातः भगवान की पूजा होगी जिसके बाद पट खोल दिया जायेगा। दिन में पट बंद कर भगवान समेत सभी विग्रहों को रथारूढ़ किया जायेगा। रथ की सजावट और विष्णु लक्षार्चना कर आरती होगी। भक्त रथ को खींचते हुए मौसीबाड़ी ले जायेंगे। भगवान को यहां मंदिर में विराजमान किया जायेगा। मंगल आरती व भोग निवेदन के बाद मंदिर का पट बंद कर दिया जायेगा। चार जून को स्नान यात्रा के दिन से प्रभु एकांतवास में थे। विशेष रथ बनाने में लगभग पंद्रह लाख की राशि खर्च होगी। रथ की उंचाई ध्वजा लेकर लगभग चालीस फीट होगी, जो कि काफी भव्य होगा। वहीं चौडाई 24 फीट और लंबाई 18 फीट होगी। रथ बनाने में सबसे ज्यादा लोहे का चैनल का उपयोग किया जा रहा है, जो लगभग फिटिंग हो चुकी है और रथ का मूर्त रूप में आ चुका है। रथ में हाईड्रोलिक इस्तेमाल होगा ताकि उंचाई कम अथवा बढाया जा सके। रांची का जगन्नाथ मेला उड़ीसा के बाद सबसे बड़ा और विशाल माना जाता है। जगन्नाथपुर मंदिर में 333 वर्ष से रथ यात्रा निकाली जा रही है। मेले की सुरक्षा के लिए 16 बैरिकेडिंग बनाए गए हैं। वहीं 40 से भी अधिक सीसीटीवी कैमरों की मदद से मेले की नगरानी की जायेगी। सुरक्षाबल तैनात होंगे साथ ही सादे लिबास में महिला व पुरुष सुरक्षा कर्मियों की तैनाती रहेगी।

मंदिर परिसर में 10 दिन तक मेला लगा रहता है। इस मेले में दूर- दूर से लोग शामिल होने और भगवना जगन्नाथ के दर्शन करने आते हैं। कई तरह के झूले, मिठाईयां, बर्तन, ग्रामीण उपयोग की चीजें, चाकू छुरी और तलवार बिकते हैं। रथ यात्रा के दौरान जगन्नाथपुर में लगने वाला मेला लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होता है।



